लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 168, पृष्ठ 18+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बरेली, रविवार, 5 मई 2024




इस बार के 'रविवारीय संस्करण' 'लोक दर्पण' में, जूना अखाड़े की अनूठी पहल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

आज का मौसम: 42.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 28 | सूर्यास्त 18 : 43



फरवरी में शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग...15


# NEET आश्रम ™

A Premier Institute For Medical (PMT) Aspirants

## GLORIOUS JOURNEY OF NEET-ASHRAM FROM 2017 To 2023

### TOP RESULTS OF NEET ASHRAM IN NEET -2017 ( MBBS GOVT. MEDICAL COLLEGE )

SARTHAK AGARWAL – VMMC - NEW DELHI; SANGEET BHATIA – BMC - BANGALORE; RISHABH – GSVM KANPUR; FARHAN – BR AMBEDKAR NEW DELHI; ZAFAR – KGMC LUCKNOW

### TOP RESULTS OF NEET ASHRAM IN NEET -2018 ( MBBS GOVT. MEDICAL COLLEGE )

AMIT YADAV – KGMC - LUCKNOW; ASHUTOSH – KGMC - LUCKNOW; SUSHEN TANDON – RUHS - JAIPUR; AYUSH VARSHNEY – NDMC - NEW DELHI; ADHYA AGARWAL – NDMC - NEW DELHI; AMIT GANGWAR – LLRM - MEERUT; MUNISH – GOVT. MED. COLL. BANDA

### TOP RESULTS OF NEET ASHRAM IN NEET -2019 (MBBS GOVT. MEDICAL COLLEGE)

Mohit – VMMC - NEW DELHI; Muskan – KGMC - LUCKNOW; Shivani – SNMC - AGRA; Sarthak – GSVM - KANPUR; Shubham – LLRM - MEERUT; Shardul – GOVT. MED. COLL. - SHAHJAHANPUR; Sarim – GOVT. MED. COLL. - BAHRAICH; Nikita – AIIMS - GORAKHPUR; Ariba – KPC - KOLKATA; Shree – KMC - MANIPAL

### TOP RESULTS OF NEET ASHRAM IN NEET -2020 (MBBS GOVT. MEDICAL COLLEGE)

Nazrul – KGMC - LUCKNOW; Disha – KGMC - LUCKNOW; Shreya (Zero Attempt) – SNMC - AGRA; Surabhi (Zero Attempt) – KDMC - AYODHYA; Divyanshi – KDMC - AYODHYA; Abhinav – KDMC - AYODHYA; Shubham – ACMS - NEW DELHI; Anurag – UPUMS - SAIFAI; Aman – UPUMS - SAIFAI; Shikha – GMC-BUDAUN; Saurabh – GMC - BUDAUN; Manya – GMC - BAHRAICH; Krishna Kant – GMC - SHAHJAHANPUR; Mohit – GMC - AMBEDKAR NAGAR

### TOP RESULTS OF NEET ASHRAM IN NEET -2021 (MBBS GOVT. MEDICAL COLLEGE)

HARSHMEET – ESIC - BANGALORE; ANANYA – GSVM - KANPUR; AYUSHI – MLMC - JHANSI; MOHD. FAIZ – GMC - HALDWANI; SMITA SINGH – GIMS - GREATER NOIDA; ANAS – GMC - BADAUN; SNEHA – GMC - SHAHJAHANPUR; SHUBHANG – ASMC - FIROZABAD; EKANSH – ASMC - PRATAPGARH; RISHIKA – KMC - MANIPAL

### TOP RESULTS OF NEET ASHRAM IN NEET -2022 (MBBS GOVT. MEDICAL COLLEGE)

MADHUR TIWARI – AIIMS - BILASPUR; SAKSHAM – GSVM - KANPUR; AMAN – GSVM - KANPUR; VIKRAM VISHNOI – AMU-AIGARH; Mohd Ashraf – GSVM - KANPUR; KAMRAN – MLN - ALLAHABAD; VIKAS – UPMS - SAIFAI; KUSH AGARWAL – UPMS - SAIFAI; ABHAY – ASMC - SHAHJAHANPUR; VIKAS MANDIYA – SPMC - BIKANER; SUNIL SHARMA – RNTMC - UDAIPUR; KUSH BENIWAL – MLMC - JHANSHI; ABHISHEK – ACMS - NEW DELHI; ALINA – GMC - DEHRADOON

### TOP RESULTS OF NEET ASHRAM IN NEET -2023 (MBBS GOVT. MEDICAL COLLEGE)

JEEVIKA CHAUDHARY – SMS - JAIPUR; MANSI GANGWAR – LLRM - MEERUT; ANSHUMAN – RNTMC - UDAIPUR; MAHESHWARI KUMARI – GMC - BHOPAL; GAURAV KUMAR – LLRM - MEERUT; MANISHA – JLNMC - AJMER; TRIYAKSH PATEL – MLNMC - ALLAHABAD; UDIT RASTOGI – UPMS - SAIFAI; LUCKY – SPMC - BIKANER; ANANYA – BRDMC - GORAKPUR; MANUSHI SHARMA – GMC - SHAHJAHANPUR; PREKSHA MAURYA – GMC - BHARIACH; VIKAS – GMC - KHAMMAM (TELANGANA); JITENDRA PAL – BRDMC - GORAKPUR; PRAGYA AGARWAL – GMC - JAGTAIL(TELANGANA); KAMAL SINGH – GMC - SIVASESHUPURAM (A.P.); PURVI – GMC - SHAHJAHANPUR; MAINA – KMC - MANIPAL; DISHA – SSJGMC - ALMORA

### COURSES OFFERED

1. Two Year Classroom Program for 11th studying students for foundation and Neet Exam (TYM - Batch)
2. One Year Classroom Program for 12th studying students for Board and Neet Exam (OYM-Batch)
3. One Year Classroom Program for 12th passed students for Neet Exam (RM-Batch)

614,Janakpuri, Near Selection Point Tower, Opp. Bank of Baroda, Bareilly (U.P.) - 243122

helloneetashram@gmail.com | www.neetashram.in | neetashram

9917900082
9917900083
9917900084
9917900085

## गेहूं खरीद : केंद्र प्रभारी निलंबित, तीन को नोटिस

**बरेली, अमृत विचार** : जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने गेहूं खरीद में लापरवाही पर पीसीएफ के मीरगंज के मुगलपुर गेहूं खरीद केंद्र के सचिव रामजी सरन को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा तीन केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है। एजेंसियों के अधिकारियों को भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

मीरगंज ब्लॉक के मुगलपुर में पीसीएफ के केंद्र पर गेहूं खरीद का लक्ष्य एक हजार मीट्रिक टन है, जबकि अभी सिर्फ 6 मीट्रिक टन खरीद हुई है। इस पर केंद्र के सचिव रामजी सरन को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा पीसीयू के जिला प्रबंधक मनोज कुमार को कारण बताओ नोटिस देकर सुधार न होने पर चार्जशीट की चेतावनी दी गई। सहकारिता संघ के जिला प्रबंधक ओमेंद्र कुमार और पीसीएफ के जिला प्रबंधक कपिल देव को नोटिस जारी किया गया है। नैफेड के जिला प्रबंधक आनंद जिंदल के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए चार्जशीट जारी की गई है। परधौली, नंदगांव और कुड्ढा गांव के केंद्र प्रभारियों को भी नोटिस जारी किया गया है।

महानगर आई एण्ड बोन सेन्टर
लाए हैं आपके लिए
नि:शुल्क आंखों की जांच एवं परामर्श
दिनांक: 05.05.2024 एवं 06.05.2024
समय:- प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन शुल्क 80/-



डॉ. मनु बंसल
MBBS, MS, FICO (LONDON), MRCS (ENDINBURGH), FRCS", (GLASGOW)
वरिष्ठ नेत्र सर्जन एवं रेटिना कंसल्टेंट
Mob.: 8745972122
● पूर्व नेत्र सर्जन सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली
● आई.क्यू. अस्पताल, नई दिल्ली ● सेन्टर फोर साइट अस्पताल, नई दिल्ली
फेको विधि द्वारा मोतियाबिन्द सर्जरी मात्र रू. 7000/- से शुरू
सेवाएं:- आधुनिक मोतियाबिन्द सर्जरी, ग्लूकोमा, रेटिना एवं अन्य सेवाएं
महानगर आई एण्ड बोन सेन्टर
7, उत्कर्ष पार्ट-1, महानगर टाउनशिप, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## आज से मतदान होने तक रूट डायवर्जन

- ट्रैफिक पुलिस ने परसाखेड़ा के आसपास वाहनों की आवाजाही की प्रतिबंधित

**बरेली, अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों को सोमवार को परसाखेड़ा स्थित एफसीआई गोदाम से रवाना किया जाएगा और मंगलवार को मतदान के बाद ईवीएम जमा की जाएंगी। इसकी वजह से ट्रैफिक पुलिस ने रविवार शाम से मंगलवार को ईवीएम जमा होने तक रूट डायवर्जन लागू किया है।

एसपी ट्रैफिक शिवराज ने बताया कि महानगर से रामपुर दिल्ली को जाने वाले वाहन मिनी बाईपास से झुमका चौराहे से जाने के बजाय विलयधाम, विलवा पुल होते हुए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर की ओर से बरेली शहर में प्रवेश करने वाले सभी प्रकार के वाहन झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास होते हुए विलवा पुल, विलयधाम, बैरियर-2 से जाएंगे। झुमका चौराहे से मिनी बाईपास के बीच निर्वाचन कार्य में लगे वाहनों, अधिकारियों, कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य समस्त प्रकार के वाहनों-व्यक्तियों का डायवर्जन रविवार शाम से मंगलवार देर रात तक प्रभावी रहेगा। इसके अलावा परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में रविवार से मंगलवार तक झुमका चौराहे से, टियूलिया अंडरपास से और मथुरापुर चौराहे से निर्वाचन कार्य में लगे वाहनों के अलावा अन्य सभी प्रकार के वाहनों और व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अतिआवश्यक सेवाओं वाले वाहन, व्यक्तियों का प्रवेश मिनी बाईपास मथुरापुर चौराहे से होगा।

आवश्यकता है
अमृत विचार के बरेली संस्करण को
एकाउंटेंट की
अनुभव :- न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 8476006584
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# दुश्वारियों के लिए तैयार रहें, इस बार बारिश से पहले साफ नहीं होंगे नाले

### आचार संहिता लागू होने से पहले टेंडर करना भूले नगर निगम के अफसर

- शहर में हैं 228 छोटे और 29 बड़े नाले, बारिश के हर मौसम में बनते हैं जलभराव का कारण
- कई इलाकों में बिना बारिश ही जलभराव, चुनाव के बहाने शिकायतें टाल रहे हैं अफसर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : शहर के लोगों को इस बारिश में कुछ ज्यादा दुश्वारियां झेलने के लिए तैयार रहना होगा। वजह यह है कि नगर निगम के अफसरों ने चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले नालों की सफाई के लिए टेंडर करने का ध्यान नहीं रखा, लिहाजा जून के पहले सप्ताह तक यह काम अटका रहेगा। प्री मानसून बारिश 15 जून के आसपास शुरू होगी तो दुश्वारियां शुरू हो जाएंगी।

शहर में नालों की सफाई कितनी गंभीरता से कराई जाती है, इसका हाल अभी से ही दिख रहा है। बिना बारिश के ही नाले चोक होने के कारण जगह- जगह पानी भरा हुआ है। कई मोहल्लों में नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। लगातार शिकायतें आ रही हैं लेकिन चुनाव के बहाने नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी उन्हें टाल रहे हैं।

शहर में 228 छोटे और 29 बड़े नाले हैं, जिनकी सफाई होनी है। हर साल समय रहते सफाई हो जाती थी। इस बार चुनाव के पहले निविदा आमंत्रित की गई, लेकिन आचार संहिता के चलते यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई। इस समय अधिकांश नाले कूड़ा और प्लास्टिक से चोक हैं। बड़े नालों में कूड़ा होने के कारण छोटे नालों के पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है। इसके चलते लोगों के घरों के सामने पानी जमा हो रहा है। समस्या के निदान के लिए लोग निगम के अफसरों और पार्षदों से गुहार लगा रहे हैं। सभी से एक ही जवाब मिल रहा है कि चुनाव बाद सफाई शुरू की जाएगी। ऐसे में जून के दूसरे सप्ताह से मानसून आता जाता है तो लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी।



पुराना शहर के जगतपुर इलाके में गंदगी से चोक नाला। ● अमृत विचार

### दुर्गंध और मच्छरों से स्कूली बच्चे परेशान

जसोली स्मार्ट प्राइमरी स्कूल के पास नाला कूड़े से चोक है। दुर्गंध और मच्छरों के कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे परेशान रहते हैं। दो दिन पहले अपर नगर आयुक्त के निरीक्षण में भी स्कूल के पास गंदगी रहने की बात सामने आई थी। इस पर उन्होंने कर्मचारियों को हिदायत दी थी।

### गंदगी से अटे हुए शहर के कई बड़े नाले

शहर में सेटेलाइट बस स्टेशन से पीलीभीत बाईपास, पुराना बस स्टेशन, कटराचांद खां, शहामतगंज, संजय नगर, बदायूं रोड, चौपुला रोड, हजियापुर, सुभाष नगर, छोटी बिहार, सिकलापुर आदि स्थानों पर नाले गंदगी से अटे हैं। अक्सर इनसे गंदा पानी उफान मारता रहता है।

फ्यूचर ने बनाया प्लेसमेंट का नया रिकार्ड
एक ही दिन में 31 से अधिक राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियों में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं का रिकार्ड चयन




Glimpses of Future Placement Fair-2024




EXCEL IN ACADEMICS ENJOY THE PLACEMENTS
Already more than 90 reputed National and Multinational Companies like WIPRO, Adobe, Infosys, TCS, HP, HCL, Accenture, TVS, Tech-Mahindra, Hyundai, Lohia Group Vodafone, Deloitte, Ericsson, Capital Via, Flipkart, Policy Bazar, Digicall, etc. offered 1000+Jobs to the students of Future Group in 2024 prior to placement fair.
B.Tech. ● MBA ● MCA ● B.Pharm. ● D.Pharm. ● BAMS
ANM ● GNM ● B.Ed. ● D.El.Ed. ● BBA ● BCA ● B.Sc.(Nursing) ● Polytechnic
Dip. in X-Ray Tech/OT Tech./Optometry ● DPT
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9917480040
www.futureinstitutions.org

### हर साल बढ़ रहे एक हजार मलेरिया के मरीज

**बरेली, अमृत विचार** : संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भी हाल नाला सफाई जैसा है। लगातार अभियान के बावजूद हर साल जिले में एक हजार मलेरिया रोगियों की संख्या बढ़ रही है। जिला मलेरिया विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में मलेरिया मरीजों की संख्या 2228 थी। वर्ष 2023 में यह बढ़कर 3490 पहुंच गई। इस वर्ष भी तेजी के साथ नए रोगी सामने आ रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो इस साल मलेरिया रोगियों की संख्या चार हजार पहुंच जाएगी। इस समय जिले में मलेरिया के 48 मरीज हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार 2022 में अगस्त में मलेरिया रोगियों की संख्या सिर्फ 599 थी, लेकिन सितंबर में बढ़कर 1074 हो गई थी। वर्ष 2023 में अगस्त में मरीजों की संख्या 614 थी। सितंबर में बढ़कर 1747 हो गई थी। अफसर इस वर्ष भी सितंबर से ही मलेरिया का तेज प्रकोप होने की बात कहे रहे हैं। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान कड़ी निगरानी की जा रही है।

### निर्माण के लिए सीएमओ ऑफिस में रास्ता बंद



**बरेली, अमृत विचार** : जिला अस्पताल में सड़क निर्माण की वजह से शनिवार को सीएमओ कार्यालय जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया। रास्ते पर निर्माण सामग्री पड़ी होने की वजह से कर्मचारियों और मरीजों को काफी दिक्कत हुई। इसके बाद कोतवाली रोड स्थित दूसरा गेट खोला गया लेकिन मरीजों को इसकी जानकारी नहीं थी। ऐसे में उन्हें परेशान होना पड़ा। अस्पताल में निर्माण कार्य की वजह से कई दिनों से दिक्कत हो रही है।

## सॉफ्टवेयर अपडेट न होने से नहीं जमा हो पा रहा गृहकर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: नगर निगम के कर विभाग का सॉफ्टवेयर अपडेट न होने से लोग गृह और सीवर कर जमा नहीं कर पा रहे हैं। सॉफ्टवेयर 1 अप्रैल को अपडेट हो जाना चाहिए था लेकिन एक महीने बाद नहीं हो सका। पार्षद इसे नगर निगम की लापरवाही बता रहे हैं। नगर निगम शहर में करीब डेढ़ लाख घरों से कर वसूलता है। 31 मार्च 2024 तक 58 करोड़ रुपये कर जमा हुआ है। इसके बाद 1 अप्रैल से नए साफ्टवेयर से कर जमा होना था लेकिन सॉफ्टवेयर ही अपडेट नहीं हो सका। इस वजह से काउंटर खिड़की बंद रहती है। शनिवार को भी कुछ लोग कर जमा करने नगर निगम पहुंचे लेकिन उन्हें कर्मचारियों ने बताया कि सॉफ्टवेयर अपडेट होने में 15 दिन लग जाएंगे और उसके बाद ही कर जमा होगा। पार्षद राजेश अग्रवाल और गौरव सक्सेना ने इस समस्या के लिए अफसरों को जिम्मेदार ठहराया है।



- 1 अप्रैल को साफ्टवेयर होना था अपडेट, अब तक नहीं हुआ

सॉफ्टवेयर अपडेट करने में एक सप्ताह लगेगा। आचार संहिता हटने के बाद छूट भी मिल सकती है। इसके लिए प्लान बनाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक कर जमा कराया जा सके। -**प्रदीप कुमार मिश्र, मुख्य कर अधिकारी।**

## एक साइन न होने से अटक गए 40 करोड़ के विकास कार्य

- सड़क और नालियों के टेंडर होने के बाद भी वर्क ऑर्डर पर नहीं हुए साइन

**बरेली, अमृत विचार**: शहर में एक साइन न होने की वजह से 40 करोड़ रुपये के विकास कार्य अटक गए हैं। सड़क और नाली के टेंडर होने के बाद भी वर्क ऑर्डर पर मुख्य अभियंता के साइन नहीं हुए, इसके बाद आचार संहिता लग गई। ऐसे में अब जून में बारिश से काम प्रभावित हो सकते हैं।

शहर के कई वार्डों में सड़कें टूटी हैं। इसके अलावा नालियां चोक और टूटी होने की वजह से सड़क पर पानी भर जाता है। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में काम कराने के लिए निगम को 40 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिए थे। इसके तहत दो सौ कार्यों के बदले में 107 टेंडर ही हो सके। एक टेंडर में कम से कम तीन फर्मों की शर्तें पूरी न होने के कारण 93 टेंडर नहीं हो सके। जो टेंडर हुए उसके लिए फाइनेंशियल बिड खोलने में भी काफी देरी की गई और सिर्फ 50 कामों की फाइनेंशियल बिड ही खोली गई। इसके बाद वर्क ऑर्डर जारी करने में निगम के अफसर लापरवाह हो गए। इसी दौरान आचार संहिता लग गई। इसकी वजह से सभी काम अटक गए। मुख्य अभियंता पुनीत कुमार ओझा ने बताया कि आचार संहिता लगने की वजह से कार्य प्रभावित हुए हैं। जून में वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जूना अखाड़े की अनूठी पहल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 168, पृष्ठ 18+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 42.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 28 | सूर्यास्त 18 : 43

बरेली, रविवार, 5 मई 2024

वेट्टैयन में दिखेगी अमिताभ-रजनीकांत की जोड़ी...15

# पुंछ में सुरक्षाबलों के काफिले पर आतंकी हमला, जवान बलिदान

## सुरनकोट इलाके में घात लगाकर किए गए हमले में चार जवान घायल, अस्पताल में भर्ती

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने वायुसेना के एक काफिले पर घात लगाकर हमला किया जिसमें एक सैनिक बलिदान हो गया और चार अन्य सैनिक घायल हो गए।

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले मतदान से तीन सप्ताह पहले यह घटना हुई है। अधिकारियों ने कहा कि शाम को पुंछ के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर जा रहे वायुसेना के वाहनों पर चार आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर थी। गंभीर रूप से घायल सैनिकों में से एक ने बाद में इलाज के दौरान एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शाहसितार के पास आतंकवादियों ने वायु सेना के वाहनों के काफिले पर हमला किया। स्थानीय सैन्य इकाइयों द्वारा क्षेत्र में फिलहाल घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है।


आतंकी हमले के बाद क्षेत्र में सघन तलाशी करता सुरक्षा बल।

- सनई टॉप की ओर जा रहे वायुसेना के वाहनों पर चार आतंकवादियों ने की गोलीबारी
- हमले के बाद सेना ने की इलाके की घेराबंदी, आतंकवादियों की तलाश जारी

वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि काफिले को सुरक्षित कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। वायुसेना ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में, वायुसैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की। आतंकी हमला शाम करीब सवा छह बजे हुआ जब जवान जारनवाली से वायुसेना के अड्डे पर लौट रहे थे। अधिकारियों को आतंकवादियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है, जिसने पिछले साल 21 दिसंबर को पास के बुफलियाज में सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था जिसमें चार सैनिक बलिदान हो गए थे और तीन अन्य घायल हो गए थे।

वायुसेना के काफिले में शामिल ट्रकों में से एक के 'विंडस्क्रीन' और बगल में कई गोलियां लगीं। अधिकारियों ने कहा कि माना जाता है कि एके असॉल्ट राइफलों से लैस आतंकवादी पास के जंगलों में भाग गए हैं।

### 30 महीनों में 21 जवानों की शहादत

पुंछ में पिछले ढाई वर्ष में आतंकियों की ओर से हमले की यह छठी घटना है। 2021 से शुरु हुई घटनाओं में अब तक 21 जवान बलिदान हो गए हैं। इन घटनाओं में कई जवान घायल भी हुए हैं।

- 11 अक्टूबर 2021 : चमरेड इलाके में घात लगाकर जवानों पर हमला, जेसीओ समेत पांच बलिदान।
- 20 अक्टूबर 2021 : भाटादूड़िया में सर्च ऑपरेशन के दौरान हमले में छह जवान बलिदान। डेढ़ माह तक जम्मू-पुंछ हाईवे को बंद कर चलाया गया तलाशी अभियान
- 20 अप्रैल 2023 : भाटादूड़िया इलाके में सैन्य वाहन को घेरकर पहले ग्रेनेड से हमला, फिर गोलाबारी, पांच जवान बलिदान
- 21 दिसंबर 2023 : बुफलियाज में घात लगाकर सैन्य वाहनों में किए गए हमले में चार जवान बलिदान, तीन घायल
- 12 जनवरी 2024 : कृष्णाघाटी के दराती में सैन्य वाहनों पर फायरिंग, नुकसान नहीं
- 04 मई 2024 : सुरनकोट के सनाई टॉप के पास सैन्य वाहनों पर हमला, एक जवान बलिदान, चार घायल

## प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन साथ ही न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। इस फैसले से महाराष्ट्र सहित प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में किसानों के एक बड़े वर्ग की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकार ने न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) और साथ ही 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया है।



- न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय

## मोदी शहंशाह हैं, जनता से उन्हें मतलब नहीं : प्रियंका

लखानी (गुजरात), एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'शहजादा' तंज पर शनिवार को पलटवार करते हुए उन्हें (मोदी को) 'शहंशाह' बताया, जो महल में रहते हैं और जनता से कटे हुए हैं। कांग्रेस महासचिव पार्टी की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकोर के प्रचार के लिए गुजरात के बनासकांठा क्षेत्र के लखानी में एक रैली को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने मोदी पर सत्ता के लिए गुजरात के लोगों का इस्तेमाल करने और फिर उन्हें भूल जाने का भी आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि वह मेरे भाई को शहजादा कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादे कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चले, किसानों और मजदूरों से मिले तथा उनसे पूछा कि हम उनकी समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं।



- राहुल गांधी के लिए मोदी के शहजादा तंज पर किया पलटवार

**रोड शो कर लोकसभा चुनाव के लिए जगा गए लोगों में उत्साह**

## कानपुर में 'नमो उत्सव' से माहौल बना गए पीएम मोदी

- सीएम योगी आदित्यनाथ कानपुर और अकबरपुर के प्रत्याशी रथ पर रहे साथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम को कानपुर में भव्य रोड शो करके मतदाताओं के बीच चुनावी माहौल बना गए। भारी भीड़ के बीच गुमटी गुरुद्वारे पर माथा टेककर शुरू हुए रोड शो के दौरान मोदी-मोदी और नमो-नमो की गूंज रही।


बिना बोले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 52 मिनट तक भीड़ को बांधे रखा। क्या बच्चे, क्या बड़े, क्या बुजुर्ग और महिलाएं, सब जोश से लबरेज रहे। आसपास के जिलों से भी भीड़ आई। रोड शो के रथ पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कानपुर नगर प्रत्याशी रमेश अवस्थी, अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले और पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी भी रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष विमान चकेरी एयरपोर्ट पर शाम 5.45 बजे पहुंचा। यहां विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व भाजपा विधायकों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनकी फ्लीट 5.47 पर एयरपोर्ट से निकली। मोदी शाम करीब 6.18 मिनट पर गुमटी गुरुद्वारा पहुंचे जहां मुख्यमंत्री योगी और गुमटी गुरुद्वारा कमेटी ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा में माथा टेका।


कानपुर नगर के गुमटी में आयोजित रोड शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● अमृत विचार

### अयोध्या में दो किमी लंबा रोड शो आज

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या आएंगे। शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से सीधे श्रीराम मंदिर पहुंचेंगे। वहां रामलला का दर्शन-पूजन कर रामपथ पर उतरेंगे। इसके बाद सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किमी तक रोड शो कर फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए जनता का समर्थन मांगेंगे।




## छात्रों को फिर पढ़ाएंगे रिटायर्ड शिक्षक

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए अब माध्यमिक शिक्षा विभाग सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा लेगा। इन शिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी।

विभाग की ओर से ऐसे शिक्षकों को एक निर्धारित मानदेय भी दिया जाएगा। इस संबंध में विभाग की ओर से उच्च स्तरीय बैठक भी की जा चुकी है।

जिसमें राजकीय कॉलेजों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों की सेवा लिए जाने का निर्णय हुआ है। औपचारिक घोषणा आचार संहिता समाप्त होते ही की जाएगी। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जब तक आयोग की ओर से नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती है तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा जारी रहेगी। बता दें कि 2024 के परीक्षा परिणाम राजकीय कॉलेजों से एक भी टॉपर न आने का मुद्दा अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था।

### मुख्यमंत्री योगी भी बता चुके हैं विकल्प

बीते वर्ष अक्टूबर माह में आयोग की ओर से चयनित प्रधानाचार्यों को नियुक्त पत्र देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी माध्यमिक शिक्षा विभाग को सुझाव देते हुए कहा था कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए, तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएं और उन्हें एक निश्चित मानदेय दिया जाए।

- राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने का फार्मूला
- शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पढ़ाने पर भी जोर



"राजकीय कॉलेजों में सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी। पूरी प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी। इसके साथ ही कॉलेजों में एक घंटा अतिरिक्त भी पढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं ताकि शैक्षिक सत्र 2024-25 की परीक्षा में परिणाम बेहतर आए। - **डॉ. महेन्द्र देव**, निदेशक माध्यमिक शिक्षा।

## दुष्कर्म-हत्या में चार दोषियों को मौत की सजा

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पंचकूला में सीबीआई की अदालत ने 2016 के नूंह सामूहिक दुष्कर्म और दोहरे हत्याकांड में चार दोषियों को शनिवार को मौत की सजा सुनाई है। 10 अप्रैल को हेमंत चौहान, अयान चौहान, विनय और जय भगवान को दोहरे हत्याकांड, सामूहिक दुष्कर्म और डकैती की घटना में का दोषी ठहराया था। यह घटना हरियाणा के नूंह में 24-25 अगस्त 2016 की दरमियानी रात की है। अदालत ने दोषियों पर कुल 8.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आरोपियों ने एक नाबालिग समेत दो महिलाओं से उनके घर पर सामूहिक दूष्कर्म किया था और उसके बाद गहने और नकदी लूटी थी। दो लोगों की मौत हो गई थी।




## लवली, चौहान समेत दिल्ली कांग्रेस के कई नेता भाजपा में

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व विधायक नसीब सिंह, नीरज बसोया ने भी ली सदस्यता

दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नीरज बसोया तथा नसीब सिंह सहित कुछ अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में कांग्रेस के सभी पूर्व नेताओं ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ विपक्षी पार्टी के गठबंधन की आलोचना की। लवली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उन्होंने उन्हें और उनके सहयोगियों को ऐसे समय पार्टी में शामिल होने का अवसर दिया जब वे खोया हुआ महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी मौजूदा लोकसभा चुनाव में बड़े बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखेंगे। लवली ने हाल ही में आम आदमी पार्टी के साथ पार्टी के गठबंधन का विरोध करते हुए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।



## अब पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव लड़ने से इनकार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और पार्टी से वित्तीय मदद न मिलने का आरोप लगाते हुए पार्टी को टिकट लौटा दिया। कांग्रेस के पूर्व सांसद ब्रजमोहन मोहंती की बेटी सुचरिता ने शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल को एक ईमेल भेजा, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनका प्रचार अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने वित्तीय मदद देने से इनकार कर दिया है। आरोप लगाया कि कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजॉय कुमार ने उनसे अपने दम पर चुनाव लड़ने को कहा है।




### यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस ने शुरू की जांच

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी. आनंद बोस के खिलाफ महिला कर्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप की जांच के लिए गठित कोलकाता पुलिस की जांच टीम अगले कुछ दिनों में गवाहों से बात करेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को कहा कि जांचकर्ता पहले ही राजभवन से सीसीटीवी फुटेज साझा करने का अनुरोध कर चुके हैं।

## अपहरण मामले में हिरासत में लिए गए रेवन्ना

बेंगलुरु, एजेंसी

अपहरण के एक मामले में यहां की एक अदालत ने कर्नाटक जद (एस) के विधायक एचडी. रेवन्ना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद शनिवार को विशेष जांच दल के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

पूर्व मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में गुरुवार रात मैसुरु में मामला दर्ज किया गया था। मामला महिला के बेटे की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने यह भी आरोप लगाया था कि रेवन्ना के बेटे और हासन लोकसभा सीट से भाजपा-जद(एस) उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। मामले में बबन्ना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। रेवन्ना को यहां देवेगौड़ा के आवास से हिरासत में लिया गया।

**सेक्स वीडियो मामला**




- महिला के अपहरण के आरोप में मैसुरु में मामला दर्ज किया गया था

### राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जद-एस के नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में कर्नाटक से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया।

### प्रज्ज्वल के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

कर्नाटक में सेक्स वीडियो कांड विवाद को लेकर विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जदएस विधायक एचडी रेवन्ना के पुत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने यह जानकारी दी। सेक्स वीडियो मामले में फंसे प्रज्ज्वल कर्नाटक में हासन से सांसद हैं।

### 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी कर सकती है सीबीआई

प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े 'सेक्स स्कैंडल' की जांच कर रहे एसआईटी के अधिकारियों ने शनिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को सूचित किया कि सीबीआई द्वारा हासन के सांसद प्रज्ज्वल के खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने की संभावना है। एसआईटी ने 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने को सीबीआई से अनुरोध किया है।

## दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने पर युवती को साढ़े चार साल की कैद

विधि संवाददाता, बरेली

- कोर्ट ने 5 लाख 88 हजार 822 रुपये जुर्माना लगाया
- मामले में युवक 1653 दिन कारागार में बंद रहा था

**अमृत विचार :** युवक को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने और कोर्ट में झूठी गवाही देने पर बारादरी क्षेत्र के दुर्गानगर निवासी निशा को साढ़े चार साल की कैद की सजा अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने सुनाई है। कोर्ट ने पांच लाख 88 हजार 822 रुपये जुर्माने भी लगाया।

सरकारी वकील सुनील पांडेय ने बताया कि राम बेटी ने 2 सितंबर 2018 को थाना बारादरी में अजय उर्फ राघव के खिलाफ बेटी को भगा ले जाने और दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें निशा ने कथानक का समर्थन किया था, लेकिन कोर्ट में गवाही के दौरान वह मुकर गई। इस पर स्पेशल कोर्ट ने 8 फरवरी को निशा के विरुद्ध झूठी गवाही देने का परिवाद दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। दुष्कर्म के झूठे आरोप में अजय उर्फ राघव 30 सितंबर 2019 से 8 अप्रैल 2024 तक चार साल छह महीने आठ दिन यानी 1653 दिन जेल में बंद रहा। शासन की ओर से 318 रुपये 42 पैसे न्यूनतम पारिश्रमिक अकुशल श्रमिक को दिया जाता है। इस प्रकार 1653 दिनों का कुल पारिश्रमिक 5 लाख 88 हजार 822 रुपये बनता है। इसलिए इतने रुपये जुर्माने के रूप में निशा को अजय को देने होंगे। कोर्ट ने टिप्पणी किया कि पहले पीड़िता ने आरोपों का समर्थन किया और बाद में कोर्ट में उसे निर्दोष बताया। यह संपूर्ण समाज के लिए अत्यंत गंभीर स्थिति है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए लागू कानून का घोर दुरुपयोग करते हुए एक श्रमिक स्तर के व्यक्ति को लंबी अवधि के लिए कारागार में बंद किया गया।

**हेराफेरी** | व्यापारी खरीदते गेहूं, धान, मक्का समेत अन्य शुल्क के उत्पाद, दर्शाते शुल्क मुक्त

## चोकर और राजमा के नाम करोड़ों रुपये का मंडी शुल्क चोरी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मंडी के लाइसेंसधारी व्यापारियों द्वारा जमा किया जा रहा मंडी शुल्क, विकास सेस व जीएसटी में बड़ा अंतर है। इस तरह से करीब 300 करोड़ रुपये मंडी शुल्क और विकास सेस चोरी होने की आशंका है।

मंडी परिषद ने व्यापारियों के मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने के लिए राज्य कर विभाग को पत्र लिखा है। कई मामले मंडी अधिकारियों ने पकड़े हैं, जिनमें व्यापारियों ने गेहूं, मक्का, धान आदि शुल्क आधारित कृषि उत्पाद खरीदे, जबकि कागजी प्रक्रिया में चोकर, राजमा समेत कई तरह के शुल्क मुक्त उत्पाद दिखाए। इस हेराफेरी में ऐसे भी कुछ कृषि उत्पाद शामिल बताए गए, जो मंडी और विकास शुल्क से मुक्त हैं पर जीएसटी लागू है। इसका भी व्यापारी फायदा उठाकर खरीद में ऐसे उत्पाद दिखाकर मंडी और विकास शुल्क बचाकर सिर्फ जीएसटी भर रहे हैं। इसी तरह जीएसटी भी बचा रहे हैं।



### फल, सब्जी, गल्ला समेत 81 उत्पाद पर शुल्क

फल, सब्जी व गल्ला समेत 81 कृषि उत्पाद पर कुल डेढ़ प्रतिशत मंडी व विकास शुल्क लागू है। इनमें आलू, प्याज, टमाटर, नीबू, लहसुन, अदरक को छोड़कर बाकी सब्जी व फल शुल्क मुक्त हैं। जीएसटी से भी सभी सब्जी व फल मुक्त हैं। इसी तरह धान, चावल, ज्वार, बाजारा, मक्का, गेहूं, उड़द, जौ, जई, मूंग, चना, मटर, अरहर, मसूर, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, अलसी, लाही-सरसों आदि पर मंडी व विकास शुल्क देय है। इनमें शामिल दलन और तिलहन में जीएसटी लागू है।

- चोकर, राजमा, फल, सब्जी आदि कृषि उत्पाद में नहीं लगता मंडी शुल्क और जीएसटी

"व्यापारियों द्वारा भरे जा रहे मंडी शुल्क और जीएसटी में अंतर से बड़े पैमाने पर शुल्क बचाने की आशंका है। राज्य कर विभाग को आंकड़ों का मिलान करने के लिए लिखा है। चुनाव बाद जांच करेंगे और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
- **चंदन कुमार पटेल**, उपनिदेशक प्रशासन/विपणन, मुख्यालय मंडी परिषद

### मंडी परिषद कई बार मांग चुका आंकड़ा

मंडी परिषद हर वर्ष करोड़ों रुपये मंडी और विकास शुल्क चोरी होने की संभावना जताकर राज्य कर विभाग से व्यापारियों के जीएसटी संबंधित आंकड़े मांग रहा है। निदेशक की तरफ से कई बार पत्राचार किया गया। लेकिन, आंकड़ें गोपनीय बताकर नहीं दिए गए। इस बार मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने की सहमति बनी है और चुनाव जांच कर कार्वाई की तैयारी है।

# शुरू हुई उल्टी घड़ियां... बस 60 घंटे बाकी

## लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत, बूथों पर प्रबंधन की तैयारियां भी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली और आंवला संसदीय सीट पर 7 मई को मतदान के लिए उल्टी घड़ी शुरू हो गई है। रविवार शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। इससे पहले प्रत्याशियों ने अपने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। राजनीतिक दलों ने बूथों के प्रबंधन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशासन की तैयारियां भी अंतिम चरण में पहुंचने लगी हैं। बरेली जिले में 3492 पोलिंग बूथों पर मतदान होना है।

दोनों सीटों पर तीसरे चरण में मतदान होने जा रहा है। बरेली-आंवला दोनों सीटों पर सपा और भाजपा के बीच मुख्य मुकाबला है। आंवला में बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश कर रही है। हालांकि बरेली में 13 और आंवला में नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान का समय नजदीक आने से प्रमुख राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच चुका है। मतदान के लिए अब सिर्फ 72 घंटे शेष रह जाने की वजह से प्रत्याशियों की ओर से अब अपने पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए अंतिम रणनीति पर भी काम शुरू कर दिया गया है।

प्रशासन ने भी चुनाव प्रचार का समय खत्म होते ही सक्रिय होने की तैयारी शुरू कर दी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि रविवार शाम छह बजे के बाद कोई भी प्रत्याशी प्रचार नहीं कर सकेगा। मतदान खत्म होने से 48 घंटे पहले ही प्रचार पर रोक लग जाएगी। चुनाव आयोग की गाइड लाइन का कड़ाई से पालन कराने के लिए क्षेत्र में टीमें सक्रिय हैं। अगर किसी भी उम्मीदवार ने समय खत्म होने के बाद भी चुनाव प्रचार किया तो नियमों के तहत उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


कलेक्ट्रेट में पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए लाइन में लगे कर्मचारी। ● अमृत विचार

### दो दिन में 1297 मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले 654 मतदान कर्मियों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित सुविधा केंद्र पर लाइन में लगकर पोस्टल बैलेट से मतदान किया। मतदान कर्मी रविवार दोपहर तक मतदान कर सकेंगे। शुक्रवार को 647 कर्मियों ने वोट डाले थे। दो दिन में 1297 कर्मियों ने मतदान किया। नोडल अधिकारी डाक मत पत्र अविनाश चंद्र ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण के दौरान भी मतदान कर्मियों ने मतदान किया था, लेकिन जो लोग मतदान नहीं कर पाए थे, उनके लिए कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान करने की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि शनिवार को बरेली लोकसभा क्षेत्र से 313 और आंवला लोकसभा क्षेत्र से 341 मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है। बाकी मतदान कर्मी रविवार की दोपहर तक ही वोट डाल सकेंगे। इसके बाद पोलिंग पार्टियों की रवानगी की तैयारी होगी।

## प्रत्याशी भी तैयार... पोलिंग बूथों पर भेजे जाने लगे बस्ते

कार्यालय संवाददाता, बरेली

### बरेली और आंवला में 3492 बूथों पर 38.10 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे मतदान

● एक बूथ पर औसतन 1091 मतदाता डालेंगे वोट

**अमृत विचार :** प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में ताकत झोंकने के साथ मतदान की तैयारियों का भी जायजा लेना शुरू कर दिया है। बूथों पर चुनाव प्रबंधन के लिए अलग टीमों के साथ पोलिंग एजेंट भी बनाए जा रहे हैं। मतदान केंद्रों के पास प्रत्याशियों के बिस्तर लगाने की तैयारियों के साथ एजेंटों के लिए बस्ते भेजने की शुरुआत कर दी गई है।

बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र के 3492 बूथों पर 38.10 लाख से ज्यादा मतदाताओं को मतदान करना है। एक बूथ पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक औसतन 1091 मतदाता वोट डालेंगे। प्रत्याशियों ने बूथों पर बस्तों का वितरण करना शुरू कर दिया है। हर बस्ते में वोटर लिस्ट, बैनर, पर्चियां, एजेंट के फार्म, कागज-पेन और स्केल आदि सामान रखा गया है। समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षों ने बताया कि उन्हें बस्ते मिल गए हैं। सपा नेताओं के मुताबिक आंवला लोकसभा क्षेत्र में बस्तों का वितरण पहले शुरू किया गया है क्योंकि इसमें बदायूं के भी दो विधानसभा क्षेत्र शेखूपुर और दातागंज शामिल हैं जिनकी बरेली से दूरी काफी ज्यादा है। आंवला के 342, फरीदपुर के 362 और बिथरी चैनपुर के 426 बूथों पर एजेंट फार्म सहित बस्ते पहुंच गए हैं।बरेली में मीरगंज में 384, नवाबगंज में 361, भोजीपुरा में 417, शहर में 431 और कैंट विधानसभा क्षेत्र में 366 मतदान केंद्रों के लिए बूथ अध्यक्षों को बस्ते दे दिए गए हैं। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने बताया कि शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों को सभी जरूरी सामान के साथ बस्ते दे दिए गए हैं। जिन मतदाताओं को बीएलओ से पर्चियां नहीं मिली हैं, वे बूथ अध्यक्षों के पास जाकर पर्चियां ले सकेगा।



साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के फैशन डिजाइनिंग विभाग में छात्राओं ने सेल्फी प्वांइट बनाकर मतदान के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अनुपमा मेहरोत्रा, डॉ. अलका जायसवाल, डॉ. लक्ष्मी, डॉ. ज्योति, हिना, डॉ. रुचि, डॉ. अर्चना, डॉ. अभिलाषा मौजूद रहीं।

## चुनाव से पहले मौसम की गुगली, अब 7 को नहीं 8 मई को बारिश

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव से पहले मौसम किसी नेता के वादे की तरह पलट गया है। मौसम विभाग ने पहले 5 से 7 मई तक बारिश का पूर्वानुमान जताया था लेकिन अब विक्षोभ में परिवर्तन के बाद 8 से 10 मई के बीच बारिश होने की बात कही है।

कुछ दिनों से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी तीन दिन बादल छाए रहने के साथ अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। इसके बाद 8 से 10 मई तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। 15 मई के बाद अधिकतम तापमान में फिर बढ़ोतरी होगी। उधर, शनिवार को दिन में तेज धूप खिलने से रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जबकि शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## चुनाव में विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से वाहनों का आवंटन

**बरेली, अमृत विचार:** सहायक नोडल अधिकारी ने शनिवार को चुनाव में लगे वाहनों की विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से ड्यूटी और पार्किंग स्थल निर्धारित कर दिए हैं। भोजीपुरा और नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव डयूटी में आने वाले वाहन बड़ा बाईपास से झुमका चौराहे से होकर लगभग एक किलोमीटर पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बांयी ओर मुड़कर उत्तर प्रदेश भंडारण निगम के पिछले भाग और दिल्ली पब्लिक स्कूल के पीछे खड़े होंगे। फरीदपुर, बिथरी चैनुपर और आंवला विधानसभा क्षेत्र से आने वाले वाहन बरेली शहर से चौपुला पुल होकर किला पुल से रामपुर रोड पर बांयी ओर परसाखेड़ा रोड पर स्थित रोड नंबर 4 पर खड़े होंगे। बरेली शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्र से आने वाले वाहन शहर से चौपुला पुल से किला पुल होकर रामपुर रोड पर दाहिनी ओर परसाखेड़ा स्थित बीएल एग्रो फैक्ट्री के मैदान पर आएंगे। मीरगंज विधानसभा क्षेत्र से आने वाले वाहन बरेली रामपुर बड़ा बाईपास मार्ग से चलकर झुमका चौराहा से बाएं परसाखेड़ा की मुडकर मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल के मैदान पर खड़े होंगे।

## जरा ठहरो... डिप्टी सीएम गुजर रहे हैं


डिप्टी सीएम के काफिले से कोहाड़ापीर पर लगे जाम में फंस गई एंबुलेस।

**बरेली, अमृत विचार :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद शनिवार को चुनाव प्रचार के लिए कार से बरेली होते हुए बदायूं गए तो शहर की कई सड़कों पर ट्रैफिक रोक दिया गया। इस वजह से डेलापीर से लालफाटक तक जाम लगा रहा। डेलापीर पर एंबुलेंस भी फंस गई। लोगों के कहने के बावजूद पुलिस ने एंबुलेंस को आगे नहीं बढ़ने दिया। डेलापीर पर करीब आधा घंटे के लिए आवागमन रोका गया। शहामतगंज पुल पर भी ट्रैफिक रोका गया। गांधी उद्यान के पास बैरीकेडिंग लगा दी गई, वहां भी बियावानी कोठी तक वाहन फंसे रहे। दोपहिया वाहन वालों ने निकलने की कोशिश की तो पुलिस ने उनके साथ बदसलूकी भी की।


डिप्टी सीएम की गाड़ी के लिए शहामतगंज पुल पर भी रोका गया ट्रैफिक।

## चालान मत करो साहब... पैसे ले लो


गांधी उद्यान के पास एक स्कूटी सवार ने निकलने की कोशिश की तो दरोगा ने उसे रोककर चालान करने लगा। इस पर स्कूटी सवार ने जेब से पैसे निकालकर दरोगा की ओर बढ़ा दिए।

## बरेली कॉलेज के शिक्षकों और छात्रों से मतदान की अपील

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कॉलेज के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को 7 मई को मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वह अपने आसपास और परिवार के सदस्यों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक मतदान हो सके।

## खुद मतदान करें, दूसरों को भी प्रेरित करें



मतदाता जागरुकता सम्मेलन में बोलते आरएसएस के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भरत।

**बरेली, अमृत विचार :** गंगा समग्र नाथ नगरी ब्रज प्रांत की ओर से शनिवार को स्टेडियम रोड स्थित एक निजी अस्पताल में मतदाता जागरूकता सम्मेलन हुआ, जिसमें शपथ के माध्यम से लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

आरएसएस के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भरत ने कहा कि जो सरकार देश में विकास की गंगा बहा रही है। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा जैसे कार्य कर रही है। हम सभी को इसपर गर्व करना चाहिए। हम सभी इसके साक्षी बने हैं। सात मई को सभी मतदान करें और दूसरों को प्रेरित करें। कार्यक्रम संयोजक अखिलेश सिंह ने कहा कि मतदान के दिन सुबह उठकर सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करें। गंगा समग्र के प्रांतीय कोष प्रमुख डॉ विमल भारद्वाज ने सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। गंगा समग्र के भाग प्रमुख अमित शर्मा ने भी विचार रखे। भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बरेली मंडल अध्यक्ष तृप्ति सिंह ने स्नेहलता गंगवार का स्वागत किया। गंगा गंगा समग्र के सह प्रांत संयोजक रविशरण, सोमेन्द्र गंगवार, मंजु सक्सेना, डॉ. विनोद पागरानी, ब्रिजेंद्र पटेल, रोहित राकेश, डॉ मधु गुप्ता, सन्नो वर्मा , नवीन कुमार , आदित्य शर्मा ,रामकुमार सक्सेना, डॉ. दीपंकर गुप्त, कुलदीप गौड़, डॉ. रामनारायण सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडेट करेंगे बूथों पर सहयोग


बरेली कॉलेज में हुए प्रशिक्षण में मौजूद एनसीसी कैडेट। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में 7 मई को मतदान के दौरान केंद्रों पर एनसीसी कैडेट्स वॉलंटियर के रूप में तैनात रहेंगे और मतदाताओं का सहयोग करेंगे। इसके लिए बरेली कॉलेज के 21वीं यूपी बटालियन एनसीसी परिसर में कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एनसीसी अधिकारियों के अनुसार निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 60 कैडेट्स की सूची तैयार की गई है।

अधिकारियों के अनुसार मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता या किसी अन्य प्रकार प्रकार से असमर्थ मतदाताओं को मतदान में सहयोग की जरूरत होती। ऐसे मतदाताओं की सहायता करने के लिए जिला प्रशासन ने मतदाता साथी के रूप में एनसीसी कैडेट्स का सहयोग लेने का निर्णय लिया गया है। इन मतदाता साथियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी परिचय पत्र भी दिया जाएगा। इस संबंध में बटालियन के एनसीसी प्रभारी डॉ. अंचल अहेरी ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स मतदान के दिन सामाजिक दायित्व निभाएंगे।






















# बरेली मंडल में इस बार कांग्रेस का नामोनिशान तक नहीं, फिर भी भाजपा का मुख्य आक्रमण उसी पर

## चुनाव प्रचार की शुरुआत से ही भाजपा के स्टार प्रचारकों ने सपा से भी ज्यादा कांग्रेस को रखा अपने निशाने पर

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** ऐसा पहली बार है कि मंडल की पांचों संसदीय सीटों में से कांग्रेस इस चुनाव में किसी सीट पर चुनाव नहीं लड़ रही है। गठबंधन के तहत पांचों सीटों पर सपा ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं लेकिन फिर भी भाजपा के निशाने पर सपा से भी ज्यादा कांग्रेस रही है। राष्ट्रीय मुद्दों का इस कदर असर है कि भाजपा के प्रत्याशी से लेकर बड़े से बड़े स्टार प्रचारक तक कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं।

भाजपा ने केंद्र की सत्ता में आने से कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया था। बरेली मंडल में चुनाव दर चुनाव यह नारा असर भी दिखाता रहा। हर चुनाव में कांग्रेस का वोट बैंक घटता गया। पिछले विधानसभा चुनाव में तो बरेली संसदीय क्षेत्र की सीटों पर उसका वोट प्रतिशत 1.2 और आंवला संसदीय क्षेत्र की सीटों पर एक प्रतिशत से भी कम सिर्फ 0.8 प्रतिशत रह गया था। इससे पहले लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस को बरेली में सात और आंवला में छह प्रतिशत वोट ही मिला था। बदायूं संसदीय क्षेत्र की सीटों पर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 0.7 और लोकसभा चुनाव 2019 में सिर्फ 4.8 था। कांग्रेस की ऐसी ही स्थिति शाहजहांपुर और पीलीभीत संसदीय क्षेत्र में भी थी। कांग्रेस के इतनी दयनीय हालत में पहुंच जाने के बावजूद इस लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुख्य आक्रमण उसी पर हो रहा है। सपा भी भाजपा के निशाने पर रही है, लेकिन उतना नहीं जितना कि कांग्रेस।

### सपा ने मांगा बरेली में मांगा राहुल-प्रियंका का कार्यक्रम, नहीं मिला

पांचों सीटों पर सपा खुद चुनाव लड़ रही है लेकिन सपा के नेताओं के बीच भी कांग्रेस का क्रेज नजर आ रहा है। पिछले दिनों सपा नेताओं की ओर से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, राज्यसभा सदस्य जया बच्चन के साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का भी बरेली में चुनाव प्रचार करने के लिए कार्यक्रम मांगा था लेकिन कांग्रेस हाईकमान ने इस पर विचार नहीं किया। दरअसल माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने जिस तरह अलग-अलग मुद्दों पर माहौल तैयार किया है, उसका काफी फायदा इंडिया गठबंधन के तहत सपा को मिल रहा है। इसी कारण सपा नेताओं को उम्मीद थी कि राहुल-प्रियंका के आने से उनका चुनाव और बेहतर हो जाएगा।

### कब और कैसे भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर किए हमले



कांग्रेस तुष्टीकरण के दलदल में इस कदर डूब गई है कि कभी बाहर नहीं निकल सकती। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र लगता है। - **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 9 अप्रैल को पीलीभीत की जनसभा में**

कांग्रेस चाहती तो आजादी के फौरन बाद राम मंदिर के निर्माण का मार्ग साफ कर सकती थी। उसका एजेंडा घोषणा पत्र से साफ है, वह प्रदेश को दंगे की आग में झोंकना चाहती है। - **मुख्यमंत्री, आंवला में 25 अप्रैल को**

जम्मू-कश्मीर में अब कोई भी जमीन खरीद सकता है। कांग्रेस ने लोगों को इससे वंचित कर रखा था। कांग्रेस, सपा या बसपा वाले क्या कभी राम मंदिर बना पाते। - **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, 13 अप्रैल को बहेड़ी में**

कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है। कांग्रेस का इरादा ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण छीनकर उसका हिस्सा अपने पसंद के वोट बैंक को देने का है। कांग्रेस आई तो महिलाओं का मंगलसूत्र, किसानों की जमीन, घर तक का बंटवारा कर दूसरे को बांट देगी। - **पीएम मोदी, 25 अप्रैल को आंवला की जनसभा में**

कांग्रेस का एजेंडा सामाजिक टकराव का रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने तो देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का बता दिया था। - **प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह 27 अप्रैल को मीडिया सेंटर के उद्घाटन के दौरान**

इंडी गठबंधन से जुड़े लोग भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले हैं। तुष्टीकरण के लिए चेहरे देखकर योजनाओं का लाभ देते हैं। - **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, 2 अप्रैल को बरेली में हुए प्रबुद्ध सम्मेलन में**

चुनाव की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से हुई है लेकिन चार जून के बाद अंत कांग्रेस ढूंढो यात्रा के साथ होगा। बरेली का दंगा हुआ तो कांग्रेस शहरवालों के साथ नहीं खड़ी नहीं हुई। - **गृहमंत्री अमित शाह, बरेली में दो अप्रैल को जनसभा में**

कांग्रेस की सरकार में 12 लाख करोड़ का घोटाला हुआ। अरुणाचल प्रदेश में भी कांग्रेस की हालत पतली हो चुकी है। इनके पास न कोई नेता है न नीति और नियत। - **डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, 15 अप्रैल को**

डायनासोर की तरह कांग्रेस और सपा भी विलुप्त हो जाएगी। बच्चे 10 साल बाद पूछेंगे कि कांग्रेस क्या थी। राष्ट्रवाद, आरक्षण और राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दे पर भी कांग्रेस को निशाने पर लिया। - **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, दो मई बदायूं के दातागंज में**

कांग्रेस सरकार के दौरान कश्मीर में भारत माता की जय बोलना भी अपराध था। अब तो विदेश में घूमने वाले युवाओं की भी सुरक्षा की पूरी गारंटी है। - **मंत्री स्वतंत्र देव, 15 अप्रैल को नामांकन सभा में**

कांग्रेस देश के खिलाफ गोपनीय एजेंडे के तहत काम कर रही है। सपा-बसपा और कांग्रेस राम के अस्तित्व पर सवाल खड़े करती थीं लेकिन अब सुर बदल गए हैं। - **मुख्यमंत्री 3 मई को फरीदपुर में**

# सपा परिवारवादी पार्टी भाजपा इसके खिलाफ



सामाजिक सम्मेलन में राज्यमंत्री बीएल वर्मा के साथ भाजपा नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **सामाजिक सम्मेलन में बोले केंद्रीय सहकारिता एवं पूर्वोत्तर राज्यमंत्री बीएल वर्मा**

**अमृत विचार :** केंद्रीय सहकारिता एवं पूर्वोत्तर राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने सपा को परिवारवादी पार्टी बताते हुए कहा कि भाजपा परिवारवाद के खिलाफ है। बोले, सपा की सरकार में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। अब योगी सरकार में रात में भी बेटियां खुलेआम कहीं आ जा सकती है। सरकार ने राम मंदिर बनवाकर सैकड़ों साल से लटके मामले को हल किया है। सपा, बसपा या कांग्रेस यह कभी नहीं कर पातीं।

कंपनी बाग के सामने शनिवार को एक अस्पताल के ऑडिटोरियम में सामाजिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे बीएल वर्मा ने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। योजनाओं का लाभ देने में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं हुआ है। सरकार की राशन, शौचालय, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, हर घर जल जैसी योजनाएं गिनाते हुए बोले कि सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। दस साल के अंदर देश में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ एक बार फिर मजबूत करने की अपील की। राहुल गांधी पर यह कहकर तंज कसा कि उन्हें अमेठी में हार का खौफ सता रहा था, तभी रायबरेली चले गए। कांग्रेस की स्थिति ऐसी है कि कोई टिकट लेने वाला नहीं है। उन्होंने खुद मतदान करने के साथ आसपास के मतदाताओं को भी जागरूक करने की अपील की। सम्मेलन में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, मेयर उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, प्रमेंद्र माहेश्वरी, कन्हैया लाल राजपूत, ज्ञानप्रकाश लोधी, ओमप्रकाश लोधी, रूपकिशोर लोधी, लक्ष्मी राजपूत, हरिशंकर राजपूत, महेश राजपूत, निखिल राजपूत, कैलाश बाबू, निरंजन वर्मा, सतीश बाबू आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने चुनाव तैयारियों का लिया जायजा

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शनिवार को चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट में बने कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान कहा कि जो भी शिकायतें आएं, उनको रजिस्टर में दर्ज कर निस्तारण करें। उन्होंने पोस्टल बैलेट और ईडीसी मतदान सुविधा केंद्र का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने परसाखेड़ा में पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच एवं रिसीविंग सेंटर की तैयारियां भी देखीं। उन्होंने कहा कि आरओ कक्ष में कैमरा उचित स्थान पर लगाया जाए ताकि सब कुछ स्पष्ट दिखाई दे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गेटों पर विधानसभा क्षेत्र वार साइन बोर्ड लगाए जाएं। इस मौके पर एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह मौजूद रहे।

# ऐरन ने सीबीगंज में किया रोड शो सुप्रिया ने बैठक कर मांगे वोट



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली लोकसभा क्षेत्र से सपा और इंडी गठबंधन प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने शनिवार को जनसंपर्क किया। उन्होंने भाजपा सरकार को झूठी और जुमले वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा पिछले 10 साल में भाजपा सरकार रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की समस्याओं से लेकर पूरी तरह से फेल रही है। बरेली में फैक्ट्रियां बंद तो हुईं लेकिन नई नहीं खुलीं। अब जनता भाजपा के झूठे इरादों को जान चुकी है। इस बार परिवर्तन की हवा चलेगी और जनता साइकिल के सामने का बटन दबाकर विकास की राह पर चलने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि 2009 उन्होंने सांसद रहने के दौरान बरेली के विकास के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, औद्योगिक गलियारे और अन्य विकास परियोजनाएं शुरू कीं। बरेली के विकास में एयरपोर्ट का प्रस्ताव पारित करवाया था।

उन्होंने शनिवार को झुमका तिराहे से रोड शो निकाला जो परसाखेड़ा, गौंटिया, नंदौसी, खड़ऊआ, मथुरापुर, जौहरपुर, शिवनगर कॉलोनी, सीबीगंज, खलीलपुर, लेबर कॉलोनी, अटरिया, विधौलिया, महेशपुर, रजा कॉलोनी, आनंद विहार होते हुए किला छावनी पर समाप्त हुआ। इस दौरान शमीम खां सुल्तानी, गौरव सक्सेना, दिनेश यादव, प्रमोद यादव, दिनेश दददा, केके दीक्षित, खालिद खां, अलीम खां सुल्तानी, इकबाल बिल्डर, गुलबशर अंसारी, राकेश पाल कश्यप, अमित मौर्य, पीतांबर सिंह यादव, मानसिंह यादव, अलीखान, महेन्द्र सिंह, कमलेश ठाकुर, महेन्द्र सिंह, कुमकुम शर्मा आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन ने अशोक नगर, बंशीनगला, मढीनाथ क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। उन्होंने बरेली सिविल लाइन्स आवास विकास में राजेश अग्रवाल के आवास पर सभा की इसमें कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, चारू मेहरोत्रा, शिवनाथ चैबे, सुरेन्द्र मिश्रा, रवि टंडन, इंदिरा टंडन आदि रहें।

# हर कार्यालय के बाबुओं का एक ही बहाना, अब चुनाव बाद आना

**बरेली, अमृत विचार :** इन दिनों सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है, अधिकांश कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारियों की कुर्सियां खाली रह रही हैं। अगर कोई लिपिक और अन्य कर्मचारी मिल भी गया तो वह यह कह कर लोगों को वापस भेज दे रहा है कि अब चुनाव बाद आना, क्योंकि साहब भी चुनाव में व्यस्त हैं और हम लोगों की भी ड्यूटी लग गई है।

● **अधिकांश सरकारी कार्यालयों में अफसरों और कर्मचारियों की कुर्सियां खाली**

शनिवार दोपहर करीब 12 बजे बाकरगंज निवासी अनीस नगर निगम पहुंचे थे। उन्होंने शिकायत काउंटर पर बताया कि कई दिनों से लाइट खराब है। इस पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि लाइट चुनाव बाद ठीक होगी। करीब 1 बजे विकास भवन के अधिकांश दफ्तरों में सन्नाटा पसरा था। समाज कल्याण आफिस में दो- तीन कर्मचारी नाश्ता कर रहे थे, इसी बीच एक व्यक्ति पेंशन की जानकारी लेने के लिए पहुंचा तो कर्मचारियों ने बताया कि आज साहब नहीं हैं, चुनाव के बाद उनसे मिलना। तहसील में निवास और आय प्रमाण पत्र के लिए पहुंचे शहामतगंज निवासी विनय और सौ फुटा रोड निवासी महेश लेखपाल को तलाश कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक कर्मचारी से लेखपाल का मोबाइल नंबर लेकर बात की। उधर से जवाब मिला कि बूथ पर व्यवस्था करने की जिम्मेदारी मिली है। इस समय फुर्सत नहीं है। 9 मई के बाद आना तो काम होगा। उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन विभाग में भी यही हालात रहे।

# डीएम को पत्र, इस चुनाव में नहीं करेंगे मतदान

## रेलवे ट्रैक पर ओवरब्रिज या अंडरपास न बनाने से नाराज हैं ढकिया गांव के लोग

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बिशारतगंज के गांव ढकोरा के सौ से ज्यादा लोगों ने शनिवार को बैठक कर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का निर्णय लिया और इस बारे में जनसेवा केंद्र से डीएम को ऑनलाइन ज्ञापन भी भेजा। गांव के लोग बरसों से मांग करने के बावजूद रेलवे लाइन पर ओवरब्रिज या अंडरपास न बनाने से नाराज हैं।



गांव ढकोरा में बैठक में चुनाव बहिष्कार की चर्चा करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

ज्ञापन में गांव के लोगों ने कहा है कि ढकौरा कृषि प्रधान गांव है जो रेलवे लाइन के किनारे बसा हुआ है। गांव के लोगों की अधिकांश कृषि भूमि रेलवे लाइन के पार है। रेलवे ट्रैक पर रोज दर्जनों ट्रेनें गुजरती हैं। इस कारण ट्रैक पार करते समय हादसा होने की आशंका बनी रहती है। कुछ साल पहले एक हादसे में एक साथ चार महिलाओं की मौत हो चुकी है। इस वजह से यहां पुल या अंडरपास की बेहद जरूरत है। वे लोग इलाके के जनप्रतिनिधियों से कई साल से इसकी मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्होंने कोरे आश्वासन देने के अलावा कुछ नहीं किया। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि जनप्रतिनिधियों के उनकी समस्या हल करने में कोई दिलचस्पी न लेने के कारण वे इस बार लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन पर गांव के हरीश, वीरेश, मुनेश, चंद्रपाल, किरपाल, ललित, छेदालाल, होशियार, भरत सिंह, राकेश, ताराचंद्र, कृष्ण पाल समेत तमाम लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं। बता दें कि गांव में 15 सौ से ज्यादा वोट हैं। तीन साल पहले भी गांव के लोगों ने यही मांग करते हुए रेलवे ट्रैक के किनारे बैठकर धरना दिया था। इस पर रेल अधिकारियों और आरपीएफ कमांडेंट ने मौके पर आकर जल्द पुल या अंडरपास बनवानेका आश्वासन दिया था लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की।

# सपा छोड़ भाजपा में हुए शामिल

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सिविल लाइंस में पार्टी कार्यालय पर मेयर उमेश गौतम और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने सपा नेताओं इश्तियाक अली वारसी, नीरज मिश्रा, सलीम अंसारी और अन्य को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इश्तियाक वारसी सपा में 30 साल से सक्रिय रहकर कई पदों पर रहे। नीरज मिश्रा शहर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष और सलीम अंसारी युवजन सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष रहे हैं। तीनों नेताओं ने सपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं होने की बात कही।

# मोदी सरकार ने सिख समाज का देश में बढ़ाया मान : मनजिंदर



केंद्रीय मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का स्वागत करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** पटेल चौक स्थित एक बैंक्वेट हाल में पंजाबी समाज और जनसेवा ई-रिक्शा ऑटो चालकों के कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 10 वर्षों में सिख समाज, गरीब तबकों के लिए मोदी सरकार ने कई काम किए हैं। प्रधानमंत्री ने सिख समाज का मान बढ़ाया। कार्यक्रम के संयोजक मंजीत सिंह बिट्टू ने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत सबसे ज्यादा हो, इसके लिए वह मतदान वाले दिन सभी ई-रिक्शे मतदाताओं के लिए निशुल्क चलवाएंगे, जो मतदाताओं को घर से बूथ तक लाएंगे और ले जाएंगे। मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, डॉ. विनोद पागरानी, पवन अरोड़ा, परमजीत सिंह, ओबराय, मनजीत सिंह, नागपाल, हरप्रीत सिंह, सतवंत सिंह, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने मंहगाई पहुंचाई चरम पर नहीं चाहिए ऐसी सरकार : नीरज



**बरेली/आंवला, अमृत विचार :** आंवला से लोकसभा क्षेत्र सपा व गठबंधन प्रत्याशी नीरज मौर्य ने शनिवार को ताबड़तोड़ सभाएं कीं और भाजपा सरकार की कमियां गिनाईं। उन्होंने भाजपा सरकार को महंगाई बढ़ाने वाला बताकर जनता से इसे उखाड़ने के लिए साइकिल के सामने वाला बटन दबाने की बात कही।

नुक्कड़ सभाओं में उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम इतने बढ़ा दिए कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थी ही सिलेंडर नहीं भरवा पा रहे हैं। महिलाएं गैस सिलेंडर देखकर भाजपा सरकार को कोस रही हैं। भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है। खेतों में किसानों की फसल जानवर खा रहे हैं। जनता की कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने कांधरपुर, अतरछेड़ी, सकरपुर म्याऊं, डहरपुर पापड़, मनकापुर आदि गांव में दौरा कर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने सात मई को साइकिल चुनाव निशान का बटन दबाकर वोट देने की अपील की। नीरज मौर्य ने कहा कि भाजपा सांसद ने आंवला क्षेत्र में क्षत्रियों ब्राह्मण पिछड़े और अनुसूचित जाति और जनजातियों का अपमान किया है। इसलिए जनता इस बार उनको माफ करने के मूड में नहीं है। उनके साथ जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप, शिव प्रताप सिंह, द्रोण कश्यप, सत्यपाल कश्यप, विशाल कश्यप, फौजी राजाराम कश्यप, अवनीश यादव कैप्टन, अर्जुन सिंह, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सतीश कुमार, रामावतार शाक्य, कालीचरण यादव, कल्लूराम सक्सेना, संजय विश्वकर्मा, घनेंद्र पाल मौजूद थे।

### शहजिल इस्लाम ने किया ऐरन का चुनाव प्रचार

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** बरेली में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने शनिवार को भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में विधायक शहजिल इस्लाम के साथ वोट मांगे। उन्होंने युवाओं और बेरोजगारों से अपील की कि कहा कि रोजगार चाहिए तो इंडिया गठबंधन को मजबूत करते हुए केंद्र में हमारी सरकार बनवाइए। जनसंपर्क अभियान में उनके साथ पुरुषोत्तम गंगवार, रितेश यादव, चंद्रशेखर यादव उर्फ चंदू, इरशाद मंसूरी, आबिद अली, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद अमजद उर्फ अन्ना शहर भारी संख्या में युवा नौजवान पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धर्मेंद्र कश्यप की पत्नी ने नुक्कड़ सभा में कहा- मोदी ही सक्षम

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप की पत्नी ने दातागंज-बिथरी चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में डोर-टू-डोर संपर्क और नुक्कड़ सभाएं कीं।

नुक्कड़ सभाओं में उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना, आयुष्मान भारत, सौभाग्य जैसी योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिल रहा है।

सरोज कश्यप ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में सशक्त, समृद्ध और साहसी भारत की तस्वीर आज हमारे सामने है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज का वितरण भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। देश के हर नागरिक के सपनों व आकांक्षाओं को पंख देकर उनमें नया आत्मविश्वास जगाया है। मोदी ने अपने सक्षम नेतृत्व और दृढ़ इच्छा शक्ति से न सिर्फ देश को सुरक्षित किया बल्कि कई ऐसे निर्णय लिए जिससे हर देशवासी का सिर गर्व से ऊंचा उठा। प्रदेश के गरीब जो दशकों बाद भी विकास से वंचित थे, उसका भाजपा सरकार ने विकास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के सीएम योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में जो काम हो रहे हैं, उससे प्रदेश में राह-राह विकास है और डगर-डगर गरीब खुशहाल है।



# अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


## बच्चा छीनकर पत्नी को घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** मध्यप्रदेश विद्युत विकास प्राधिकरण में तैनात सहायक अभियंता ने दहेज में कार न मिलने पर बच्चा छीनकर पत्नी को घर से निकाल दिया। महिला ने देवर पर भी छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। आईजी के आदेश पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि वर्ष 2014 में रोहली टोला निवासी युवक के साथ विवाह हुआ था। उनका पति मध्यप्रदेश विद्युत विकास प्राधिकरण में सहायक अभियंता के पद पर है। शादी में परिजनों ने 15 लाख रुपये खर्च किए थे। बच्चा न होने पर भी पति, सास व देवर प्रताड़ित करते थे। वर्ष 2018 में आईवीएफ के माध्यम से बच्चा हुआ। 2 अप्रैल को पति उन्हें बरेली लेकर आए और यहां से बच्चा छीनकर चले गए।

# प्रेमिका के घर आया, हत्या करके चला गया

## सिर, चेहरे और हाथ पर धारदार हथियार से किए वार, स्कूटी-मोबाइल और चेन गायब

संवाददाता, बरेली/बिथरीचैनपुर

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र की रामगंगानगर कॉलोनी के सेक्टर सात में महिला की सिर, चेहरे और हाथ पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। महिला प्रेमी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। महिला की सहेली शनिवार को जब उसके आवास पर पहुंची तो उसने शव पड़ा देखा। महिला की स्कूटी, जेवर और मोबाइल गायब हैं। महिला की मां की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


पिंकी का फाइल फोटो


इसी मकान में किराये पर रहती थीं पिंकी।

बारादरी थाना क्षेत्र निवासी सावित्री ने बताया कि उनकी बेटी पिंकी (28) रामगंगानगर कॉलोनी सेक्टर सात में पिछले छह महीने से मेहतर पुर निवासी डेयरी संचालक जोगेंद्र के साथ किराये के आवास में रह रही थी। शनिवार दोपहर पिंकी की कैंट निवासी सहेली बबली उसके आवास पर पहुंची तो दरवाजा भिड़ा हुआ था। अंदर जाने पर देखा तो पिंकी का अर्धनग्न शव लहूलुहान अवस्था में फर्श पर पड़ा था। बबली ने घटना की जानकारी उन्हें और बिथरी पुलिस को दी।बबली ने बताया कि आरोपी पिंकी की स्कूटी, सोने की चेन और दो मोबाइल भी ले गया है। इंस्पेक्टर बिथरी चैनपुर संजय तोमर ने बताया कि महिला प्रेमी जोगेंद्र सिंह के साथ लव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। परिजनों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### बबली को देखने के लिए गई थी

बबली ने बताया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। शुक्रवार रात में करीब 10 बजे पिंकी जोगेंद्र के साथ उनके घर आई थी और उन्हें खाना खिलाकर रात करीब साढ़े 11 बजे चली गई थी। उनके घर पर भी जोगेंद्र और पिंकी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जोगेंद्र के साथ संजना भी थी। बबली ने बताया कि पिंकी के आवास पर सामान बिखरा हुआ था। पिंकी के हाथ, सिर और चेहरा समेत शरीर पर कई घाव थे। जिससे लग रहा है कि उसने बचने का काफी प्रयास किया होगा।

### पति से अलग रह रही थी पिंकी

परिजनों ने बताया कि करीब 10 साल पहले पिंकी का विवाह काशी धर्मपुर थाना हाफिजगंज निवासी मदनलाल से हुआ था। मदनलाल बाद में हरूनगला में रहने लगा था। आठ साल पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था। उसके बाद दोनों एक दूसरे से अलग रहने लगे थे। पिंकी की छह साल की बेटी भी है। जोगेंद्र आए दिन पिंकी के साथ शराब पीकर मारपीट करता था।

> मृतका की मां की तहरीर पर जोगेंद्र के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी फरार है। हत्या की वजह पता की जा रही है। -नितिन कुमार, सीओ हाईवे


आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142
पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
●पित्त की पथरी ●पित्त की नली की पथरी ●अपेन्डिक्स ● हार्निया
●पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ●बच्चेदानी व रसौली ●आबेरियन सिस्ट
●एक्टापिक प्रगनेन्सी ●गदूद ऑपरेशन (TURP) ●पेट की जाँच।
●महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
●गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ●मात्र एक टीका और ऑपरेशन
नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो? आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551

नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र
B.Sc. NURSING
प्रवेश हेतु 25.04.2024 से आवेदन
Website : http://www.abvmuup.edu.in
प्रवेश परीक्षा (CNET) दिनांक 14.06.2024
निःशुल्क कोचिंग
08.05.2024 से, शीघ्र रजिस्ट्रेशन
Mob.: 9410405769, 7599203105
महेन्द्र गायत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली
★ C.H.C. मीरगंज एवं खिरका, फतेहगंज पश्चिमी
★ इन्स्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एवं अस्पताल, आगरा
● G.N.M. ● A.N.M. ● D.P.T.
● D.OPT. ● DIPLOMA O.T.
● D. PHARMA ● BAMS

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136


## भाजपा नेता की फॉर्च्यूनर कार चोरी करने वाला गिरफ्तार



**बरेली,अमृत विचार :** बारादरी थाना पुलिस ने भाजपा नेता की फॉर्च्यूनर कार चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया है। चोर की पहचान बुलंदशहर के थाना अहमदगढ़ के चेला गांव का नेक मोहम्मद के रूप में हुई है। वह बरेली में चोरी की कार का किसी से 20 लाख रुपये में सौदा करने आया था। उसी के गिरोह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की भी कार चोरी की थी। बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि 1 मार्च को जगतपुर से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष गुरुप्रीत सिंह की फॉर्च्यूनर कार चोरी हो गई थी। शुक्रवार रात को गश्त के दौरान पुलिस ने चोर को कार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि गिरोह के लोग शादियों के सीजन में अलग-अलग शहरों में जाकर महंगी गाड़ियां चोरी करते हैं। जिसके बाद उसे अच्छे दामों में बेंच देते हैं। आरोपी ने बताया कि उसी के गिरोह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की फॉर्च्यूनर कार दिल्ली से चोरी की थी।

## किशोरी से छेड़खानी में चार दोषियों को 4 वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी करने के मामले में स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट रामानन्द ने थाना क्योलड़िया महमूदापुर निवासी महेन्द्र पाल, दुर्जन लाल, नेतराम व छविनाथ को दोषी पाते हुए 4 वर्ष कारावास और प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने से 30 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा दिए जाएंगे। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना क्योलड़िया में तहरीर देकर बताया कि 24 जनवरी 2019 की शाम 7 बजे पुत्री शौच करने के लिए छत पर बने शौचालय में गई। तभी महेन्द्रपाल छत पर किशोरी से छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर उसने किशोरी के साथ मारपीट की। महेन्द्र के चाचा दुर्जन लाल, छविनाथ, तहेरे भाई नेतराम ने किशोरी की मां और भाई को पीटा।

## हत्या के मामले में चार आरोपी दोषमुक्त

**विधि संवाददाता, बरेली , अमृत विचार :** हत्या के मामले में स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट राकेश त्रिपाठी ने थाना हाफिजगंज मुल्लापुर निवासी रहमत खां, सूखे खां, साबिर खां, रहमान खां को बरी कर दिया। बचाव पक्ष के वकील अमजद सलीम ने झूठा फंसा देने का तर्क दिया था। मुल्लापुर के मुख्यतार खां ने 20 मार्च 2008 को थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर बताया कि 6 माह पहले भाई भूरे खां की भैंस चोरी हो गई थी। उन्होंने गांव के असगर और जाफर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिससे असगर और जाफर के परिवारी रहमत खां रंजिश मानने लगे। शाम को जब वह और भाई इस्लाम खां, रिजवाना तथा गांव का इदरीश खां, उसके भाई कामिल खां के घर में बातचीत कर रहे थे, तभी रहमत खां, सूखे खां, साबिर खां और रहमान खां घर में घुस आए। विरोध करने पर रहमत खां ने बंदूक से उसके भाई इस्लाम खां को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

## फावड़े से पत्नी की हत्या करने वाला फरार

**बरेली, अमृत विचार :** नवाबगंज क्षेत्र में फावड़े से पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी मकसद अली अभी पुलिस गिरफ्त से दूर है। पुलिस ने शुक्रवार रात उसके घर दबिश दी लेकिन ताला लटका मिला। बहेड़ी क्षेत्र के रिछा निवासी जफर अली ने बेटी फराह (22) की शादी दो साल पहले नवाबगंज के जयनगर के रहने वाले मकसद अली के साथ की थी। शादी के बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। फराह का बुधवार को किसी बात को लेकर पति से विवाद हुआ। जिसके बाद पति ने फावड़े से उसकी हत्या कर दी थी। इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस टीमें आरोपी की तलाश में दबिश दे रही हैं।

## स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा अधिकारी बनकर की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा अधिकारी बनकर जालसाज ने खाते की जानकारी लेकर एक लाख नौ हजार 341 रुपये निकाल लिए। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रेमनगर के जनकपुरी निवासी कृष्ण कुमार अग्रवाल ने बताया कि 14 मार्च को उनके मोबाइल पर अंजान व्यक्ति की कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि वह भारतीय स्टेट बैंक से ग्राहक सेवा अधिकारी बोल रहा है। इसके बाद आरोपी ने क्रेडिट कार्ड का ब्योरा ले लिया। कुछ देर बाद दो बार में खाते से एक लाख नौ हजार 341 रुपये कट गए।

## पति के दोस्त ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**बरेली, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी में रहने वाली महिला ने पति के दोस्त पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि उसके पति ट्रक चालक थे। दो साल पहले सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। पति के दोस्त का उनके घर पर आना जाना था। उसने उनसे शादी का प्रस्ताव रखा। इसके बाद उसने शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया।

## महिला को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** गांव पदारथपुर की महिला ने चार लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। नजमा ने बताया कि 1 मई को गांव के तस्लीम, आरिफ, इरफान और मन्नू घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। विरोध करने पर बेटी और बेटे को भी पीटा।

## छत पर मोबाइल टॉवर लगवाने का किया विरोध

**बरेली, अमृत विचार :** किला के कंघी टोला में एक व्यक्ति घर की छत पर मोबाइल टॉवर लगवा रहा है। मोहल्ले के राहत अली, शगीर, इमरान, मजहर शाह खां, प्रतीक गुप्ता, शकील अली आदि ने विरोध करते हुए थाना किला में शिकायती पत्र दिया है। लोगों का कहना है कि टॉवर लगने से रेडिएशन का असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ेगा।

# दुर्घटना में मौत के बाद कई घंटे बड़ा बाईपास पर पड़ा रहा शव

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- बड़ा बाईपास पर दावत खाकर घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा

**अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र के परधौली गांव में बड़ा बाईपास पर दावत खाकर घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया और उसकी मौत हो गई। युवक का शव कई घंटे तक सड़क पर पड़ा रहा। इस दौरान वहां से कई वाहन गुजरे। देर रात किसी राहगीर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


रविंद्र का फाइल फोटो।

फतेहगंज पश्चिमी गांव टियूलिया निवासी रविंद्र कुमार गंगवार (35) शुक्रवार देर रात रिश्तेदारी में दावत खाकर पैदल घर वापस आ रहे थे। रास्ते में परधौली गांव के पास बड़ा बाईपास पर किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। रात होने के कारण शव सड़क पर ही पड़ा रहा और इस दौरान कई वाहन वहां से गुजरते रहे। राहगीर की सूचना पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त रविंद्र कुमार के रूप में की। रविंद्र के परिवार में पत्नी, दो बच्चे आदित्य और खुशबू हैं।

## महिला को लूटने की रिपोर्ट दर्ज नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** बड़ा बाजार से ई-रिक्शा से घर जा रही महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर जेवर लूट लिए गए। महिला ने थाने में शिकायत की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। शनिवार को महिला ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

सुभाषनगर के राजीव कॉलोनी निवासी नेमवती ने बताया कि वह 2 अप्रैल को दोपहर में कुतुबखाना बड़ा बाजार खरीदारी के लिए गईं थीं। वापस आते वक्त ई-रिक्शा पर बैठीं। ई-रिक्शा में चालक समेत तीन लोग थे। कुछ दूर चलने के बाद तीनों में से किसी ने नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गईं। बेहोश होने के बाद आरोप पुराना रोडवेज बस अड्डा पर छोड़ गए। होश में आने पर देखा तो उनके गले में पड़ी सोने की चेन और सोने की अंगूठी गायब थी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार Matrimonials
परिचय सम्मेलन
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 12 व 13 मई 2024 को सम्पन्न होगा। विवाह हेतु शीघ्र पंजीयन करायें। मो0 9412466473, 9897181728, 9412048525, 9927833351, 8923414444, 9927047430, 9927324855

अमृत विचार क्लासीफाइड

सीधी भर्ती
पशु स्वास्थ्य सुधार मिशन उ.प्र.
में कुल 6222 रिक्त पदों पर
ग्रुप A 375, ग्रुप B 980, ग्रुप C 4867
वेतनमान 21500 से 13500
योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी
https://pashuswasthyasm.com
पर आनलाइन आवेदन करें।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम संगीता शर्मा से बदलकर संगीता (Sangeeta) पत्नी गौरव भारद्वाज कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। संगीता (Sangeeta) पत्नी गौरव भारद्वाज निवासी 07, आनन्द बिहार कालोनी, नैनीताल रोड, सुर्खा छावनी, बरेली।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मोईनुद्दीन खां उर्फ मोनू को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। वकील अहमद खां पुत्र जमील अहमद खां निवासी मोहल्ला हजियापुर थाना बारादरी जिला बरेली (उ. प्र.) मो. 9012839774

आवश्यकता है
स्कूल में
आया, महिला सफाईकर्मी व रिसेप्शनिस्ट की
बी.एल. इंटरनेशनल स्कूल
सी.बी. गंज, बरेली
मो. 9927800055

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

Job crafters
Urgently hiring for
• Telecallers
• HR recruiters
• Marketing executive
12th pass and Graduate Freshers can also apply.
Call us at :
8979059091,9548077451

सूचना
सर्वविदित हो कि मैंने अपने पुत्र इकलाम खाँ को उसके गलत चाल-चलन के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन की मेरी जिम्मेवारी नहीं होगी। चुनमुन पुत्र साबिर नि.ग्रा. पंखाखेड़ा इस्लाम नगर तहसील जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर।

सूचना
मेरा वास्तविक नाम नीलेश है, मेरे घर का नाम दीपा है। जबकि सभी प्रपत्रों में नीलेश है। नीलेश -दीपा दोनों एक ही हैं। भविष्य में मुझे नीलेश नाम से ही जाना और बुलाया जाए। नीलेश पत्नी सुरजीत सिंह निवासी-भण्डसर जनपद बरेली। (उत्तर प्रदेश) मो. 9761301882

आवश्यकता है
अस्थाई रूप से
चेतना सेवा संस्थान टी आई बरेली
में
परियोजना प्रबन्धक 1 पद
मानदेय 21000+1400
योग्यता-MA समाजशास्त्र/MSW
कम से कम एक वर्ष का अनुभव
परामर्शदाता 1 पद
मानदेय 16000+1200
योग्यता MA समाजशास्त्र/MSW
कम से कम एक वर्ष का अनुभव
ओ आर डब्लू 3 पद
मानदंय 10500+1500
कम्युनिटी को वरीयता योग्यता इण्टर
आवेदन भेजने की अन्तिम तिथि
10.4.2024
आवेदन भेजने का पता
12 नवादा शेखान पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
Email : bareilly.chetna@gmail.com
संपर्क : 7018236674

समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर वैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार- मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार- आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार

सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# इन्कारः नहीं करा सकते 120 कॉलेजों की प्रयोगात्मक परीक्षा

## बरेली कॉलेज ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• बाह्य परीक्षकों के चयन में भी आ रही है दिक्कत

**अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने छात्रों की कम संख्या होने पर कॉलेजों की प्रयोगात्मक परीक्षा कराने के लिए जिलों में एक या दो केंद्र बना दिए लेकिन अब जिन कॉलेजों में केंद्र बनाए गए हैं, उन्होंने परीक्षा कराने में असमर्थता जताई है। बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने भी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार से केंद्र बदलने का अनुरोध किया है। बरेली कॉलेज में जिले के 120 कॉलेजों का केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति के संबंध में आ रही समस्या के संबंध में भी पत्र लिखा है।

स्नातक और परास्नातक के कॉलेजों में अलग-अलग विषयों में छात्रों की संख्या कम होने की वजह से प्रयोगात्मक परीक्षा में दिक्कत आ रही थी। महाविद्यालयों के अनुरोध पर परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने सभी नौ जिलों में केंद्र बनाए। इनमें अधिकांश जिलों में एक-एक कॉलेज में केंद्र बनाया गया है। बरेली में बरेली कॉलेज, पीलीभीत में उपाधि महाविद्यालय, बदायूं में नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास महाविद्यालय, रामपुर में राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शाहजहांपुर में स्वामी सुखदेवानंद महाविद्यालय, मुरादाबाद में गांधी स्मारक महाविद्यालय, हिंदू कॉलेज, बिजनौर में गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय, रंजीत सिंह मेमोरियल कॉलेज धामपुर, साहू जैन कॉलेज व वर्धमान कॉलेज, अमरोहा में जगदीश सरन हिंदू कॉलेज, संभल में महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज व श्याम सुंदर मेमोरियल कॉलेज में केंद्र बनाए गए हैं। सभी कॉलेजों की प्रयोगात्मक परीक्षा कराने में कॉलेज असमर्थता जता रहे हैं। बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि कॉलेज में लगातार परीक्षा चल रही हैं। दूसरे कॉलेजों के केंद्र भी बनाए गए हैं। 85 शिक्षक चुनाव ड्यूटी में लगे हैं। ऐसे में 120 कॉलेजों की प्रयोगात्मक परीक्षा कराने में शिक्षक असमर्थता जता रहे हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से किसी दूसरे कॉलेज में केंद्र बनाने का अनुरोध किया है। बरेली कॉलेज की परीक्षा नियंत्रक बीनम सक्सेना ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा में बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति में दिक्कत आ रही है। विश्वविद्यालय के पोर्टल पर बैच कम दिखा रहे हैं और छात्रों की संख्या अधिक है, ऐसे में बैच नहीं बन पा रहे हैं। इस संबंध में प्राचार्य की ओर से विश्वविद्यालय को पत्र लिखा गया है।

### शिक्षक संघ ने भी जताया विरोध

बरेली कॉलेज के शिक्षक संघ के महासचिव प्रो. वीपी सिंह ने बताया कि बरेली कॉलेज में लगातार परीक्षा से कक्षाएं नहीं चल पा रही हैं। अब 120 कॉलेजों की प्रयोगात्मक परीक्षा का केंद्र बना दिया गया है। 6 या 8 मई को शिक्षकों के साथ बैठक की जाएगी और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। शनिवार को कई कॉलेजों के शिक्षक विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार से मिले और एक ही कॉलेज में केंद्र बनाने और बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति में आ रही दिक्कत बताई। इस दौरान रूटा के महासचिव प्रो. स्वदेश सिंह भी मौजूद रहे।


## बरेली कॉलेज में प्रवेश के लिए दलाल अभी से सक्रिय

**बरेली, अमृत विचारः** बरेली कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही दलाल सक्रिय हो गए हैं। इन दलालों की छात्र अभी से शिकायत करने लगे हैं। इन दलालों पर रोक लगाने के लिए छात्र कॉलेज में पूछताछ और शिकायत केंद्र बनाने की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें प्रवेश संबंधी जानकारी लेने में कोई दिक्कत न हो।

बरेली कॉलेज में सत्र 2024-25 में प्रो. वंदना शर्मा को मुख्य प्रवेश नियंत्रक बनाया गया है। एक सप्ताह में प्रवेश पंजीकरण के लिए पोर्टल भी खोल दिया जाएगा। कॉलेज में प्रवेश के लिए छात्र जानकारी कर रहे हैं। ऐसे में दलाल भी सक्रिय हो गए हैं। छात्रों के एक व्हाट्सएप ग्रुप पर एक छात्र ने लिखा कि उससे पिछले साल प्रवेश के बहाने आठ हजार रुपये ले लिए गए थे लेकिन उसका प्रवेश भी नहीं हुआ।

ऐसे कई छात्रों के साथ हुआ। इस संबंध में मुख्य प्रवेश नियंत्रक वंदना शर्मा ने बताया कि एक व्हाट्सएग्रुप पर स्क्रीनशॉट चल रहा है जिसमें पुराने छात्र ने प्रवेश के नाम पर पैसे लेने की बात कही है। इस पर प्रवेश के दौरान काफी सख्ती बरती जाएगी। जल्द ही प्रवेश समिति की बैठक की जाएगी, जिसमें कॉलेज में प्रवेश संबंधी पूछताछ और शिकायत केंद्र खोलने पर चर्चा की जाएगी।

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में हुई बदतमीज गिल की शूटिंग



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में शूटिंग के दौरान परेश रावल और अपार शक्ति।

• परेश रावल और अपार शक्ति खुराना अभिनीत फिल्म के कई दृश्य किए गए शूट
• फिल्म निर्देशक नवजोत गुलाटी और कलाकारों ने प्रबंधन का आभार जताया

**बरेली, अमृत विचार :** रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज परिसर में नवजोत गुलाटी निर्देशित फिल्म बदतमीज गिल के कई दृश्यों को शूट किया गया है। मुख्य भूमिका में शामिल अभिनेता परेश रावल, अपार शक्ति खुराना और शीबा खान कई दिन पहले यहां पहुंचे थे।

निर्देशक नवजोत गुलाटी के अनुसार यह फिल्म मॉर्डन एरा ड्रामा होगी, जिसमें बरेली और लंदन से जुड़ी कहानी देखने को मिलने वाली है। फिल्म का निर्माण निकी भगनानी, विक्की भगनानी, विनय अग्रवाल, अंकुर तकरानी और अक्षद घोने की ओर से किया जा रहा है। अपारशक्ति खुराना वाणी कपूर के भाई, अभिनेता परेश रावल पिता और शीबा खान मां की भूमिका में हैं। शूटिंग मेडिकल कॉलेज के आईपीडी परिसर में हुई। इस दौरान चारों कलाकारों ने कई दृश्य एक साथ तो कुछ अलग-अलग शूट किए गए। फिल्म की शेष शूटिंग लंदन में होगी। शूटिंग के लिए अनुमति दिए जाने पर निर्देशक और कलाकारों ने बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल और प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## सार-संक्षेप

### 12 सौ छात्र देंगे राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के 17 केंद्रों पर रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का आयोजन होगा। 12 सौ छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। शनिवार को परीक्षा को लेकर डीपीएस स्कूल में पर्यवेक्षक और केंद्र अधीक्षकों की बैठक हुई, जिसमें एनटीए (नेशनल टेस्ट एजेंसी) और सीबीएसई के समन्वयक वीके मिश्रा ने सभी को परीक्षा संबंधी निर्देश दिए। बताया कि परीक्षा के दौरान किसी तरह के डिजिटल उपकरण कक्ष में ले जाने पर पूर्णतया रोक रहेगी। दिन में 2 से 5.20 बजे तक परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों को पूर्वाह्न 11 बजे के बाद केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा।

**इन केंद्रों पर होगी परीक्षा :** बीबीएल पब्लिक स्कूल अलखनाथ, आर्मी पब्लिक स्कूल, सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल, माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बिशप कॉनराड सीनियर सेकेंड्री स्कूल, गुलाबराय मांटेसरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बीबीएल पब्लिक स्कूल पीलीभीत रोड, विद्या वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय दो, पद्मावती एकेडमी, पुलिस मॉडर्न स्कूल, रोहिला इंटरनेशनल स्कूल, अलमामातेर डे बोर्डिंग स्कूल, चाइल्ड केयर बिशप कॉनराड स्कूल, जिंगल बेल्स स्कूल, केंद्रीय विद्यालय एक, सीबीगंज स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में परीक्षा होगी।

### एमबीबीएस के चुनौती मूल्यांकन के आवेदन 7 से

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएबीबीएस के चुनौती मूल्यांकन के द्वितीय चरण के आवेदन की तिथि निर्धारित कर दी है। छात्र 7 से 13 मई तक ऑनलाइन आवेदन और शुल्क जमा कर सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमबीबीएस द्वितीय और तृतीय प्रोफेशनल पार्ट एक और दो की मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्र चुनौती मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 25 सौ रुपये का शुल्क प्रति प्रश्नपत्र ऑनलाइन जमा करना होगा।

### बढ़ रहे कैंसर रोगी, विशेषज्ञों ने किया मंथन





**बरेली, अमृत विचार :** जिले में कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ रही है। महिलाओं में स्तन तो पुरुषों में ओरल कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। इसको लेकर बरेली ऑन्कोलॉजी समिति ने शनिवार देर रात शहर के एक होटल में गोष्ठी आयोजित की, जिसमें वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञों ने ब्रेस्ट कैंसर के इलाज में हो रहे नवीन शोध, नई पद्धतियों और अनुसंधान के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर विशेषज्ञों ने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर की जितनी जल्द पहचान हो, इलाज उतना शीघ्र शुरू हो सकता है। ब्रेस्ट कैंसर के शुरुआती लक्षण की पहचान के बारे में लोगों का जागरूक होना जरूरी है। कैंसर सर्जन डॉ. प्रेम किशोर जांगिड़, डॉ. शलभ अरोरा, डॉ. लक्ष्मण पांडेय, डॉ. प्रियंका विश्वकर्मा, डॉ. मनीषा मेंदिरत्ता आदि मौजूद रहे।

### नेहा पंजाबी महासभा महिला युवा इकाई की अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी महासभा की महिला युवा इकाई का गठन शनिवार को डीडीपुरम स्थित एक होटल में हुआ। नेहा साहनी को अध्यक्ष और नीतू सेठी को महामंत्री चुना गया। आरती पुरी को कोषाध्यक्ष, जूही आनंद और विन्नी छाबड़ा को सचिव, सिमरन बग्गा व इना को संयोजक, नीति पुरी और अंकिता भाटिया को संचालक का दायित्व सौंपा गया। सीमा वर्मा, रिद्धि खन्ना, सिंपल मोंगा और रूपाली सिंह को मंत्री और नेहा व रश्मि अरोरा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, स्नेहलता गंगवार और मेयर डा. उमेश गौतम ने नारी सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली गायनोकॉलोजिस्ट डॉ. कंवल मेहरा, रिचा टंडन और सोनिया कपूर को सम्मानित किया। महासभा के जिलाध्यक्ष संजय आनंद और महिला इकाई की अध्यक्ष मनीषा आहूजा ने सभी पदाधिकारियों को नारी सशक्तीकरण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### शिक्षक इसी महीने से लगाएंगे टैबलेट से हाजिरी

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में शिक्षक इसी महीने से टैबलेट के जरिये ऑनलाइन हाजिरी लगाएंगे। बीएसए ने इस संबंध में सभी प्रधानाध्यापकों को पत्र जारी किया है। शासन ने इस व्यवस्था को शुरू करने के लिए मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों को ऑनलाइन हाजिरी से छूट दी है, लेकिन शिक्षकों के लिए यह अनिवार्य है। लंबे समय से शिक्षक मांगों को लेकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे थे। जिले में 2482 परिषदीय स्कूल हैं। विद्यालयों में शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक सहित करीब साढ़े आठ हजार कर्मी तैनात हैं। सिम और इंटरनेट सुविधा के लिए प्रति विद्यालय को आठ सौ रुपये की धनराशि मुहैया करा दी गई है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार का कहना है कि पुरानी पेंशन बहाली, प्रमोशन आदि मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि मांगें पूरी होने के बाद ही इस व्यवस्था को स्वीकार किया जाएगा।

# विवाहः पवित्र सामाजिक संस्कार



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।"

आधुनिक सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है,लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुतः आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खंडों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है,लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है।

ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत् प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। 'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ-साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निर्माता और मुखिया रहे हैं, लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतर्संवाद व अंतर्संगीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है। जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं।


संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, "हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।" अग्नि देवता के चारो ओर सात चक्कर लगाने की परंपरा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।" पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,''यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।" देवों से स्तुति है कि, ''इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।" फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, "आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।" प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परंपरा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं।

आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं।

जीवन दिक्काल के भीतर है जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। जन्म के बाद धीरे-धीरे शैशव विकसित होता है। संभावना का घट टूटता है। जीवन ऊर्जा ऊर्द्धवगामी होती है। तब आती है तरुणाई। तरुणाई भी अल्पकालिक है। सूर्य आते हैं। उदित होते हैं। कालरथ का पहिया घूमता है। शरद आती है। हेमंत,शिशिर आते हैं। तमाम पूर्णिमा और बार-बार अमावस। जीवन का संध्याकाल आता है। शरीर जीर्ण होता है। ऊर्जा घटती है। आंखों की ज्योतिर्मयता घटती है। जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की वय में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धो के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, "आकाश सबसे ऊंचा है। हे धर्मराज आप बताएं कि आकाश से ऊंचा क्या है? ''युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "पिता आकाश से ऊंचा है।" यक्ष ने फिर पूछा, "पृथ्वी के गुरुत्व और भार से भारी क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "माता पृथ्वी से भारी है।

माता सृष्टि की आदि अनादि अनुभूति है। हम सब मां का विस्तार हैं।" हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है। लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हाल-चाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें। वृद्धों के पास जीवन अनुभव होते हैं। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में सभी वरिष्ठों को नमस्कार किया गया है, "इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृदभ्यः-ऋषियों को नमस्कार है। पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों व मार्गदर्शकों को नमस्कार है।" (ऋग्वेद 10.14.15) वरिष्ठों के सम्मान का यही तत्व महाभारत में भी है। कहते हैं कि, "वह सभा सभा नहीं है जिसमें वृद्ध नहीं हैं। वह वृद्ध वृद्ध नहीं हैं। जो धर्मतत्व नहीं जानते।" उधार की विदेशी सभ्यता ने इस परम्परा को उपयोगितावाद के हवाले कर दिया है। यह शुभ नहीं है। भारत को प्राचीनता के गर्भ से जन्म लेने वाली आधुनिकता की आवश्यकता है।

# गलत कार्यों से कमजोर होता है आत्मबल



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

नाटक हो या सिनेमा का पर्दा। नायक के आते दर्शकों की तालियां बजने लगती हैं। इसमें वह भी शामिल होता है जिसका स्वयं का जीवन सामान्य नहीं कूरतम अपराधों का रहा। वह जेल तक गया और सजा की अवधि पूर्ण कर बाहर आया। ऐसा इसलिए होता है,क्योंकि हर दर्शक के मन में नायक के प्रति लगाव होता है। लगाव का कारण स्पष्ट है,क्योंकि नाटक और फिल्म में जो खलनायक होता है,वह निकृष्ट भूमिका में होता है। हर तरह के गलत कामों को अंजाम देता है,लेकिन जब वह नायक के सामने पड़ता है तब उसका आत्मबल क्षीण होने लगता है। अपने खलनायकी स्वभाव के चलते वह नायक से मोर्चा लेता है। जब कभी नायक के पराजित होने का दृश्य दिखाई पड़ता है तब दर्शकों की सांसें ठहर-सी जाती हैं। मन ही मन नायक के लिए दर्शक दुआ करने लग जाते हैं। दृश्य बदलता है। कुछ ही पलों में नायक भारी पड़ने लगता है और खलनायक को मारने लगता है तब दर्शकों की ओर से आवाज भी आने लगती है और मारों इसको। हालांकि इस आवाज का कोई मतलब नहीं होता। नाटक और फिल्म की कहानी तो पहले ही तय हो चुकी है,लेकिन आवाज लगाने वालों को आंतरिक सुकून अवश्य मिलता है।

अब जरा पर्दे से हटकर निजी जीवन की भूमिका पर नजर डाली जाए तो क्या ऐसा होता है कि किसी भी क्षेत्र में गलत रोल अदा करते समय मन यह कहता है कि कोई नायक आए और उसे फिल्म वाले नायक की तरह प्रताड़ित करे? उत्तर शायद ही 'हां' में आए,क्योंकि 'हां' का उत्तर यदि आएगा तब खुद ही मन रुक जाएगा कि गलत कामों का परिणाम गलत ही मिलता है,लेकिन निजी जीवन में तो यही महसूस होता है कि किसी को गलत कार्य किया जाएगा। इतनी सावधानी बरती जाएगी कि किसी को इसकी जानकारी लग पाएगी। देखा जाता है कि मन द्वारा बताए जाने के बावजूद नियम विरुद्ध गलत काम करने में जो खुद को ज्ञाता और पढ़े-लिखे तथा होशियार मानते हैं,वे इसलिए कदम बढ़ा देते हैं,क्योंकि उन्हें मालूम है कि यदि किसी संकट में वे फंसेंगे तो बचाव के लिए वे मददगार खरीद लेंगे। इस तरह वे गलत कार्यों की ओर बढ़ जाते हैं और बच भी जाते हैं,लेकिन इसका परिणाम यह होता है कि एक अज्ञात भय तो मन में समा ही जाता है।

गलत कार्यों की जानकारी संभव है कि किसी अन्य को नहीं हो सके,लेकिन खुद के मन को तो मालूम है कि नियम विरुद्ध गलत कार्य किया गया है। जब कभी खुद को होशियार मानने वाले के गलत कार्यों का खुलासा होता है और वह कानून के शिकंजे में फंसता है तब उसी तरह की गलती और अपराध करने वाले अन्य लोगों का भी मन भयाक्रांत होने लगता है। इस भय से शरीर पर कितना कुप्रभाव पड़ता है, इसका आकलन किया जाए तो गलत कार्यों से जो लाभ या सुख मिला है, वह बहुत छोटा ही होता है। धीरे-धीरे मन चोर की तरह होने लगता है। इसे ही कहते हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका।' मन में चोर-भाव आते ग्लानि के साथ आत्मबल गिरता है जिसका आत्मबल कमजोर होता है, उसकी स्थिति फिल्म और नाटक के खलनायक जैसी हो जाती है। इसीलिए इतने खूबसूरत जीवन में कार्य ऐसा ही करना चाहिए कि जब खुद अपने कार्यों का मूल्यांकन करने की ईमानदार-कोशिश हो तो मन 'वाह' कहे न कि धिक्कारें। ऐसे लोग नायक जैसे होते हैं। जहां जाते हैं वहां उनके आभामंडल का ऐसा प्रभाव पड़ता है कि लोगबाग मन से खुशी की तालियां बजाने लगाते हैं जबकि खलनायक प्रवृत्ति के लोगों के लिए तालियां प्रायोजित करनी पड़ती है।

# वनाग्नि का हो स्थायी समाधान



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे।

बीते कई दिनों से संपूर्ण उत्तराखंड से लेकर जम्मू कश्मीर की यात्रा पर हूं। रास्ते भर सुंदर प्राकृतिक नजारे मिल रहे हैं, लेकिन उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों में जंगलों में आग लगने के दृश्य विचलित करने वाले हैं। दरअसल आग को लगातार धधकने के लिए ऑक्सीजन चाहिए और जंगलों में इसकी कोई कमी नहीं। तभी लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए जंगलों का रुख करते हैं।

उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में चीड़ के पेड़ बहुत है और आग फैलाने में इनका बड़ा योगदान है। गर्मी का समय से पहले बढ़ जाना आग लगने का दूसरा प्रमुख कारण है। तीसरा कारण है ईंधन। जब जंगलों में पत्तियां सूखी हुई हों तो एक छोटी सी चिंगारी भी दूर-दूर तक फैलकर विकराल रूप धारण कर लेती हैं। आग लगाने से नई घास आती है इसलिए जंगलों में आग लगा दी जाती है ताकि चारे के लिए अच्छी घास मिले। जंगल के आसपास की आबादी में जब कूड़ा जलाया जाता है तो यह भी आग लगने का कारण बनता है। कैंप फायर भी वनाग्नि की बड़ी वजह है। निम्न हिमालय में पौधों की प्रजाति, आबादी और मानव गतिविधियों के कारण आग फैलना आसान हो जाता है।

एफआरआई की रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत आग की घटनाएं मानव जनित हैं। बैसाखी के आसपास गेहूं की फसल कटाई के बाद जब अगली फसल बोने से पहले खेतों में आग लगाई जाती है तो यह आग भी जंगलों तक फैल जाती है। इस दौरान गर्मी भी शुरू हो जाती है और शुष्क हवा भी चलती है, जो आग को फैलाने में मददगार होती है। जलते जंगलों की पीड़ा नई बात नहीं है। पिछले लगभग तीस पैंतीस साल से हमारे जंगल धधक रहे हैं। हर साल यह बात उठती है मगर नीति निर्धारित होने तक लाखों हेक्टेयर जंगल जलकर भस्म हो जाते हैं। जल, जंगल और जमीन, यही धरोहर है इस पर्वतीय राज्य की। इसी के दम पर हम ग्रीन बोनस की उम्मीद करते हैं। आरक्षित वन क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उत्तराखंड का लगभग दो तिहाई हिस्सा जंगल ही है।

राज्य में वन व्यवस्था की शुरुआत कमिश्नर ट्रेल द्वारा 1823 में की गई थी, जिन्हें कुमाऊं में ब्रिटिश शासन का संस्थापक माना जाता है। 1826 में ट्रेल ने वन उत्पादों पर भी भू राजस्व की तरह शुल्क लगाने की वकालत करते हुए वनों की संपत्ति को राज्य संपत्ति घोषित कर वनों से लकड़ी आदि लाने पर टैक्स लगा दिया। इससे पूर्व 1824 में तराई के साल के जंगलों को पूर्णतः संरक्षित कर दिया। तत्कालीन कुमाऊं कमिश्नर सर हेनरी रैम्जे द्वारा जंगलों की ठेका प्रथा को बंद करवा दिया गया था। भारत में वन अधिनियम लागू होने से पहले ही सर रैमजे ने तराई-भावर में साल के वृक्षों से छेड़छाड़ को रोकने और उन्हें संरक्षित करने के उद्देश्य से सन् 1855 में ही कुमाऊं में इसे लागू कर दिया था। 1861 में वन व्यवस्था प्रारंभ हुई। 1865 में लागू हुए भारतीय वन अधिनियम के अनुसार सभी वन सरकार के अधिकार में आ गए और अंधाधुंध कटाई पर रोक लगी।

देहरादून में एक हफ्ते पहले हुई बारिश से थोड़ा राहत उस क्षेत्र में जरूर मिली, लेकिन ये स्थायी समाधान नहीं है। ग्लोबल वार्मिंग एक ज्वलंत समस्या है। आज राहत देने वाले पहाड़ लगातार तप रहे हैं। जिन पहाड़ों में हम कुछ सालों पहले तक गर्मियों में प्राकृतिक ठंडी हवा का आनंद लेते थे, वहां आज पंखे, ए सी के बिना काम नहीं चल रहा है। मुनस्यारी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में भी जाड़ों में बर्फबारी का न होना अच्छा संकेत नहीं है। मार्च के महीने में मुन्स्यारी यात्रा के दौरान वहां भी अपने कमरे से दूर पहाड़ी में वनाग्नि देखकर मन व्यथित हुआ था। तीन दिन तक लगातार जंगल को हुए जलते देखा। इसी तरह अल्मोड़ा में कोसी, गगास, राम गंगा, सुयाल जैसी नदियों के आसपास के जंगलों में सालों से आग लगने की घटनाएं देखी जा रही हैं। नदियों का जल स्तर तो लगातार कम हो ही रहा है,साथ में प्राकृतिक स्रोत भी सूख रहे हैं।

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे। फायर वाचर की भूमिका महत्वपूर्ण है। आग लगने का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि खेतों में होने वाले खरपतवार और घास को काटकर जलाया जाता है और अप्रैल के महीने में गर्मी के बढ़ने से जब तेज हवा चलती है तो यह चिंगारी फैलकर जंगलों में पहुंच जाती है। पहाड़ों में चीड़ के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं और इनके पत्ते यानि पिरूल बहुत ही तेजी से आग पकड़ते हैं। जंगलों में आग लगने से पेड़-पौधे वनस्पति ही नहीं धधक रहे हैं, बल्कि करोड़ों रुपए का टिंबर का कारोबार भी खत्म हो गया है। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट ऐसा कहती है कि कई पशु-पक्षियों ने जंगल छोड़ दिया है। अपनी उत्तराखंड यात्रा के दौरान मैंने जंगलों में फलों के पेड़ में बहुत कम फल देखे। नतीजतन यहां रहने वाले बंदर और दूसरे पशु शहरों की तरफ, मंदिरों, दुकानों और घरों के आसपास अधिक दिखाई दिए। पेट की आग तो उन्हें भी बुझानी है। जंगल में कुछ नहीं मिलेगा तो स्वाभाविक तौर पर शहर की ओर आएंगे। गुलदार और तेंदुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है।

गर्मी के मौसम में सूखा पिरूल आग भड़काने का काम करता है। इसे गर्मी का मौसम शुरु होने से पहले ही हटाने की आवश्यकता है जबकि हमारी व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी यह है कि योजना जंगलों के जलने के बाद बनती है। जगह-जगह उग आए चीड़ के बेहिसाब वृक्ष कई बार घाटे का सौदा साबित होते हैं। इसलिए चीड़ के जंगलों का फैलाव कम कर बांज, ओक जैसी अन्य वनस्पतियों का रोपण किया जाना आवश्यक है, जो नमी को सोखने और रोकने में मददगार हों। सबसे बड़ी आवश्यकता इस बात की है कि समाधान हमें पूर्व में ही सोच कर रखना होगा। यह नहीं कि आग लगने पर पानी लेकर दौड़ें।

## प्रथम कर्तव्य देशहित



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

कोहम-मैं कौन हूं-मेरा स्वकर्तव्य क्या है, यह हर व्यक्ति को गंभीरता पूर्वक आज निश्चित करने की आवश्यकता है,एक व्यक्ति एक साथ बहुत कुछ होता है। किसी का भाई,किसी का बेटा,किसी का पिता। उसका कुछ वर्ण हो सकता है,संप्रदाय हो सकता है आदि आदि पर उसकी मूल पहचान क्या है जिसमे सब कुछ समाहित हो जाए। स्वकर्तव्य निश्चित करने के लिए हम क्या करें? किसी ब्रह्मज्ञानी की तलाश करें और जब संतुष्टि हो जाए की यह ब्रह्मज्ञानी है तो उसका अनुसरण करे या उसके सुझाए राह पर चलें? इस प्रश्न के समाधान में आचार्य विनोबा भावे ने एक स्थल पर कहा है। कोहम के उत्तर पर स्वकर्तव्य निश्चित होता है।

लक्ष्मण ने अपने से यही प्रश्न पूछा-कोहम। उसके अंतर्मन ने उत्तर दिया-राम बंधु हम-मैं राम का भाई हूं। रामानुज। लक्ष्मण दशरथ का पुत्र था, उर्मिला का पति था और अनेक का अनेक था,लेकिन उसका अन्तस्थ उत्तर इतना ही था की मैं राम का भाई पहले हूं। दशरथनंदन, सुमित्रानंदन बाद में। सबसे मान लीजिए उसका उत्तर -मैं दशरथ का पुत्र हूं होता और वह राम के साथ वन न गया होता और दशरथ की अनन्य भाव से सेवा करता रहता अथवा राज्य कारोबार में भारत की मदद करता,तो रामायण अलग तरह से लिखी गई होती! लक्ष्मण का मूल्य कुछ दूसरा ही आंका जाता,परंतु उसका आचरण गलत ठहरता ऐसा कौन कह सकता है? लक्ष्मण की अंतरात्मा ने उसका कर्तव्य निश्चित किया। आज के संदर्भ में क्या यह आवश्यक नहीं है कि हम लक्ष्मण की भांति यह दृढ़ निश्चय करें की पहले हम क्या है-यह निश्चित करें की-मैं कौन हूं? लक्ष्मण की प्राथमिकता-राम बंधुहम-राम का भाई होना था। हमारी प्राथमिकता क्या है। अथर्ववेद में मंत्रदृष्टा ऋषि ने कोहम का उत्तर देते हुए समस्त मानव मात्र की प्राथमिक पहचान बताई-माता भूमिः पुत्रोहम पृथिव्याः -पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। सबसे पहले हम पृथ्वी के, धरती के, वसुंधरा के पुत्र हैं उसके बाद कुछ और। हमारा देश हमारी पृथ्वी है, हमारा प्रथम कर्तव्य देशहित के साथ जुड़ा हुआ है।

## पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सैम पित्रोदा ने कहा कि किसी के मरने के बाद उसकी आधी संपत्ति सरकार की होगी और आधी बाल-बच्चों व अन्य उत्तराधिकारियों की होगी। इस पर काफी हंगामा है। मैं तो कहूंगा कि मृतक की शत-प्रतिशत चल और अचल पूंजी/संपत्ति सरकार की होनी चाहिए। उत्तराधिकारी की बात ही बेमानी है। बिल लिखने की प्रथा भी बंद होनी चाहिए। यह ट्रस्टीशिप की धारणा का समुचित अर्थ होगा। इससे राजनीति क्लीन हो जाएगी, स्कैम खत्म होंगे,लूट खत्म होगी,घूसखोरी खत्म होगी। लोग खुलकर खर्च करेंगे,बच्चों को काबिल बनाने पर खर्च करेंगे, समाज और सामाजिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च करेंगे। जब सरकार ही ले लेगी तो जीते जिंदगी स्कूल, कॉलेज, धर्मशाला, लाइब्रेरी, पार्क क्यों न बनवा दें,स्कॉलरशिप क्यों न दे दें,यतीमखाने में क्यों न दे दें,तालाब क्यों न खुदवा दें,इत्यादि। आज की राजनीति में परिवारवाद आलोचना का विषय है,लेकिन सोचिए कि उत्तराधिकार का प्रचलन और इसकी कानूनी मान्यता आर्थिक परिवारवाद की नींव है कि नहीं। आर्थिक परिवारवाद शैक्षणिक,सामाजिक और राजनीतिक परिवारवाद का आधार स्तंभ हो सकता है। मैं तो सोशिओलॉजिकल और बायोलॉजिकल परिवारवाद का भी विरोध करूंगा। बच्चे समाज के बच्चे हों। उनके पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व समाज का हो। आज एक अमीर मां-बाप का औसत बुद्धि वाला बच्चा दून स्कूल में पढ़ रहा है,वहीं एक गरीब मां-बाप का जहीन बच्चा खिचड़ी-स्कूल में बैठा फटी आस्तीन में बहती नाक पोंछ रहा है। क्या यह परिवारवाद नहीं है? बच्चों का प्रजनन भी सीमेन बैंक और आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन से हो। मां के दूध तक के लिए ह्यूमन मिल्क बूथ हो। यह आदमी और समाज को एक नया ढांचा देगा। आगे,अगर भगवान ने चाहा तो बच्चे फैक्ट्री में बनेंगे और मॉल में मिलेंगे। मनचाहा बच्चा खरीदिए,जब तक दिल चाहे रखिए और जब चाहिए सेकंड हैंड मार्केट में बेच लीजिए। या फिर स्टॉक मार्केट की तरह बच्चों का मार्केट विकसित कीजिए। अनंत संभावनाएं हैं। सोचिए।

# दुर्लभ और शक्तिशाली है मनुष्यता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम।

मनुष्यता दुर्लभ है। मनुष्यता बहुत शक्तिशाली है। उसे किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। न जाति की सीमा में न देश की सीमा में। वह मनुष्यता ही तो थी जिसके कारण एक स्काटिश आईसीएस के मन में भारत और भारतवासियों के प्रति करुणा का भाव पैदा हो गया था,जो काम बंगाल में सुरेन्द्र नाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस इंडियन एसोसियेशन के माध्यम से करना चाहते थे,किंतु नहीं कर पा रहे थे,जो काम बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसियेशन और इंडियन लीग करना चाहती थीं,किंतु नहीं कर पा रही थीं,वही काम उस अंग्रेज ने आगे बढ़ा दिया और वह भी तत्कालीन वायसराय की सहमति से।

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम। एलेन आक्टेवियन ह्यूम ने पूरे देश में घूमकर कुछ ऐसे शिक्षित लोगों को एकत्र किया जिनके मन में देश के लिए कुछ कर पाने का जज्बा था,जैसे दादाभाई नौरोजी। उसने इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना की। जब 18 मार्च 1894 को वह यहां से विदा हुआ,तब उसने कहा था "मैं अपनी असफलता महसूस करता हूं कि मैं केवल बीज ही बो सका हूं,फसल नहीं दे सका। किंतु मैं निराश नहीं हूं,जिस धरती से मैंने प्यार किया है,एक दिन वह विजयी होगी। लोग मुझे याद करना चाहेंगे तो याद कर लेंगे कि वह आदमी भारत के लिए निरंतर श्रम करता रहा,हो सकता है कि उसने कोई गलती भी की हो,किंतु वह भारत को प्यार करता था!" मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है,वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है,किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की?

महामति चाणक्य ने! /ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही। नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वालाः जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक। महान मेधावी चाणक्य,वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद,किसी राज्य, किसी जाति,किसी संप्रदाय,किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा,राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्यसाम्राज्य स्थापित किया था।

वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि नप्रयोजनमन्तरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना,मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। 542-543 शास्त्र को जानता है,किंतु लोक को नहीं जानता तो मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्या यों ही कह दी थी? बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही,बोला-धर्मस्य मूलं अर्थः,अर्थस्य मूलं राज्यः। धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया।

## जीएसटी की वसूली



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारत देश में सामान्यता दो प्रकार से करों की वसूली की जाती है। एक प्रत्यक्ष कर लगाकर। दूसरा अप्रत्यक्ष कर लगाकर। जीएसटी एक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है जिसमें एक जन सामान्य,एक उपभोक्ता के रूप में सुबह से शाम तक खरीदे गए प्रत्येक सामान पर कर का भुगतान करता है और उसे पता ही नहीं चलता कि कर के रूप में एक मोटी राशि सरकार द्वारा उससे वसूली जा रही है।

अप्रैल के महीने में भारत सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से भारत के नागरिकों से 1.92 लाख करोड़ रुपये की वसूली हुई है। यह जीएसटी व्यवस्था के तहत अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह है। हमें समझना चाहिए कि करों की वसूली से समृद्धि नहीं आती,अगर करों से समृद्धि आती तो दुनिया में कोई गरीब देश नहीं होता।

जीएसटी का सबसे ज्यादा बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर ही पड़ता है। यह स्थापित हो चुका है कि गरीब और मध्यम वर्ग द्वारा एकत्र किए गए जीएसटी का लगभग 90 प्रतिशत भुगतान किया जाता है,क्योंकि अंत में उपभोक्ता ही इसका भुगतान करता है। उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए जाने के बाद श्रृंखला में शामिल सभी व्यापारियों को एक-एक करके रिफंड मिलता है।

उदाहरण के लिए,यदि कोई उत्पाद 100 +12 प्रतिशत जीएसटी पर अपनी यात्रा शुरू करता है और 500+12 प्रतिशत जीएसटी पर समाप्त होता है तो सभी बिचौलियों को उत्पाद के ऊपर बिकने पर उनका रिफंड मिलता है। अंत में सरकार को उत्पाद पर 60 रुपये मिलते हैं,जबकि स्रोत पर इसकी शुरुआत 12 रुपये से होती है, क्योंकि समस्त जीएसटी का खर्च अंत में उपभोक्ता ही वहन करता है, इसलिए इस कर संग्रह के आंकड़े का जश्न मत मनाइए,बल्कि इस बात पर दुखी होइए कि सरकार ने आपसे इतना कुछ वसूला है।

फिलहाल जीएसटी की वसूली को लेकर बीते दिनों आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला कुछ राहत देने वाला हो सकता है जिसमें कहा गया है कि सभी कर वसूली मामलों में जेल नहीं भेजा जा सकता,क्योंकि लोगों और कारोबारियों द्वारा संबद्ध अधिकारियों पर जीएसटी की वसूली को लेकर उत्पीड़न के आरोप लगाए जा रहे थे। देश की सरकार कब तक मूक रहेगी। एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी की मार और दूसरी ओर जीएसटी रूपी करों की मोटी वसूली की मार आखिर जनता कब तक सहेगी और कब जनता को इससे राहत मिलेगी,यह एक यक्ष प्रश्न है।

# चुनावी इश्तिहार में युवा खोज रहे रोजगार

दिग्विजय सिंह

**चुनावी मुद्दा**

## राजनीतिक दलों के वादों में फिर से गुम न हो जाए युवाओं की नौकरी की चाहत
## चुनावी अभियान में चर्चा पाने के बावजूद दूसरे मुद्दे परवान चढ़ने से चिंतित हैं युवा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इस बार 1.8 करोड़ युवा पहली बार वोट डाल रहे हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 19.47 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बूथ पर पहुंचने के लिए बेताब है। इन युवाओं के मन में सबसे बड़ा मुद्दा नौकरी और रोजगार का है, लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच छिड़े आरोप-प्रत्यारोप में उसे नौकरी की बात कम ही सुनाई दे रही है। हालांकि चुनावी घोषणा पत्र के बाद प्रचार अभियान में इस बड़े वोट बैंक पर सभी प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की पैनी नजर है। कांग्रेस और भाजपा के साथ उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने खासतौर पर इन युवा वोटरों पर फोकस कर रखा है। युवाओं को अपने पाले में खींचने के लिए रोजगार की बात को हर कोई अपने तरीके से एड्रेस करने में लगा है।

### परीक्षा भर्ती के लिए सख्त कानून, आरोपी पाएंगे सजा

- भाजपा सरकार को रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस लगातार कठघरे में खड़ी करती रही है। हाल में यूपी, बिहार समेत कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले सामने आए थे। इससे आक्रोशित युवाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था। पेपर लीक की वजह से यूपी पुलिस भर्ती समेत कई परीक्षाएं रद हो गई थीं। ऐसे में इस मुद्दे को दोनों दलों ने चुनाव पूर्व वादे में गंभीरता से लिया है। कांग्रेस ने पेपर लीक मामलों से निपटने के लिए फास्ट-ट्रैक्ट कोर्ट बनाने और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा देने की बात कही है, वहीं भाजपा का कहना है कि उसने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। इसके जरिए आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

**1.8** करोड़ युवा पहली बार डाल रहे हैं वोट

**19.47** करोड़ 20-29 वर्ष आयु वर्ग के वोटर



**27%** लोग मानते हैं बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा

**30%** से ज्यादा बढ़ी बीते 24 साल में पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं की जमात

मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024

बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65 .7% है।

### 62 % बोले, नौकरी पाना कठिन हुआ

- पिछले पखवाड़े सामने आए सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में मतदाताओं ने भी सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी को लेकर दर्ज करायी थी। सर्वे में सबसे 27 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी को बड़ी मुद्दा बताया था। सर्वेक्षण में शामिल लगभग दो तिहाई 62% लोगों का मानना था कि नौकरियां पाना अधिक मुश्किल हो गया है। ऐसा मानने वाले शहरों में 65%, गांवों में 62% और कस्बों में 59% थे। केवल 12% ने यह राय दी थी कि नौकरी पाना आसान हो गया है। सर्वेक्षण के मुताबिक 17 फीसदी लोग राज्य सरकार, 21 फीसदी केंद्र और 57 फीसदी लोग केंद्र व राज्य दोनों सरकारों को नौकरी के अवसर कम करने का जिम्मेदार मानते हैं। मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 भी देश में बेरोजगारी की स्थिति को बयां करती है। रिपोर्ट के अनुसार देश के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं और कुल बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65 .7% है, जबकि वर्ष 2000 में यह दर 35 .2 फीसदी थी। यानी बेरोजगार युवाओं के बारे में कोई यह भी नहीं कह सकता है कि जब पढ़ोगे नहीं तो, रोजगार कहां से मिलेगा। पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है।

### मैन्यूफैक्चरिंग, इंफ्रास्टक्चर और पर्यटन में रोजगार के साथ फूड प्रोसेसिंग हब बनाएगी भाजपा

- भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार, इंफ्रास्टक्चर में निवेश से रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने की बात कही है, लेकिन कितने रोजगार या कितनी नौकरियां दी जाएंगी, इसे लेकर कोई ठोस आंकड़ा नहीं दिया है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के लिए भाजपा ने देश को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की घोषणा की है। दावा किया गया है कि इससे युवाओं के साथ ही किसानों को भी फायदा होगा। खासकर श्रीअन्न का उत्पादन करने वाले छोटे किसानों को लाभ मिलेगा। पार्टी का कहना है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू करने के साथ ही मुद्रा योजना में 20 लाख रुपये लोन देकर रोजगार के साधन पैदा किए जाएंगे। नौकरियों के अवसर पैदा करने के लिए ढांचागत सुविधाओं, निर्माण क्षेत्र, स्टार्टअप, निवेश, खेल, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं पर ध्यान दिया जाएगा। आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएम और एम्स के साथ सभी मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को सुदृढ़ करके उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ायी जाएगी। युवाओं के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना, शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को जोड़ने के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने की भी भाजपा ने घोषणा की है।

### कांग्रेस ने किया रोजगार क्रांति का वादा पेपर लीक होने पर मिलेगा मुआवजा

- कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में केंद्र सरकार में स्वीकृत पड़े लगभग 30 लाख रिक्त पद भरने का वादा किया है। भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के मामलों में फैसला देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा के साथ ही सभी पीड़ित अभ्यर्थियों को मुआवजा देने की भी बात कही है। पार्टी ने पक्की नौकरी की गारंटी के लिए 1961 के अप्रेंटिस शिप एक्ट की जगह प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाने की बात कही है। पार्टी के मुताबिक यह नया कानून 25 साल से कम उम्र के हर डिप्लोमा धारक या कॉलेज ग्रेजुएट पर लागू होगा। निजी और सरकारी कंपनियों में युवाओं को एक साल की ट्रेनिंग देने के लिए राइट टू ऑपरेटिव एक्ट की गारंटी की बात कांग्रेस के न्याय पत्र में है। पार्टी का कहना है कि स्टार्टअप के लिए फंड आफ फंड्स योजना लाई जाएगी। इससे 40 साल से कम उम्र के युवाओं को खुद का व्यापार शुरू करने में मदद मिलेगी।

# भाजपा के लिए इस बार खास है तीसरा चरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 95 सीटों के लिए सात मई को मतदान होना है। प्रचार में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक रखी है। 2019 के चुनाव में इन 95 सीटों में भाजपा 72 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। कांग्रेस सिर्फ 4 सीटें ही पा सकी थी। तीसरे चरण में गुजरात की 25 सीटों पर चुनाव है। भाजपा 2014 और 2019 में राज्य की सभी सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इस तरह एमपी की जिन नौ सीटों पर चुनाव है, वहां भी भाजपा ने पिछले चुनाव में क्लीन स्वीप किया है। भाजपा छत्तीसगढ़ की 7 में से 6 सीटें जीती थी। कर्नाटक की सभी 14 सीटों पर उसने कब्जा जमाया था। सात मई के मतदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमपी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले की किस्मत का फैसला हो जाएगा।

**राजनीति के चाणक्य को नहीं चुनौती:** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। गांधीनगर से दूसरी बार जीत के लिए अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। भाजपा इस सीट पर 1989 से अपराजित है। 2019 के चुनाव में अमित शाह ने कांग्रेस के सीजे चावड़ा पर 5.55 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

**विदिशा में शिवराज का सिक्का:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज सिंह चौहान विदिशा निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है। प्रधानमंत्री उन्हें केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी देने की बात कह गए थे।

### हार का दाग मिटाने की चुनौती

- कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए यह चुनाव बेहद खास है। गुना लोकसभा क्षेत्र से उन्होंने 2019 के चुनाव में भाजपा के कृष्ण पाल सिंह ने कांग्रेस से चुनाव लड़े ज्योतिरादित्य सिंधिया को हरा दिया था। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र से हो रहा है। पिछली बार कृष्णपाल सिंह यादव वोटों में सेंधमारी से कांग्रेस को रोकने में लगे हैं।

### भाभी और ननद की रोचक लड़ाई

- एनसीपी संरक्षक शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बारामती सीट से जिताने के लिए जूझ रहे हैं। यहां मुकाबला पवार बनाम पवार है। तीन बार की मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला राज्य के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी के विभाजित गुट के अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है। अजित पवार की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है।



**मारेंगे मैदान** पश्चिम दिल्ली से आप के उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जुलूस में कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से नाराज भी दिखे।



**हक के लिए उठे हाथ** आगरा में बसपा प्रमुख मायावती की रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। बसपा प्रमुख भी भीड़ उत्साहित दिखीं।

## लोहरदगा में जेएमएम के बागी ने बिगाड़ा गणित

**चुनाव डेस्क।** झारखंड की लोहरदगा संसदीय सीट पर भी मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। भाजपा के कब्जे वाली इस सीट पर कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है जबकि भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद का टिकट काट दिया है। उनके स्थान पर समीर उरांव मैदान में आए हैं। यहां मुकाबला इसलिए भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि जेएमएम के विधायक चमरा लिंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए हैं।

इसी सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला होता रहा है लेकिन 2009 के चुनाव में चमरा लिंडा ने निर्दलीय मैदान में उतरकर सारे गणित को बदल दिया था। हालांकि वे इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। 2014 में वे टीएमसी से लड़े थे लेकिन तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्तमान में वे जेएमएम से विधायक हैं। यह सीट गठबंधन की वजह से कांग्रेस के खाते में चली गई। ऐसे में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ही समर में कूदने की घोषणा कर कांग्रेस की मुश्किल बढ़ा दी। भाजपा ने भी तीन बार के सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट दिया है।

# अर्जुन मुंडा खिला पाएंगे कमल या कांग्रेस के काली चरण मुंडा लेंगे हार का बदला

**खूंटी संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड राज्य की खूंटी लोकसभा सीट पर मुकाबला कांटे का है। यहां से मोदी सरकार में मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस से कालीचरण मुंडा है। वह दो बार के विधायक रहे हैं और 2019 में अर्जुन मुंडा के हाथों हार गए थे। 2014 में भी इसी सीट से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार जहां वे हार का बदला लेने के लिए आतुर दिख रहे हैं तो अर्जुन मुंडा फिर से इस सीट पर जीत दर्ज कर मोदी सरकार के 400 पार के लक्ष्य की पूर्ति करने को रात दिन एक किए हुए हैं।

अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित इस संसदीय सीट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के मैदान में आने से पूरे देश की निगाह इस सीट पर है। क्योंकि जल्द ही यहां विधानसभा के चुनाव भी होने हैं और अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया जा सकता है। ऐसे में उनकी दोबारा जीत उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाएगी। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ रही है। पहली बार राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1989 में इस सीट पर खाता खुला था। तब पार्टी नेता करिया मुंडा यहां से सांसद बने थे और वे 1991, 1996, 1998 और 1999 में भी इस सीट पर जीते। 2004 के चुनाव में यहां से कांग्रेस को जीत मिली हालांकि यह जीत 2009 में बरकरार नहीं रह पाई। करिया मुंडा न सिर्फ 2009 में जीते बल्कि 2014 में भी उन्हें यहां से सांसद बनने का मौका मिला। 2019 में भाजपा ने इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को मौका दिया और वे भी सांसद बनने में कामयाब हुए। पिछले चुनाव में मिली हार की टीम काली चरण मुंडा के जेहन में आज भी है। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कोर वोटरों के दम पर जीत दर्ज करने के लिए प्रयासरत हैं। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है।



अर्जुन मुंडा।



कालीचरण मुंडा।

### दो बार विधायक रहे कालीचरण

- कालीचरण मुंडा की गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और उपाध्यक्ष के पद पर वह रह चुके हैं। 1992 में वह तमाड़ सीट से जीत दर्ज कर विधायक बने थे। 1995 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने दोबारा जीत हासिल की। 2000 के विधानसभा चुनाव में वे हार गए। 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था पर मोदी लहर में हार गए थे। तीसरे स्थान से उन्हें संतोष करना पड़ा था।

- 2014 और 2019 में हारे कालीचरण को कांग्रेस ने फिर से मैदान में उतारा है
- आठ बार इस सीट पर भाजपा के करिया मुंडा बने सांसद, पहली बार 1989 में जीते थे
- 2019 में जीते पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का सहारा

### आरक्षण खत्म होने का दिखा रहे डर

कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता यहां आदिवासियों व अन्य जातियों के मतदाताओं को बताने में जुटे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो इस बार आरक्षण खत्म हो जाएगा और संविधान बदल जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति को न बुलाए जाने को जनजाति समाज का अपमान बताया जा रहा है। जबकि भाजपा के नेता यह बताने में जुटे हैं कि मोदी की गारंटी है कि आदिवासियों के हित सदैव सुरक्षित रहेंगे। आदिवासियों के लिए अलग बने मंत्रालय द्वारा अब तक कराए गए कार्यों का भी बखान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी साधने में भाजपा जुटी हुई है।

# बीजद के गढ़ में खिलेगा कमल या फिर होगी शंख ध्वनि

**पुरी की चुनावी कथा**

चुनाव डेस्क

- लगातार छह बार से बीजू जनता दल इस सीट पर फहरा रही है परचम
- भाजपा के संबित पात्रा एक बार फिर टक्कर देने के लिए मैदान में आए
- उम्मीदवार ने टिकट वापस किया तो कांग्रेस ने नया उम्मीदवार चुना

**अमृत विचार।** ओडिशा की पुरी संसदीय सीट बीजू जनता दल (बीजद) का अभेद्य किला है। इसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस और भाजपा ने खूब किया पर सफलता हाथ नहीं लगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा यहां से मैदान में थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी पार्टी ने उन पर दांव लगाया है। कांग्रेस इस लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने में जुटी हुई थी पर उम्मीदवार सचरिता महांति के टिकट वापस किए जाने से पार्टी की मुश्किल में दिखी। हालांकि देर रात यहां नये चेहरा घोषित कर दिया। सुचरिता महांति 2014 में इस सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं। 2019 में उनका टिकट कट गया था। इस संसदीय सीट पर 25 मई को मतदान होना है और पर्चा दाखिल करने की तिथि छह मई तक है। 25 मई को ही इस संसदीय क्षेत्र की सातों विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। फिलहाल पांच विधानसभा सीटों पर बीजू जनता दल और दो पर भाजपा का कब्जा है।

भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। कांग्रेस ने इस सीट पर छह बार जीत दर्ज की। एक बार जनता पार्टी और एक बार संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और दो बार जनता दल के उम्मीदवारों को यहां जीत मिली। पहली बार 1998 में बीजू जनता दल को यहां जीत मिली और इसके बाद से पार्टी इस सीट को अपने पास ही रखे हुए है। इस अभेद्य किले को ढहाने के लिए कोशिशें कांग्रेस ने भी खूब की और भाजपा ने भी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। 2009 और 2014 में भाजपा को यहां तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। 2014 में जब मोदी की लहर चल रही थी तब भी पार्टी जीत नहीं पाई थी।

कांग्रेस को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। 2019 में संबित पात्रा मैदान में उतरे तो भाजपा मुख्य मुकाबले में आई। हालांकि वे बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा से हार गए। इस बार बीजू जनता दल ने इस बार अरूप पटनायक को मैदान में उतारा है जबकि उनके सामने भाजपा से संबित पात्र मैदान में हैं। अब कांग्रेस की सुचरिता महांति ने टिकट वापस कर दिया। इसके बाद कांग्रेस नेतृत्व ने देर रात नया चेहरा घोषित भी कर दिया।



अरूप पटनायक।



संबित पात्रा।

### चार बार सांसद रहे पिनाकी मिश्रा

2009, 2014 और 2019 में बीजू जनता दल के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले पिनाकी मिश्रा ने 1996 में कांग्रेस के टिकट पर पुरी से जीत दर्ज की थी। बाद में वे बीजू जनता दल में शामिल हुए और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खास नेताओं में शामिल हो गए। इस बार उनका टिकट कटा तो यह माना गया कि विवादों में आईं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से नजदीकी के कारण पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

### पुलिस कमिश्नर रहे हैं अरूप पटनायक

- अरूप पटनायक मुंबई के पुलिस कमिश्नर रहे हैं और बीजू जनता दल के मुखिया एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के भरोसेमंद नेताओं में शामिल हैं। 2019 में उन्होंने भुवनेश्वर से चुनाव लड़ा था तब उन्हें भाजपा की अपराजिता सारंगी ने हराया था। अब पार्टी ने उन्हें पुरी से संबित पात्रा के विरुद्ध उतारा है।

**समझाया गणित**



नेशनल कांफ्रेस के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला ने श्रीनगर में बैठक की और पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र बताया। मतदाताओं को बूथ तक लाने की अपील की।




# दबदबा दोनों का, दांव बैठेगा किसका

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को प्रदेश की जिन 10 सीटों आगरा, फतेहपुर सीकरी, मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, हाथरस, संभल, बदायूं, आवंला और बरेली में मतदान होने जा रहा है, उनमें से पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि सपा की साइकिल केवल संभल और मैनपुरी में ही दौड़ सकी थी। इस बार भाजपा ने इन सभी 10 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं जबकि इंडिया गठबंधन से एक सीट पर कांग्रेस और नौ सीटों पर सपा चुनाव लड़ रही है। बसपा ने भी सभी 10 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन बरेली लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार का नामांकन रद्द हो जाने से उसके भी नौ प्रत्याशी ही मैदान में हैं।

हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, आंवला और बरेली में लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा की जीत का अंतर काफी बड़ा था, सिर्फ फिरोजाबाद और बदांयू सीटों पर उसे टक्कर मिली थी और जीत क्रमशः 28,781 और 18,454 वोटों में सिमट गई थी। यह दोनों ही सीटें समाजवादी पार्टी की गढ़ मानी जाती हैं। 2014 के चुनाव में इन 10 सीटों में सपा ने पांच सीटें जीती थीं। मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव, कन्नौज से डिंपल यादव, फिरोजाबाद से अक्षय यादव और बदायूं से धर्मेंद्र यादव जीते थे। समाजवादी पार्टी के लिए इस बार सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि पिछली बार की तरह बसपा और रालोद उसके साथ नहीं है। इस बार समाजवादी पार्टी को कांग्रेस का साथ तो मिला है, लेकिन बहुजन समाज पार्टी के अकेले चुनाव मैदान में उतरने से इन 10 में से आधा दर्जन सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय नजर आ रहा है।

**2019 में जीत का आंकड़ा**

08 भाजपा

2 सपा

**तीसरे चरण में 10 लोकसभा सीटें, मैदान में प्रत्याशी**

| 10 | 09 | 09 |
|---|---|---|
| भाजपा | सपा | बसपा |

**60.52%** मतदान हुआ था पिछली बार तीसरे चरण में

## तीसरा चरण : भाजपा-सपा का रण

**01** केंद्रीय मंत्री की आगरा में दांव पर लगी है प्रतिष्ठा

**02** योगी सरकार के मंत्रियों की मैनपुरी व हाथरस में परीक्षा

**13** महिला प्रत्याशी थीं 2019 चुनाव के तीसरे चरण में


**4.95** लाख वोटों से 2019 में भाजपा जीती थी फतेहपुर सीकरी सीट

### संभल : सपा के चुनावी समीकरण में सेंधमारी

- सपा ने अपने सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद उनके पौत्र व कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क को मैदा में उतारा है। इसके मुकाबले भाजपा ने एक बार फिर से परमेश्वर लाल सैनी पर भरोसा जताया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी सौलत अली को टिकट दिया है। 2019 लोकसभा चुनाव में 1.74 लाख मतों से शफीकुर्रहमान बर्क ने परमेश्वर लाल सैनी को हराया था। बसपा की नजर दलित के साथ मुस्लिम मतदाताओं पर है जबकि सपा अपने मुस्लिम-यादव समीकरण के साथ दलित वोट बैंक पर निगाह जमाए है। भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी योगी-मोदी के नाम पर वोट जुटाने में लगे हैं।



- प्रदेश में तीसरे चरण की 10 में ज्यादातर सीटों पर भाजपा और सपा के बीच चुनावी संग्राम
- बसपा कुछ सीटों पर संघर्ष त्रिकोणात्मक बनाकर सपा के लिए बढ़ाती दिख रही है चुनौती



### बरेली : बसपा के वोट हड़पने की मारामारी

भाजपा ने यहां से आठ बार के सांसद संतोष गंगवार की जगह पूर्व राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार पर भरोसा जताया है। छत्रपाल 2022 में बहेरी विधानसभा सीट से चुनाव हार गए थे। शुरू में उनकी प्रत्याशिता का स्थानीय स्तर पर विरोध हुआ पर भाजपा ने हालात संभाल लिए। यहां सपा ने कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन को टिकट दिया है। ऐसे में उन्हें सपा और कांग्रेस दोनों का वोट मिलेगा। इस सीट बसपा उम्मीदवार का पर्चा रद्द होने के बाद भाजपा और सपा के बीच सीधी टक्कर में लड़ाई अब बसपा के वोट हथियाने की तरफ मुड़ गई है। पांच लाख मुस्लिम और करीब चार लाख कुर्मी मतदाताओं के कारण दोनों दल जातीय समीकरणों में मजबूत नजर आ रहे हैं।

### मैनपुरी में विरासत और बदलाव में सीधी टक्कर

- मैनपुरी लोकसभा सीट पर विरासत और बदलाव के बीच जंग छिड़ी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव का मुकाबला योगी सरकार में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से है। वह मैनपुरी विधानसभा सीट से विधायक हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में डिंपल यादव कन्नौज से हार गई थीं लेकिन मुलायम सिंह के निधन से कारण खाली हुई मैनपुरी सीट पर उपचुनाव में उन्होंने जीत हासिल की थी। इस बार अखिलेश के कन्नौज में चुनाव लड़ने और पूरे प्रदेश में प्रचार करने तथा शिवपाल के अपने बेटे की सीट बदायूं में व्यस्त होने से डिंपल को अकेले मोर्चा संभालना पड़ रहा है। इस सीट पर 1996 से सपा का कब्जा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में दो विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को जीत मिली थी। बसपा ने यादव वोटों में सेंध लगाने के लिए शिवप्रसाद यादव को खड़ा किया है, लेकिन सीधी टक्कर जयवीर सिंह और डिंपल यादव में है।

### बदायूं है सपा का गढ़, क्या यहां फिर खिलेगा कमल

- सपा ने बदायूं सीट से पहले धर्मेंद्र यादव फिर शिवपाल यादव और अंत में उनके बेटे आदित्य यादव को उतारा था। भाजपा से मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य के स्थान पर दुर्विजय शाक्य चुनावी मैदान में हैं। यहां दोनों ही उम्मीदवार नए हैं। भाजपा ने 2019 में इस सीट पर जीत दर्ज की थी। 2014 में मोदी लहर के बावजूद सपा के धर्मेंद्र यादव चुनाव जीते थे। यह सीट सपा का गढ़ गिनी जाती है। भाजपा सिर्फ दो बार ही जीत सकी है। सपा का मुस्लिम और यादव समीकरण है, तो भाजपा ने गैर यादव ओबीसी को गोलबंद किया है। बसपा ने पूर्व विधायक मुस्लिम खां को उतार कर सपा की मुश्किल बढ़ाई है, लेकिन सीधा मुकाबला सपा और भाजपा में ही नजर आ रहा है।

### आगरा सीट पर केंद्रीय मंत्री बघेल के सामने दोहरी चुनौती

- आगरा लोकसभा सीट पिछले तीन बार से भाजपा ने जीती है। इस बार केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल को पार्टी ने फिर से मैदान में उतारा है। सपा से सुरेश चंद कर्दम और बसपा से पूजा अमरोही मैदान में हैं। दोनों ही दलित समुदाय से आते हैं और जाटव बिरादरी से तालुक्क रखते हैं। एससी-आरक्षित इस सीट पर, 20 .57 लाख मतदाताओं में लगभग 30% दलित हैं। इनमें से लगभग तीन-चौथाई जाटव हैं, जो बसपा के गिरते प्रदर्शन से तो निराश हैं, लेकिन अधिकतर अभी भी बसपा के साथ हैं। बाजपा वैश्य, ब्राह्मण, पंजाबी, गैर-यादव ओबीसी और दलितों के एक वर्ग का समर्थन पाकर आगरा में जीतती रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा दोनों द्वारा जाटव प्रत्याशी को मैदान में उतारने से लगभग दो लाख मुस्लिम वोट महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। मुसलमान बड़े पैमाने पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ नजर आ रहे हैं, लेकिन बसपा भी उन्हें लुभाने की कोशिश कर रही है।

### फिरोजाबाद की तस्वीर में कमल और साइकिल के बीच कांटे का मुकाबला

- फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर है। यहां एक-दूसरे के मतदाताओं में सेंध लगाने के प्रयास चल रहे हैं। भाजपा के प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह 2014 मे बसपा से भी चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में भाजपा के डॉ. चंद्र सेन जादौन ने सपा के अक्षय यादव को हराया था। लेकिन भाजपा ने सांसद चंद्र सिंह जादौन का टिकट काट दिया था, जबकि सपा ने अपने राष्ट्रीय महामंत्री राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को तीसरी बार यहां से मैदान में उतारा है। अक्षय यादव ने 2014 में भाजपा के के प्रो. एसपी सिंह बघेल को शिकस्त दी थी। प्रो. रामगोपाल यादव ने फिरोजाबाद में सपा के चुनाव प्रचार और प्रबंधन की कमान संभाल रखी है। बसपा से अलग हुए मंडल प्रभारी सत्येंद्र जैन सोली को सपा में शामिल कर उन्हें राष्ट्रीय सचिव पद दिया है। बसपा ने सोली को पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया था, बाद में प्रत्याशी बदल दिया, जिससे वह नाराज थे। बसपा आगरा के चौधरी बशीर को प्रत्याशी बनाया है। वह तीसरा कोण बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### फतेहपुर सीकरी : यहां इस बार कठिन चुनौती में फंसे भाजपा सांसद

- सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने रामनाथ सिकरवार को उतारा है। वह प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं। प्रियंका उनके लिए रोड शो करके माहौल भी बना गई हैं। 2019 में इस सीट से भाजपा के राजकुमार चाहर संसद चुने गए थे। उन्होंने कांग्रेस के राज बब्बर को हराया था। भाजपा ने चाहर पर फिर से भरोसा जताया है। लेकिन चाहर के प्रति स्थानीय जनता में नाराजगी भी नजर आ रही है। इसके साथ ही फतेहपुर सीकरी से ही भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के बेटे रामेश्वर चौधरी चाहर के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चौधरी बाबूलाल 2014 में भाजपा से यहां के सांसद रह चुके हैं। बसपा से यहां राम निवास शर्मा मैदान में हैं। समीकरण उलझने से कांग्रेस यहां से अपनी जीत की उम्मीद लगा रही है। पार्टी की कोशिश करीब आठ फीसदी मुस्लिम मत बटोरने के साथ ब्राह्मण मतों में सेंध लगाने की है।

### हाथरस में किस बाहरी प्रत्याशी की चमकेगी तकदीर

- भाजपा ने हाथरस सीट से अनूप वाल्मीकि को टिकट दिया है। वह अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और योगी सरकार में राजस्व राज्यमंत्री हैं। अनूप से उम्मीद है कि वह वाल्मीकि वोटरों के साथ ही ओबीसी और सवर्ण वोटरों को भाजपा के पाले में रखने में कामयाब रहेंगे। इसी फॉर्मूले से भाजपा को बीते चुनाव में जीत मिली थी, तब राजवीर सिंह दिलेर जीते थे। इस बार पार्टी ने उन्हें मौका नहीं दिया है। सपा कांग्रेस गठबंधन से भी बाहरी प्रत्याशी जसबीर वाल्मीकि हैं। वह सहारनपुर के रहने वाले हैं। सपा वाल्मीकि वोटों में सेंधमारी करके मुस्लिम और यादव वोटरों के सहारे मुकाबले जीतने की रणनीति को अंजाम देने में लगी है। बसपा ने आगर के हेमबाबू धनगर पर दांव लगाया है। हाछरस में दलित वोटों की संख्या करीब चार लाख है। इसमें करीब ढाई लाख जाटव वोटर है। इनके साथ दनगर और मुस्लिम वोट मिलने से बसपा खुद को लड़ाई में मान रही है।

### आंवला सीट पर भाजपा के सामने चुनौती का दोहरा मोर्चा

- आंवला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने पुराने चेहरे धर्मेंद्र कश्यप पर जीत का दांव लगाया है। सपा ने जातिगत समीकरण देखते हुए पिछड़ा वर्ग के दो बार के विधायक रहे चुके नीरज मौर्या को उतारा है। बसपा ने आंवला के मौजूदा चेयरमैन आबिद अली पर भरोसा जताया है। यहां लड़ाई भाजपा और सपा के बीच नजर आ रही है। हालांकि बसपा का हाथी सपा का खेल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। सपा-बसपा दोनों ने जातिगत संतुलन साधते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। ऐसे में भाजपा के दो बार के सांसद और प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के सामने भी चुनौतियां कम नहीं है। उनकी ओर से कुछ वर्ग के लोगों को लेकर की गई कथित टिप्पणियों से उपजी नाराजगी भाजपा के बड़े नेता लगातार दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। चार दिन में मुख्यमंत्री की दो जनसभाएं और मंच से क्षत्रिय नेताओं का नाम लेकर नाराज इस वर्ग को साधने का काम किया गया है। लेकिन सपा की चुनौती कम नहीं हुई है।

### एटा में सपा का शाक्य पर दांव कितना असरदार

एटा लोकसभा सीट को भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का गढ़ माना जाता रहा है। 2009 में कल्याण सिंह यहां से जीते थे। इसके बाद बीते डेढ़ दशक से यहां विपक्ष वनवास पर है। कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर तीसरी बार इस सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन समीकरण पिछली बार से बदले हैं। सपा इस बार उनके मुकाबले में देवेश शाक्य को चुनाव में लाई है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मो. इरफान को उतारा है। मुस्लिम होने के नाते वह सपा को चुनौती दे रहे हैं। यादव बाहुल्य इस सीट पर सपा के शाक्य प्रत्याशी मैदान में उतारने से कई यादव नेता अखिलेश यादव से नाराज हो गए हैं। एटा सीट पर सर्वाधिक मतदाता लोधी समाज के हैं। इसके बाद यादव और शाक्य भी बहुतायत में हैं। भाजपा सवर्ण, लोधी और शाक्य मतदाताओं के समीकरण पर यहां चुनाव जीतती है, तो सपा यादव, मुस्लिम का मेल बैठाती थी। लेकिन सपा ने इस बार शाक्य प्रत्याशी उतारकर यादव, मुस्लिम और शाक्य का समीकरण बनाया है। सपा जहां शाक्य मतदाताओं का अपने साथ होने का दावा कर रही है, वहीं भाजपा यादव वोट अपने खेमे में आने का प्रचार कर रही है। यह देखने वाली बात होगी कि सपा का शाक्य और बसपा का मुस्लिम दांव कितना असरदार होगा।

# कन्नौज में आसान नहीं 'साइकिल' का सफर

इरा अवस्थी, कन्नौज

- सपा के लिए बसपा संजीवनी भाजपा का कर सकती नुकसान
- सपा दूसरे वर्गों में जितना कर लेगी सेंधमारी, उतना फायदा

**अमृत विचार।** कंकरीली-पथरीली राहों से होते हुए अब कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का चुनाव चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ रहा है। प्रशासन की तैयारियां जोरों से शुरू हैं तो प्रत्याशियों के भाग्य के फैसले की घड़ी की भी उल्टी गिनती शुरू है। इस बार भले ही सपा मुखिया मैदान में हैं और जीत को लेकर आश्वस्त हें लेकिन राह इतनी भी आसान नहीं है। भाजपा प्रत्याशी से सीधी टक्कर है तो बसपा से भी उम्मीदवार मैदान में है। ऐसे में बसपा किसी का खेल बनाने तो किसी का बिगाड़ने का काम करने वाली है।

लोकसभा क्षेत्र कन्नौज एक बार फिर से वीआईपी की श्रेणी में आ गया है। सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां से मैदान में हैं तो सामने फिर से भाजपा के सुब्रत पाठक टक्कर दे रहे हैं तो तीसरी ओर बसपा से इमरान बिन जफर भी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की जुगत में हैं। पार्टी मुखिया के मैदान में होने से सपाई अतिउत्साहित हैं और सौ फीसदी जीत तय मानकर चल रहे हैं। हालांकि वे राह जितनी आसान समझ रहे हैं उतनी तो होने वाली नहीं लगती है। कारण यह कि भाजपा के प्रत्याशी के पास मोदी-योगी के काम के सहारे के अलावा राम मंदिर का भी तुरुप है। यह बात अलग है कि क्षेत्र में कोई काम न होने को लेकर जगह-जगह वोट मांगने जा रहे भाजपाइयों के विरोध का सामना करना पड़ा रहा है। बावजूद इसके वे मानते हैं कि एक वर्ग विशेष के पास भाजपा ही एकमात्र विकल्प है तो वोट तो हर हाल में कमल को ही मिलेगा। उधर, समाजवादी पार्टी बार-बार अपने पुराने विकास कार्य जो कन्नौज की धरती पर कराए वह गिनाने के साथ ही सरकार को घेर रही है कि उसने काम रुकवा दिए। इसके साथ ही देश स्तर के मुद्दे भी देकर जीतने की पूरी कोशिश में हे। दो दिन पहले हसेरन में हुई जनसभा में अखिलेश यादव ने वोट के लिए लगभग सभी दांव खेले। कोरोना वैक्सीन का मुद्दा उठाने के साथ ही बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कह बड़े वर्ग को वोट के लिए प्रेरित करने की कोशिश की।

फिर रसूलाबाद की हवाई पट्टी व तिर्वा के पैरामेडिकल कॉलेज को अवंतीबाई के नाम पर करने का भरोसा दिलाकर लोधी वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश की। क्षत्रियों का भी हिमायती बन वोट से फैसला करने आह्वान किया। बसपा की बात करें तो कोर वोट दलित तो किसी और को न मिलने की बात कही जा रही है जबकि विगत चुनाव में यह वोट भाजपा को गया था। इस तरह से यह बड़ा नुकसान भाजपा को झेलना पड़ सकता है। कौम का वोट बहुत अधिक काट सकेंगे इसको लेकर संदेह है।

अब सपा की जीत का गणित समझें तो यादव और मुस्लिम वर्ग के बारे में माना जाता है कि उनका वोट उसी को जो 'भाजपा को हराए।' राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह वोट तो उनका पक्का है। बताया जा रहा है कि हितों की अनदेखी से व्यापारियों का बड़ा वर्ग भी भाजपा प्रत्याशी से नाराज है तो इसे सपा भुनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ेगी। इसके साथ ही बसपा जितना दलित वोट काटेगी उतना भाजपा को नुकसान तो सपा का फायदा होगा। हालांकि यह तो गुणा-भाग है और जनता फिलहाल मौन है। बात करने पर नाराजगी तो जताती है लेकिन वोट के नाम पर साफ कह दिया जाता है कि मौके पर ही मन बनाएंगे कि किसको चुनें। चुनेंगे उसको ही जो काम कराएगा।

## मांगा समर्थन



शिकोहाबाद में आयोजित जनसभा को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संबोधित किया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव भी रहे।

# गैर यादव ओबीसी से सपा ने रचा चुनावी चक्रव्यूह

चुनाव डेस्क



- पार्टी ने सिर्फ 7 प्रतिशत यादव प्रत्याशी उतारे, भाजपा से केवल एक यादव चुनाव के मैदान में

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की कुल 80 में से 62 सीट पर चुनाव लड़ रही है, 17 सीटें उसने कांग्रेस और एक तृणमूल कांग्रेस के लिए समझौते में छोड़ी है। अब तक यादव-मुस्लिम समीकरण के सहारे चुनावी रण में उतरती आई समाजवादी पार्टी ने इस बार भाजपा को घेरने के लिए नए सिरे से चुनावी रणनीति बनाई है। इसके चलते पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश में सिर्फ इस बार पांच यादव प्रत्याशी उतारे हैं। कन्नौज सीट पर खुद अखिलेश स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं, तो मैनपुरी से उनकी पत्नी डिंपल यादव मैदान में हैं। आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव और फिरोजाबाद सीट से रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा किसी भी सीट पर सपा ने कोई भी यादव प्रत्याशी नहीं दिया है,यहां तक कि पूर्वांचल में भी केवल आजमगढ़ में ही यादव प्रत्याशी उतारने का जोखिम उठाया है, जबकि इस इलाके में करीब आधा दर्जन सीटों पर यादव मतदाता प्रभावी भूमिका में है। सपा ने वर्ष 2009 में 11 तो 2014 में 13 और 2019 के लोकसभा चुनाव में 11 यादव समुदाय के प्रत्याशी प्रदेश में उतारे थे।


बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार चार यादव समाज के प्रत्याशी उतारे हैं। बसपा ने मैनपुरी सीट से शिव प्रसाद यादव, रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव, सीतापुर में महेंद्र यादव और बलिया से ललन यादव को प्रत्याशी घोषित किया था। सपा-बसपा के मुकाबले भाजपा ने यादव बिरादरी से सिर्फ दिनेश लाल यादव निरहुआ को टिकट दिया है। प्रदेश में करीब आठ फीसदी वोटर्स यादव समुदाय के हैं, जो कि ओबीसी समुदाय की कुल आबादी का 20 फीसदी माने जाते हैं। इस तरह ओबीसी समुदाय में सबसे बड़ी आबादी यादव वोटर्स की है, यादवों को टिकट देने में कटौती करने वाली सपा ने कुर्मी समाज पर दरियादिली दिखाई है।

सपा ने 10 लोकसभा सीटों पर कुर्मी समुदाय के प्रत्याशी उतारे हैं, जो पार्टी में किसी एक समुदाय के सबसे ज्यादा उम्मीदवार हैं। यूपी में पिछड़ी जातियों में यादव समाज के बाद सर्वाधिक आबादी कुर्मी समाज की मानी जाती है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुर्मी समाज से लखीमपुर खीरी में उत्कर्ष वर्मा, बांदा से शिवशंकर पटेल, अंबेडकर नगर सीट पर लालजी वर्मा, बस्ती में रामप्रसाद चौधरी, प्रतापगढ़ सीट पर डॉ. एसपी सिंह पटेल, गोंडा सीट पर श्रेया वर्मा, पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार, श्रावस्ती सीट पर राम शिरोमणि वर्मा और फतेहपुर में प्रदेश अध्यक्ष नरेश सचान को प्रत्याशी बनाया है। सपा के प्रत्याशियों की सूची में जातिगत भागीदारी के लिहाज से 48% से अधिक टिकट गैर-यादव ओबीसी को मिले हैं। 2014 और 2019 के मुकाबले यह आंकड़ा दोगुना है।

# भाजपा ने ब्राह्मण और राजपूत को दी बराबर भागीदारी

**बदलते समीकरण**

चुनाव डेस्क




- प्रदेश में पार्टी के लगभग 80 फीसदी प्रत्याशी सामान्य और ओबीसी वर्ग से

### सात महिलाओं पर जताया भरोसा

- नारी शक्ति वंदन बिल पास होने के बाद भले ही पार्टी ने महिलाओं को एक तिहाई भागीदारी की बात कही हो, लेकिन चुनावी मैदान में 10 फीसदी महिलाओं पर ही भरोसा जताया गया है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में सात महिलाओं को ही टिकट दिया है। इसमें भी जातियों का ध्यान रखा गया है। तीन महिला प्रत्याशी सामान्य श्रेणी से हैं तो दो-दो ओबीसी और अनुसूचित जाति वर्ग की हैं। इनमें मथुरा से हेमा मालिनी, सुल्तानपुर से मेनका गांधी, अमेठी से स्मृति ईरानी, फतेहपुर से निरंजन ज्योति, धौरहरा से रेखा वर्मा, बाराबंकी से राजरानी रावत और लालगंज से नीलम सोनकर हैं।

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की 80 में से 75 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पांच सीटों पर पार्टी के सहयोगी दल चुनाव मैदान में हैं। भाजपा की तरफ से सामान्य वर्ग के 33, ओबीसी के 26 और अनुसूचित जाति के 16 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। जातीय समीकरणों के लिहाज से भाजपा ने 13 ब्राह्मण, 13 राजपूत तथा दो वैश्य उम्मीदवार उतारे हैं। इनके अलावा सामान्य वर्ग को पांच और टिकट दिए हैं, जनमें दो भूमिहार प्रत्याशियों के अलावा एक-एक पंजाबी और पारसी प्रत्याशी भी है। भाजपा ने ओबीसी जातियों में सबसे अधिक छह प्रत्याशी कुर्मी समाज से उतारे हैं। इसके बाद चार लोध, तीन जाट, तीन निषाद और दो गुर्जर जाति के लोगों को टिकट दिए गए हैं। पार्टी ने कश्यप, सैनी, यादव, शाक्य, कुशवाहा और तेली जाति का एक-एक प्रत्याशी मैदान में उतारा है। अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों में तो भाजपा ने पासी जाति से छह, खटिक से तीन और जाटव जाति के दो लोगों को उम्मीदवार बनाया है। धनगर, धानुक, बाल्मिकी, गोंड और कोरी जाति से एक-एक प्रत्याशी बनाया है।

इलेक्शन बायस्कोप



भाजपा से लखनऊ संसदीय सीट पर उम्मीदवार राजनाथ सिंह को ईसाई अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी अपना समर्थन दिया है रक्षामंत्री के पक्ष में मतदान करने के लिए अपने समुदाय के लोगों को प्रेरित करते, मोर्चा के पदाधिकारी। -अमृत विचार

## युवाओं के साथ छलावा कर रही भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व देश के युवाओं के साथ छलावा कर रही है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, उप्र युवा कांग्रेस मध्य जोन के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान व प्रदेश महासचिव आर्यन मिश्रा ने संयुक्त तौर पर कहा कि कोई नया निवेश नहीं हो रहा है इसलिए नये रोजगार सृजित नहीं हो रहे हैं। पार्टी नेता शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि अभी हाल ही में इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट आई है जिसमें पता चला कि देश में जो बेरोजगार हैं उसमें से 83 प्रतिशत युवा हैं। यह उस देश की स्थिति है जहां पर 18 से 35 वर्ष के बीच की 60 प्रतिशत की आबादी युवाओं की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जुलाई 2017 में दरोगा भर्ती समेत विभिन्न भर्तियों के लिए परीक्षाएं हुईं, पर पर्चा लीक होने से युवाओं का भविष्य पर संकट आ गया।

# रिश्ते-नातों के भरोसे बाहुबलियों की राजनीति

### लोकसभा चुनाव में फिलहाल एक भी बाहुबली स्वयं मैदान में नहीं

### बृजभूषण पुत्र को तो धनंजय पत्नी को लड़ा रहे चुनाव

### हाईकोर्ट के फैसले पर टिका अफजाल अंसारी का भविष्य

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में बाहुबलियों का चुनाव लड़कर सत्ता में भागीदार बनने के सिलसिले का लगभग अंत हो चला है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बाहुबलियों की राजनीति अब रिश्ते-नातों के भरोसे रह गई है। कोई अपने पुत्र-पुत्री को लड़ा रहा है तो कोई पत्नी को। गाजियाबाद से गाजीपुर तक इसबार एक भी बाहुबली चुनाव मैदान में नहीं है। जिस प्रदेश में बाहुबलियों के भरोसे चुनाव जीते जाते थे, वहां फिलहाल एक भी बाहुबली स्वयं चुनाव नहीं।

यह पहला चुनाव है जिसमें एक भी बाहुबली सीधे तौर पर लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहा है। टिकट न मिलने की परिस्थिति जो भी हो, लेकिन यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत जरूर हैं। जब टिकट नहीं मिला तो बाहुबलियों के रिश्ते-नातों में टिकट दिया गया। संभवतः यहां पार्टियों को जीत की गारंटी दिख रही थी। कानून के लगातार शिकंजा कसने का असर यह हुआ कि धनंजय सिंह स्वयं चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दिलवा दिया। वहीं बृजभूषण सिंह का भारी विरोध हो रहा था, ऐसी स्थित में भाजपा द्वारा उनको टिकट देना संभव नहीं था। इसलिए उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दिया गया। बृजभूषण के बड़े बेटे प्रतीक भूषण भी विधायक हैं। अभी तक प्रतीक भूषण को ही बृजभूषण सिंह का राजनैतिक उत्तराधिकारी माना जा रहा था। बृजभूषण सिंह को टिकट न मिलना इनके राजनैतिक विराम के रूप में भी देखा जा रहा है। हालांकि राजनीति में कुछ भी संभव है। वहीं अफजाल अंसारी के भविष्य का फैसला 13 मई को हाईकोर्ट में होना है।





● **अफजाल ने बेटी नुसरत को भी मैदान में उतारा है**

तीन मई को हाईकोर्ट में उनके भाग्य का फैसला होना था, लेकिन हाईकोर्ट ने तिथि आगे बढ़ाकर 13 मई कर दी। फिलहाल सजा का अंदेशा होने के कारण उन्होंने अपनी बेटी नुसरत अंसारी को मैदान में उतार दिया है। वह अपने पक्ष में प्रचार भी कर रही हैं। उसी तरह सक्रिय हैं जैसे एक प्रत्याशी सक्रिय होता है। बताया जा रहा है कि अगर 13 मई को अफजाल की सजा में अफजाल के अनुरूप कोई संसोधन होता है तो अफजाल ही चुनाव लड़ेंगे अथवा उन्होंने विकल्प के रूप में बेटी को उतार दिया है। अफजाल के चुनाव न लड़ने से एक और बाहुबली चुनाव लड़ने से दूर हो जाएगा। इंडी गठबंधन भी हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहा है। अगले ही दिन यानी 14 मई से गाजीपुर संसदीय सीट के लिए नामांकन शुरू हो जाएगा। ऐसी स्थित में 13 मई के फैसले पर सभी पार्टियों कीनजरहै।

## अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस का फ़ैसला किसी हिस्ट्री से कम नहीं है कि गांधी परिवार ने अमेठी के अपने तथाकथित गढ़ को छोड़ दिया है, यह पहली बार नहीं है। - स्मृति इरानी



यह चुनावी लड़ाई मंदिर बनाने और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों के बीच है। कांग्रेस के शासन में आतंकियों को बिरयानी खिलायी जाती थी, आज मुंह तोड़ जवाब दिया जाता है। - ब्रजेश पाठक



राहुल भारत के मूल सिद्धांत समझना नहीं चाहते। वे जातिगत गणना कराना चाहते हैं। जबकि बहुत से लोग अपनी जाति बताना नहीं चाहते। - जयंत चौधरी



भाजपा के लोग विपक्ष को दबा रहे हैं। इनके मंत्री विधायक जमीनों पर कब्जा रहे हैं। सरकारी संस्थानों को प्राइवेट हाथों में बेचा जा रहा है। -नरेशउत्तमपटेल

# मुस्लिम, यादव और ब्राह्मण के नाम पर सपा-बसपा करेंगी संग्राम

### 15 दिनों में माहौल बदलने की बिसात बिछा रहीं दोनों पार्टियां

### पिता से राजनीतिक ककहरा सीख मैदान में उतरे करण

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** कैसरगंज लोकसभा की जमीन के जर्रे-जर्रे पर नींव खड़ी कर चुके सांसद बृजभूषण शरण सिंह ही धमक पर भाजपा की बांछें खिली हुई हैं, जबकि कैसरगंज की जमीन से दूर रहे नेताओं पर सपा व बसपा ने अपना उम्मीदवार उतार दिया है। उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की तैयार 15 साल के मैदान पर ही बैटिंग करनी है वह भी 15 दिनों में। बृजभूषण की सजाई फील्डिंग पर ही पुत्र भी बैटिंग को उतर चुका है, जबकि सपा मुस्लिम, यादव व ब्राह्मण फैक्टर पर भगतराम को मैदान में उतारा है, और बसपा को कैडर वोट के वापस आने तथा ब्राह्मण वोटरों का सहारा है।

शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन था। भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करण भूषण शरण सिंह को पार्टी ने मैदान में उतारा है। अपने पिता से राजनीतिक ककहरा सीख कर मैदान में उतरे करन को अपने पिता की सजाई फील्ड पर ही बैटिंग करनी है और उनके 15 साल की तैयार जमीन पर ही जीत का पौध लगाना है। कैसरगंज में तरबगंज विधानसभा उनकी अपनी विधानसभा है और यहां से भाजपा के विधायक प्रेम नरायन पांडेय नामांकन के दौरान उपस्थित रहे। दूसरी विधानसभा करनैलगंज है। यहां के विधायक अजय कुमार सिंह भी बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। कटरा बाजार विधानसभा में भाजपा के विधायक बावन सिंह भी बृजभूषण व उनके बेटे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मैदान में डटे हैं। तीसरी विधानसभा कैसरगंज है। वहां भाजपा का विधायक तो नहीं है लेकिन वहां बृजभूषण सिंह की अपनी साख है। पयागपुर में भाजपा के विधायक सुभाष त्रिपाठी हैं और वह भी बृजभूषण के करीबी हैं। ऐसे में कैसरगंज के पांच विधानसभा क्षेत्रों में चार पर भाजपा के सिटिंग एमएलए हैं और पूरी शिद्दत के साथ पार्टी उम्मीदवार के साथ डटे हैं। मुख्यमंत्री ने भी भाजपा के सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में जीत दिलाने की हामी भरवा चुके हैं। ऐसे में भाजपा के नवधा खिलाड़ी को राजनीति की डोर थमाने के लिए तेज तर्रार प्रशिक्षक की भूमिका में विधायक लगे हैं।

उधर समाजवादी पार्टी ने राजनीति के माहिर खिलाड़ी भगतराम मिश्र को मैदान में उतारा है। भगतराम मिश्र लोकसभा व विधानसभा का चुनाव पहले ही अलग-अलग सीट से लड़ चुके हैं। बहराइच लोकसभा से 2004 में चुनाव बसपा से लड़े थे। 2007 में भिनगा विधानसभा का चुनाव लड़े तथा 2017 में कांग्रेस के टिकट पर पयागपुर से चुनाव लड़ चुके हैं। जीत तो उन्हें नहीं मिली परंतु राजनीति के उतार चढ़ाव की जानकारी अवश्य है। मुस्लिम व यादव मतदाता के साथ उन्हें ब्राह्मण मतदाताओं का बैकअप तैयार करने के लिए तरबगंज से राम भजन चौबे, करनैलगंज से पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, कटरा बाजार से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, मुस्लिम नेता मसूद आलम, पयागपुर से पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव का साथ मिला है। कैसरगंज में सपा विधायक आनंद यादव का बल भी प्राप्त है। वहीं बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह का पैतृक घर पयागपुर में है। वह बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के करीबी हैं और पुराने कैडर मतों के साथ ब्राह्मण वोटों पर भरोसा है। कैसरगंज लोकसभा के पांचों विधानसभा में केवल एक बार करनैलगंज में बसपा का विधायक रहा। भाजपा के साथ सपा व बसपा के उम्मीदवारों को मात्र 15 दिनों में सीट फतह करनी है। इसमें किसी की फील्ड सजी है तो किसी को सजाना है।



करण भूषण सिंह




भगत राम मिश्र



नरेंद्र पाण्डे

### जातीय समीकरण का आंकड़ा




### भाजपा के चार विधायकों व बृजभूषण की भी परीक्षा

भाजपा करनभूषण शरण सिंह को लेकर आश्वस्त है और राम तथा विकास के नाम के साथ मोदी व योगी की छवि पर वोट मिलने की उम्मीद जता रही है लेकिन कैसरगंज की सीट उतनी आसान नहीं है जितनी समझी जा रही है। जाति के फैक्टर के साथ जातियों व धर्म रुझान भी बहुत कुछ मायने रखते हैं। कैसरगंज में पांच विधानसभा क्षेत्र है जिसमें चार पर भाजपा का ही कब्जा है। इन चारों विधायकों की भी अग्नि परीक्षा है साथ में 15 साल तक कैसरगंज की नुमाइंदगी कर चुके बृजभूषण शरण सिंह की पैठ व उनके कद की भी परीक्षा होनी है।

### कैसरगंज से तीनों प्रत्याशी पहली बार मैदान में

पहली बार है जब कैसरगंज सीट से लड़ने वाले तीनों दलीय उम्मीदवार पहली बार मैदान में उतरे हैं। कैसरगंज सीट पर भाजपा से करनभूषण पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। सपा से भगत राम बहराइच सीट से एक बार चुनाव जरूर लड़ चुके हैं लेकिन कैसरगंज के लिए उनका चेहरा भी पहली बार सामने आया है। इसी तरह नरेंद्र पांडेय बसपा से मैदान में हैं लेकिन वह भी पहली बार ही चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में तीनों के पास खोने के लिए कुछ नहीं है सिर्फ पाने की जद्दोजहद करनी है। अंतर सिर्फ इतना है कि करन भूषण के पिता की प्रतिष्ठा कैसरगंज से जुड़ी है।

## चुनावी चक्कर

● **डीएम साहब ! भूसा रख लो, चुनाव लड़ने दो :**

बोरी में चिल्लर पैसे भरकर बैंक में जमा करने या कार खरीदने शो-रूम पहुंचने की खबरें तो आती रहती हैं। लेकिन इस बार चुनाव के दौरान कुछ ऐसा दिलचस्प मामला सामने आया है। बलिया में एक प्रत्याशी जिलाधिकारी कार्यालय में भूसा लेकर पहुंच गया। वहां, उसने कहा कि उसके पास नामांकन के दौरान जमानत राशि जमा करने के लिए रुपए नहीं है, ऐसे में वह भूसा और अनाज बेचकर चुनाव लड़ना चाहता है। इस बीच इस शख्स को देखने के लिए तमाशबीनों की भीड़ जुट गई। जब उसने डीएम रविन्द्र कुमार को पत्र देकर भूसा और अनाज बेचकर चुनाव लड़ने की बात कही तो वह भी अपनी हंसी न रोक सके। अब यह भी जान लीजिए आखिर यह शख्स है कौन? इनका नाम है नवीन कुमार राय जो बलिया के पटखौली के रहने वाले हैं और काफी समय से सड़क पर टहलने वाले आवारा पशुओं की सेवा करते हैं। सड़क पर घायल पशु दिखाई देते हैं तो तत्काल उनका इलाज करते हैं। उनका कहना है कि इन बेजुबानों की सेवा बहुत जरूरी है क्योंकि ज्यादातर लोग पशुओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसीलिए वह सांसद बनकर पशुओं के लिए भी बनने वाली नीतियों में शामिल होना चाहते हैं। इससे पहले जब नवीन कुमार बलिया डीएम के ऑफिस जा रहे थे तो राहगीरों ने देखा कि उनके सिर पर एक बोरी रखी थी, जिसमें भूसा और अनाज रखा हुआ था। भूसा और अनाज लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचने की जब नवीन ने वजह बतायी कि तो वहां मौजूद डीएम समेत सभी हंसने लगे। नवीन कुमार ने बताया कि नामांकन करने और सिक्योरिटी मनी जमा करने के लिए उनके पास रुपए नहीं है। ऐसे में वह अपना अनाज और भूसा बेचना चाहते हैं। बेचकर जो रुपए उन्हें मिलेंगे उनसे वे चुनाव लड़ेंगे। बहरहाल, डीएम रविन्द्र कुमार ने नवीन की भावनाओं की कद्र करते हुए उसे सलाह दी कि वह भूसा गोवंश आश्रय केंद्र में दान कर दे और अनाज के सदुपयोग पर भी विचार करे।

# देवरिया में भाजपा और इंडी गठबंधन आमने-सामने, बसपा ने नहीं खोले पत्ते

### मौजूदा सांसद का टिकट काट कर भाजपा ने शशांक मणि को बनाया प्रत्याशी

### इंडी गठबंधन के अखिलेश सिंह हैं मैदान में, बसपा ने नहीं घोषित किया प्रत्याशी

चुनाव डेस्क, लखनऊ


**अमृत विचार :** देवरिया जिले में भी लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बिहार राज्य से सटा यह जिला प्रदेश महत्वपूर्ण जिलों में गिना जाता है, इस सीट से राज्य के कई कद्दावर नेता चुनाव लड़ चुके हैं. देवरिया जिले को मार्च 1946 को गोरखपुर से अलग कर बनाया गया था।

देवरिया संसदीय सीट को 2 जिलों की सीट को मिलाकर बनाया गया। सवर्ण बाहुल्य इस सीट पर अब तक हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा 6 बार और भाजपा 4 बार चुनाव जीत चुकी है। इस सीट से सपा और बसपा ने भी जीत हासिल की। 2019 के लोकसभा चुनाव में देवरिया संसदीय सीट से रमापति राम त्रिपाठी को जीत मिली थी। भाजपा का यहां पर पिछले 10 साल से कब्जा बना हुआ है। देवरिया से भाजपा ने रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर शशांक मणि त्रिपाठी को चुनाव मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह से है। कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह कांग्रेस के प्रवक्ता और दिग्गज नेताओं में गिने जाते हैं। इस सीट पर शशांक जहां पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आ रहे हैं। तो वहीं अखिलेश का जनाधार भी काफी मजबूत है। वहीं बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं जिससे यहां का समीकरण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। फिलहाल सवर्ण बाहुल्य सीट होने के नाते यहां गठबंधन और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला होता दिख रहा है।

2019 के चुनाव में भाजपा ने रमापति राम त्रिपाठी को मैदान में उतारा और उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के विनोद कुमार जयसवाल को हराया। रमापति राम त्रिपाठी को 580,644 वोट मिले तो विनोद कुमार जयसवाल के खाते में 3,30,713 वोट आए। रमापति ने 2,49,931 मतों के अंतर से यह चुनाव जीत लिया। इससे पहले 2014 के चुनाव में भी भाजपा को जीत मिली थी, भाजपा के टिकट पर कलराज मिश्रा ने बसपा के नियाज अहमद को 2,65,386 मतों के अंतर से हराया था, कलराज मिश्रा को चुनाव में 4,96,500 वोट मिले थे।वर्ष 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा उम्मीदवार गोरखप्रसाद जयसवाल ने 2,19,889 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दूसरे स्थान पर भाजपा के उम्मीदवार श्री प्रकाशमणि त्रिपाठी रहे थे, जिन्हें 1,78,110 मतदाताओं का साथ मिल सका था।



शशांक मणि त्रिपाठी।



अखिलेश सिंह।



### 1984 में आखिरी बार जीती थी कांग्रेस


ये सीट आजादी के बाद से 1984 तक सोशलिस्ट और कांग्रेस का गढ़ बनी रही। कांग्रेस ने यहां 1951 में जीत के साथ शुरुआत की। लेकिन 1990 में राम मंदिर आंदोलन के बाद यहां मंडल और कमंडल की राजनीति ने जोर पकड़ लिया। कांग्रेस धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई और मुकाबाल सपा-बसपा और भाजपा के बीच सिमट गया। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां से जीती थी, उस समय दिग्गज नेता राज मंगल पांडेय यहां जीते और केंद्रीय मंत्री बने थे।

### जातीय समीकरण

जातिगत समीकरण की बात करें, तो ये सीट सवर्ण बाहुल्य सीट मानी जाती है। इसमें सर्वाधिक संख्या में ब्राह्मण 27 प्रतिशत हैं, अनुसूचित जाति के लोग 14 प्रतिशत, अल्पसंख्यक 12, यादव 8, वैश्य 8, सैंथवार 6, कुर्मी 5, क्षत्रिय 5, कायस्थ 4, राजभर 4, निषाद 3 प्रतिशत हैं वहींअन्य 4 प्रतिशत मतदाता हैं।


### 2019 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | रमापति राम त्रिपाठी | 5,80,644 |
| बसपा | विनोद कुमार जयसवाल | 3,30,713 |
| कांग्रेस | नियाज अहमद खान | 51,056 |





### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कलराज मिश्र | 4,96,500 |
| बसपा | नियाज अहमद | 2,31,114 |
| सपा | बालेश्वर यादव | 1,50,852 |
| कांग्रेस | सभा कुँवर | 37,752 |




### 2009 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | गोरख प्रसाद जयसवाल | 2,19,889 |
| भाजपा | प्रकाश मणि त्रिपाठी | 1,78,110 |
| सपा | मोहन सिंह | 1,51,389 |
| कांग्रेस | बालेश्वर यादव | 91,488 |




### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,62,393 |
| पुरुष | - 9,85,102 |
| महिला | - 8,77,183 |
| अन्य | - 108 |

**2014 नोटा**
12,405

**2019 नोटा**
13,421



### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1951 | विश्वनाथ राय/सरजू प्रसाद मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | राम जी वर्मा | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1962,67 व 71 | विश्वनाथ राय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | उग्रसेन सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | रामायण राय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राजमंगल पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | राजमंगल पांडे | जनता दल |
| 1991 | मोहन सिंह | जनता दल |
| 1996 | प्रकाश मणि त्रिपाठी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | मोहन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | प्रकाश मणि त्रिपाठी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | मोहन सिंह | समाजवादी पार्टी |

### पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

देवरिया लोकसभा सीट के तहत आने वाली पांचों विधानसभा क्षेत्रों पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में पथरदेवा सीट पर सूर्य प्रताप शाही (उप्र. सरकार में कृषि मंत्री), देवरिया सदर सीट पर शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना सीट पर सुरेंद्र चौरसिया, तमुकुहीराज सीट पर आसिम कुमार और फाजिलनगर सीट पर सुरेंद्र कुशवाहा ने जीत हासिल की।

### सपा नेताओं को था पूरा भरोसा

समाजवादी पार्टी ने देवरिया लोकसभा सीट पर लगभग एक साल पहले ही तीन लोगों को प्रभारी बनाया था, जिसमें पूर्व मंत्री और किसान नेता राधेश्याम सिंह, पूर्व सांसद स्व. मोहन सिंह की बेटी और पूर्व राज्यसभा सांसद कनकलता सिंह और नौकरशाह से नेता बने अशोक सिंह कुशवाहा शामिल थे। तीनों प्रभारियों ने काफी जोर-जोर से अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था। कार्यकर्ताओं को पक्का भरोसा था कि गठबंधन चाहे किसी भी पार्टी से हो, इस बार समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार ही यहां से चुनाव लड़ेगा लेकिन कांग्रेस से गठबंधन के बाद सीट शेयरिंग के फार्मूले ने यहां के सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को मायूस कर दिया है।यह सीट कांग्रेस के खाते में आ गई।

## बसपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं स्वामी प्रसाद



**अमृत विचार, लखनऊः** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य प्रदेश में चुनाव के आखिरी चरण में बसपा से गठबंधन कर सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में शनिवार को ऐसी चर्चाएं होती रहीं। सातवें चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर चुनाव होना है। इसमें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्गंज सीटें शामिल हैं।


मौर्य अपनी पार्टी के ओर से कुशीनगर सीट से खुद को प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं। चर्चा है कि इस सीट पर बसपा से समर्थन लेंगे। इस सीट पर भाजपा ने विजय कुमार दुबे को चुनाव मैदान में उतारा है। इंडी गठबंधन के तहत सपा ने इस सीट पर अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू को टिकट दिया है। बसपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारा है। मालूम हो कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी छोड़ने के बाद राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया। पूर्व में उन्होंने इंडी गठबंधन को समर्थन दिया था, पर सीटों के बंटवारे में इंडी गठबंधन ने ध्यान नहीं दिया, तो उन्होंने कुशीनगर सीट से अपनी पार्टी की ओर से खुद को प्रत्याशी घाषित कर दिया। फिलाल स्वामी के मैदान में उतरने पर यहां का मुकाबला रोचक हो गया है।

# भाजपा-सपा प्रत्याशी की हार-जीत पर लगी 2 लाख की शर्त

- शर्त लगाने वाले और गवाह सहित पेशे से हैं वकील
- सपा और भाजपा प्रत्याशी की जीता पर लगाया है दांव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एक तरफ भाजपा और सपा प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दम भर रहे हैं। लोग मौखिक रूप से हार-जीत पर शर्त लगा रहे हैं लेकिन अब दो अधिवक्ताओं ने लिखित में सपा और भाजपा प्रत्याशी की जीत को लेकर अनुबंध हुआ है। हार-जीत पर दो लाख रुपये की शर्त रखी गई है। जिसका अनुबंध पत्र सोशल साइट्स पर वायरल भी हुआ है।



भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य और सपा प्रत्याशी आदित्य यादव की हार-जीत को लेकर कस्बा उझानी के मोहल्ला गौतमपुरी निवासी अधिवक्ता दिवाकर वर्मा पुत्र कृष्ण गोपाल उर्फ टिल्लन वर्मा और गांव बरामालदेव निवासी अधिवक्ता सतेंद्र पाल पुत्र कल्यान सिंह के बीच शनिवार को दो लाख रुपये की शर्त लगी है।

दस रुपये के स्टांप पर अनुबंध पत्र तैयार किया गया है। अनुबंध पत्र में लिखा गया कि भाजपा प्रत्याशी के जीतने पर सतेंद्र पाल दिवाकर वर्मा को दो लाख रुपये देंगे। अगर सपा प्रत्याशी आदित्य यादव जीतते हैं तो दिवाकर वर्मा परिणाम घोषित होने के 15 दिन के भीतर दो लाख सतेंद्र पाल को देंगे।

अनुबंध पत्र के दो गवाह अधिवक्ता पवन कुमार और विश्वनाथ मौर्य हैं। अनुबंध पत्र में लिखा है कि अगर चुनाव में किसी भी प्रकार की धांधलीबाजी होती है तो अनुबंध पत्र खुद ही निरस्त मान लिया जाएगा। इस शर्त की जिले भर में चर्चा है।

## बसपा के आकाश आनंद की चुनावी रैलियां रद

**लखनऊ, अमृत विचार :** सीतापुर में बसपा के आकाश आनंद के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होने के बाद उनकी प्रस्तावित आगामी चुनावी रैलियां रद कर दी हैं। रैलियां बिना कारण बताए रद की गई हैं।

रैलियां रद होते ही आकाश आनंद चुनावी अभियान को छोड़कर दिल्ली चले गए हैं। पार्टी के लोगों का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने से आहत थे, इसी कारण वो चुनाव प्रचार से पीछे हट गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने शनिवार को बताया कि आकाश आनंद के अन्य प्रांतों में भी चुनावी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, साथ ही कई अन्य जिम्मेदारी भी हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए दिल्ली गए हैं। मालूम हो कि प्रदेश में बसपा अकेले चुनाव लड़ रही है।

# नर्सरी की रखवाली कर रहे किसान को सांड़ ने हमला कर मार डाला

### दियोरियाकलां में शनिवार सुबह हुई घटना से ग्रामीणों का गुस्सा भड़का

संवाददाता, दियोरियाकलां

**अमृत विचार:** आवारा सांड़ को लेकर राजनीति सड़क से लेकर राजनीतिक दलों की सभाओं में गरमाई हुई है। वहीं, हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक और ग्रामीण की जान आवारा सांड़ के हमले में चली गई।


मृतक रामपाल

नर्सरी की रखवाली कर रहे किसान को आवारा सांड़ ने हमला कर मार डाला। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। हादसे के बाद आवारा पशुओं की समस्या का समाधान ना होने को लेकर ग्रामीणों में रोष दिखा। दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनपुरा निवासी रामपाल (55) पुत्र आशाराम खेती करते थे। शनिवार सुबह वह गजरौला गांव के पास स्थित अपने खेत पर लगाई गई यूकेलिप्टस की नर्सरी की रखवाली करने गए हुए थे। एक आवारा सांड़ खेत में पहुंच गया। उसे भगाने के लिए जैसे ही रामपाल आगे बढ़े, सांड़ ने हमला कर दिया। सींगों में फंसाकर ग्रामीण को खेत में ही पटक दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों पर मौजूद काफी लोग जमा हो गए। परिवार वाले भी आ गए। लाठी डंडे फटकार कर सांड़ को भगाया। मगर तब तक रामपाल की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों का कहना था कि आवारा सांड़ का लंबे समय से आतंक है। पहले भी कई ग्रामीणों पर हमला हो चुका है। आवारा सांड़ पकड़वाने की मांग अधिकारियों से की गई थी लेकिन आश्वासन के सिवाए कुछ नहीं मिल सका। नतीजतन एक और ग्रामीण की जान चली गई।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

## उमड़े जनसैलाब से भाजपा परिवार खुशी से सराबोर

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानपुर में पहली बार हुए रोड शो को सफल बताकर भाजपाई इतरा रहे हैं। चौतरफा उमड़े सैलाब को देखकर मोदी मुस्कराते और अभिवादन स्वीकारते दिख रहे थे। भाजपा के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का विषय बन चुकी है। पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो से कुछ दिन पहले गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कानपुर आकर प्रत्याशी रमेश अवस्थी के मोदी के रोडशो में इतना सैलाब उमड़ने के पीछे संगठन की कामयाबी को श्रेय दिया जा रहा है।

## संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा : अखिलेश

**सहसवान/बबराला, अमृत विचार :** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बदायूं लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा सहसवान और गुन्नौर क्षेत्र में जनसभाएं कर पार्टी प्रत्याशी आदित्य यादव को वोट करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस बार सपा जीत का रिकार्ड बनाएगी। कहा कि आदित्य हैं और चाचा शिवपाल हैं। किसी से कुछ नहीं कहना पड़ेगा। सीधे काम होगा। सात तारीख का चुनाव भाजपा को सात समुंदर दूर कर देगा। सहसवान में अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग को धोखा मिला है। भाजपा संविधान खत्म करना चाहती है। उधर, बबराला में अखिलेश यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। यह जो होर्डिंग लगाकर डबल इंजन के फोटो दिखा रहे हैं उनमें से एक इंजन गायब हो जाएगा।

## दरोगा को बस ने कुचला

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार देर रात एक बड़ा हादसा उस समय हुआ जब फ्लाइंग स्क्वायड टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे एक दरोगा को रोडवेज बस ने कुचल दिया। घटना में दरोगा राकेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वाहन बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

# सहारा हास्पिटल हुआ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सुविधाएं बढ़ेंगी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अभय सोई ने कहा कि लखनऊ में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिए लगभग 2500 करोड़ निवेश करने की योजना है। इसमें शहीद पथ के पास 5.6 एकड़ ज़मीन पर 500 बिस्तरों वाला एक नया हॉस्पिटल बनाना और लखनऊ के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की क्षमता बढ़ाना शामिल है।

इसके अलावा यह निवेश अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक लाने में भी मदद करेगा। जिसमें रोबोटिक्स, कैंसर में रेडिएशन थेरेपी, प्रत्यारोपण (लिवर, किडनी, बोन मैरो, हृदय व फेफड़े के प्रत्यारोपण) और नर्सिंग शिक्षा शामिल हैं। मंगलवार को


लखनऊ : मैक्स अस्पताल के चिकित्सक व कर्मचारी। ● अमृत विचार

गोमतीनगर स्थित हास्पिटल में आयोजित प्रेस वार्ता में सोई ने सहारा हॉस्पिटल का नाम बदलकर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल किए जाने की भी घोषणा की। इस हॉस्पिटल को बेहतर बनाने के लिए 150-200 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रहा है। इसमें नए उपकरण, 265 नए बेड और बुनियादी सुविधाओं में बदलाव शामिल हैं। हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए एक नया केंद्र (मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर) भी खोला जाएगा। इसके साथ ही, अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) की सुविधा मज़बूत की जाएगी और बेहतरीन रोबोटिक सर्जरी सिस्टम भी शुरू किए जाएंगे। अत्याधुनिक मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर की शुरुआत, अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम को मजबूत करने और विश्व स्तरीय रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम की शुरुआत के साथ हॉस्पिटल में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि अपने निवेश के जरिए हम यूपी में 10,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

### भावनात्मक रूप से सहारा का नाम जोड़ने की अपील

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोमती नगर स्थित सहारा हॉस्पिटल के मैक्स हॉस्पिटल होने से चिकित्सकीय सेवाओं में विस्तार हुआ है। मरीजों की संख्या बढ़ी है। इस संबंध में अमृत विचार ने लोगों की प्रतिक्रिया ली तो सामने आया कि सहारा समूह से जुड़े तमाम लोग आहत हैं। उनका मानना है कि मैक्स ग्रुप ने भले ही इसे अधिग्रहित कर लिया है, लेकिन मैक्स के नाम के साथ सहारा भी जुड़ा रहता तो लोगों का हॉस्पिटल से सीधे जुड़ाव बना रहता। सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय उर्फ सहारा श्री के निधन के मात्र तीन सप्ताह बाद ही सहारा हॉस्पिटल की बिक्री हुई। हॉस्पिटल का मालिकाना हक बदलते ही यहां अपनी सेवाएं दे रहे लगभग 80 चिकित्सक, 350 नर्सेस, 150 पैरामेडिकल समेत सैकड़ों कर्मचारियों में कई के रास्ते बदल चुके हैं। नए स्वामित्व के आने से सहारा समूह में विभिन्न विभागों व संवर्ग के अधिकारियों व कर्मचारियों को रियायत दर पर मिलने वाली चिकित्सकीय सेवाएं बाधित होने से लोगों को कष्ट है। सहारा के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े तमाम लोगों के साथ, सहारा समूह में अपनी जमा पूंजी खपा बैठे लोग भी आहत हैं, कई लोगों ने बताया कि सहारा हॉस्पिटल बिकने के बाद हम लोगों के धन वापसी की उम्मीद कम हो गई है। लोगों का कहना है कि सहारा श्री अपने हर कर्मचारी को परिवार का सदस्य मानते थे। नए कारपोरेट सेक्टर के हाथों में सहारा हॉस्पिटल जाने के बाद नई सेवा शर्तें क्या होंगी, चिंता सता रही है। वैसे भी देश के लाखों लोग सहारा परिवार से सीधे जुड़े थे। एक समय था जब सहारा हॉस्पिटल लखनऊ की पहचान हुआ करता था।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

**KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE**
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## उत्तराखंड

# खाई में गिरी कार 4 छात्र, 1 छात्रा की मौत

- घूमने के बाद वापस लौट रहे थे आईएमएस और डीआईटी कॉलेज के विद्यार्थी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मसूरी-देहरादून मार्ग पर शनिवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। झड़ीपानी के पास बैंड पर अनियंत्रित हुई एंडेवर कार खाई में गिर गई। जिससे कार में आईएमएस और डीआईटी कॉलेज के चार छात्रों और एक छात्रा की मौत हो गई। एक छात्रा की हालत गंभीर बनी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताया है।

देहरादून स्थित आईएमएस व डीआईटी कॉलेज के चार छात्र व दो छात्राएं मसूरी घूमने गए थे। रविवार सुबह ये लोग एंडेवर कार से वापस लौट रहे थे। झड़ीपानी से पहले ही पानी वाले बैंड पर अनियंत्रित होकर एंडेवर करीब 60 फीट नीचे खाई की तरफ नीचे की सड़क पर जा गिरी। करीब साढ़े पांच बजे वाहन के दुघर्टनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही मसूरी से पुलिस बल, फायर ब्रिगेड के कर्मचारी तथा एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

टीम ने वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। एंडेवर में छह लोग सवार थे, चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवतियों की सांस चल रही थी, उन्हें खाई से रेस्क्यू करके 108 एंबुलेंस के माध्यम से देहरादून हायर सेंटर भेजा गया। लेकिन उनमें से एक युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती का इलाज चल रहा है।

दुघर्टना स्थल के आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। मृतकों में आईएमएस यूनिवर्सिटी के अमन सिंह राणा पुत्र राजेश सिंह राणा (22), निवासी शंकरपुर, निकट डी0आई0एम0एस0 कॉलेज गेट, सहसपुर, दिंग्याश प्रताप भाटी (23), निवासी ज्वालापुर हरिद्वार व तनुजा रावत (22), निवासी रूड़की हरिद्वार, डीआईटी यूनिवर्सिटी के ह्रदयांश चंद्र (24) निवासी अनपरा सोनभद्र उप्र हैं। इसके अलावा आईएमएस पास आउट अशुतोष तिवारी, निवासी मुरादाबाद हैं।

## बनमीत के भाई से 130 करोड़ की बिटकॉइन बरामद

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को 130 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की क्रिप्टोकरेंसी 'बिटकॉइन' जब्त की है। यह क्रिप्टोकरेंसी डार्क वेब के जरिये ड्रग तस्करी करने वाले बनमीत सिंह नरूला के भाई की निशानदेही पर बरामद की गई है।

हल्द्वानी के गुरुतेगबहादुर गली, तिकोनिया निवासी बनमीत सिंह नरूला ड्रग तस्कर है। इन दिनों वह अमेरिका में बंद है। अमेरिका के अनुरोध पर प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में धन शोधन जांच के तहत जांच कर रही है।

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पीलीभीत**
वअदालत श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पीलीभीतमुकदमा नं. 550/2023 नीरज कुमार जायसवाल पुत्र रमेश चन्द्र जायसवाल निवासी मो. पुराना अस्पताल कस्बा व थाना बिलसंडा तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत बनाम प्रतिवादी श्रीमती निशा जायसवाल पत्नी नीरज कुमार जायसवाल पुत्री विजय प्रकाश C/o जय सिंह हाल निवासी राज नगर कालोनी, अमृत विचार वाली गली/ इंजीनियर राकेश शुक्ला के मकान के सामने, थाना बारादरी जनपद बरेली।
वाजेही कि आपके खिलाफ एक नालिश दफा 13 (1ए) (1बी) दायर की है अत: आप दिनांक 22 माह 05 सन् 2024 वबक्त बजे दिन असालतन या विकालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल म4ुकदमा हो उक्त दिनांक पर अपनी जवाबदेही पेश करो या आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को व नीज दस्तावेज जिनकी सहादत पर आप ताईद अपनी जवाबदेही दस्तदकाल करना चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समाज आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूह फैसला होगा। दिनांक 30 माह 04 सन् 24 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
हस्ताक्षर

# नैनीताल से धानाचूली तक जल उठे जंगल


बल्दियाखान क्षेत्र के जंगल में लगी भीषण आग को बुझाता दमकल कर्मी।

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जंगलों में आग लगने का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की देर रात शहर से सटे खुर्पाताल, भवाली, भीमताल, कालाढूंगी, धानाचूली और मंगोली के जंगलों में भीषण आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल और वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी देते हुए अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया विभिन्न स्थानों पर जंगलों में लगी भीषण आग को नियंत्रित करने में संयुक्त टीम देर रात तक जुटी रही। आग को नियंत्रित कर लिया गया है।

**देवीधूरा के जंगल में ग्रामीण ने लगाई आग :** नैनीताल के समीपवर्ती गांव देवीधूरा में देर शाम एक ग्रामीण ने आग लगा दी। जिसके बाद आग जंगल में फैल गई। शुक्रवार की देर रात देवीधूरा के सैड़ीखान तोक के एक घर के समीप ग्रामीण ने जंगल में आग लगा दी। देखते ही देखते आग जंगल में फैल गई।

## वनाग्नि की चपेट में आई चौथी महिला भी हार गई जिंदगी की जंग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** बीते दिनों सोमेश्वर विधानसभा के स्यूनराकोट गांव में वनाग्नि की भीषण घटना में झुलसी चौथी महिला श्रमिक ने भी दम तोड़ दिया है। महिला को प्राथमिक उपचार के बाद अल्मोड़ा से एसटीएम हल्द्वानी और वहां से गंभीर हालत में ॠषिकेश अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। इस हादसे में एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि तीन अन्य ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है।

गुरुवार की शाम आग में जलकर दीपक की मौके पर ही मौत हो गई थी। उपचार के दौरान शुक्रवार को ज्ञान बहादुर ने भी दम तोड़ दिया। जबकि गंभीर हालत में हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर तारा की सांसे भी अस्पताल पहुंचने से पहले ही रूक गई। चौथी महिला श्रमिक पूजा का एसटीएच हल्द्वानी में उपचार किया गया। लेकिन शुक्रवार की देर शाम ॠषिकेश अस्पताल में पूजा ने भी दम तोड़ दिया है।

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली**
पत्रांक : एस.एस.ए./एम.आई.एस./352-C/2024-25 दिनांक : 03.05.2024

**विज्ञप्ति**
जनपद बरेली में कक्षा 1 से 12 (कक्षा 1 से 5, 6 से 8, 1 से 8, 1 से 10, 9 से 12, 11 से 12, 6 से 10, 6 से 12 एवं 1 से 12) तक संचालित कुल 2484 परिषदीय विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, राजकीय विद्यालय, मान्यता प्राप्त (अनुदानित/गैर अनुदानित) विद्यालयों, के.जी.बी.वी. एवं समाज कल्याण विभाग, आई.सी.एस.ई., सी.बी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त विद्यालय मदरसा आदि द्वारा यू-डायस पोर्टल पर ऑनलाईन वर्ष 2023-24 में अध्ययनरत स्टूडेंट डाटा की फीडिंग/अपडेट की गयी है। विद्यालय द्वारा अध्ययनरत फीड किये गये छात्र/छात्राओं को PEN नं. आवंटित है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अब शासन/विभाग द्वारा योजनाओं के लाभ प्राप्त करने तथा अन्यत्र विद्यालय में दाखिला कराने में बच्चे के PEN (Permanent Education Number) नम्बर की आवश्यकता होती है। अत: अभिभावकों से भी अनुरोध है कि जिस विद्यालय में आपका बच्चा अध्ययनरत है, उसी विद्यालय के माध्यम से यू-डायस पोर्टल पर छात्र/छात्रा का नाम रजिस्टर्ड कराना चाहिए। यदि कोई भी छात्र-छात्रा यू-डायस पोर्टल पर फीडिंग से वंचित रह जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व विद्यालय का होगा। विद्यालय द्वारा स्वयं अपने लॉगइन से अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का विवरण पोर्टल पर फीड किया जाता है। जनपद में कुल 5070 विद्यालय यू-डायस+ पोर्टल पर रजिस्टर्ड है, जिसका विवरण https://src.udise plus.gov.in पर भी उपलब्ध है परन्तु अभी भी कतिपय विद्यालय यू-डायस+ पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है जिससे ऐसे विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का PEN आवंटित न होने से दूसरे विद्यालय में प्रवेश के समय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अत: ऐसे विद्यालय जिनको यू-डायस कोड आवंटित नहीं है और जिन्होंने आवेदन भी नहीं किया है वह यू-डायस कोड के लिए दिनांक 15.05.2024 तक सम्बन्धित ब्लॉक संसाधन केन्द्र/खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सम्पर्क कर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि यू-डायस कोड आवंटन हेतु पोर्टल खुलने पर यू-डायस कोड विहीन विद्यालयों को कोड आवंटन हेतु आवेदन किया जा सके। यू-डायस+ पोर्टल पर विद्यालय नहीं होने पर विद्यालय की मान्यता प्रत्याहरण की जायेगी। सर्व साधारण को यह भी सुझाव दिया जाता है कि यू-डायस कोड विहीन विद्यालयों में अपने पाल्यों का प्रवेश कदापि न करायें।

(रणधीर सिंह) एम.आई.एस. इंचार्ज, बरेली।
(संजय सिंह) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली।

# फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह होते थे प्रश्नपत्र लीक

## अब तक की जांच में 29 गिरोह सक्रिय पाए गए, 196 आरोपी किए गए गिरफ्तार

विनय सिंह, लखनऊ

- सख्त कार्रवाई से शातिरों को संदेश, फिर पर्चा लीक हुआ तो छोड़ेंगे नहीं :अमिताभ यश

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा एवं नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को आउट कराने वाले हर उस व्यक्ति तक एसटीएफ पहुंचेगी, जो आंशिक रूप से भी इस कड़ी में जुड़ा था। एसटीएफ का मुख्य उद्देश्य उस साहस को भी तोड़ना है, जो शिक्षा माफिया लगातार कर रहे हैं।

दोनों परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल 196 आरोपियों को एसटीएफ और यूपी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। सूचनाओं के संकलन में जो स्थिति नजर आ रही है, उससे यह लगता है कि यह संख्या 400 तक जा सकती है। बताया जा रहा है कि पूरे प्रदेश में सिर्फ परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में 29 गिरोह सक्रिय थे। एसटीएफ पूरे गिरोह का सफाया करने में जुटी है, ताकि भविष्य में परीक्षार्थियों के भविष्य से कोई खिलवाड़ न कर सके।

एसटीएफ चीफ के मुताबिक, अब तक की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उससे लगता है कि फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा आउट के कार्य को अंजाम दिया जा रहा था। एसटीएफ द्वारा की गई कार्रवाइयों में 16 मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्त में आए हैं। जिला पुलिस की कार्रवाइयों पर गौर किया जाए तो यह संख्या 196 पहुंच गई है।

एसटीएफ सिर्फ सजा दिलाने में नहीं लगी है, बल्कि इस कार्य में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यही नहीं यह पता चलने पर कि आरोपियों द्वारा पर्चा आउट कराने पर अर्जित किए धन से संपत्तियां खरीदी गई हैं, वह संपत्ति भी कुर्क होगी। एसटीएफ मुख्यालय ने इसके लिए रणनीति तैयार कर ली है। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए एसटीएफ न्यायालय में भी ढंग से पैरवी कर रही है। बताया जा रहा है कि एसटीएफ के कई कार्मिक अभी भी आरोपियों की तलाशी और छापेमारी में जुटे हुए हैं।

> एक फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा लीक कराने का कार्य किया जा रहा था। सॉल्वर के लिए अलग गिरोह, अभ्यर्थी लाने का अलग गिरोह, एडवांस लेने, अभ्यर्थियों को सूचित करने जैसे तमाम क्रम बने हुए थे। पर्चा लीक कराने में शामिल अंतिम व्यक्ति तक हम पहुंचेंगे। यह कार्रवाई एक संदेश है, ताकि कोई भविष्य में भी इस तरह की गलती न करे।
> – **अमिताभ यश**, एडीजी कानून व्यवस्था, उप्र. पुलिस



# बसपा के जिलाध्यक्ष व उपाध्यक्ष को जूतों की माला पहनाकर पीटा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बसपा जिला उपाध्यक्ष को जूतों की माला पहनाता एक पार्टी कार्यकर्ता।

**अमृत विचारः** डुमरियागंज लोक सभा सीट पर बार-बार बसपा प्रत्याशी बदलने तथा बाहरी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाए जाने से शनिवार को कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। गाड़ी रुकवारकर बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र गौतम व जिला उपाध्यक्ष मो.शमीम को जूतों की माला पहनाने के बाद उनकी जमकर पिटाई की। इस मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कार्यकर्ता इससे काफी आक्रोश में थे कि पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थानीय स्तर पर किसी भी कार्यकर्ता को टिकट न देकर बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बना दिया। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों पर पैसा लेकर पार्टी को गुमराह करके बाहरी व्यक्ति को टिकट दिलाने का आरोप लगाया। कहा कि पार्टी द्वारा ख्वाजा शमसुदीन का टिकट काटकर गोरखपुर के रहने वाले नदीम मिर्जा को प्रत्याशी बना दिया।

## सार-संक्षेप

### तीसरे चरण के चुनाव के लिए 5 को थम जाएगा प्रचार

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के चुनाव के लिए पांच मई की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान की तैयारी के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद सभी दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बाहरी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला व बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस चरण के निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली जिले में आते हैं।

### अतुल अंजान का हुआ अंतिम संस्कार

**लखनऊ, अमृत विचार :** सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव कामरेड अतुल अंजान का शनिवार की शाम को विद्युत शव दाह गृह में अंतिम संस्कार कर दिया गया। शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में अतुल अंजान के निधन के बाद यह तय हुआ था कि सुबह नौ बजे से 10 बजे तक उनके हलवासिया स्थित आवास पर और इसके बाद डेढ़ बजे तक पार्टी दफ्तर में अंतिम दर्शन का कार्यक्रम चलेगा। अतुल अंजान के अंतिम दर्शन के लिए सीपीआई महासचिव डी राजा, रानी राजा, एटक की अमरजीत कौर, सीपीआईएम के महामंत्री बीजू कृष्णन, राज्य सचिव हीरालाल, विक्रम सिंह, सीपीआई के प्रदेश मंत्री अरविन्द राय, डॉ. गिरीश, समाजवादी पार्टी से राजेन्द्र चौधरी, अरविन्द सिंह गोप, रविदास मेहरोत्रा, कांग्रेस से अमीर हैदर, रमेश श्रीवास्तव, आशीष अवस्थी, राष्ट्रवादी कांग्रेस से डॉ. रमेश दीक्षित, सिराज मेहदी, वंदना मिश्रा, शकील सिद्दीकी, वीरेन्द्र यादव, इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कबीर, नाइश हसन और अतुल अंजान की बहनों की मौजूदगी रही।

### राहुल गांधी समेत आठ के पर्चे मिले सही, 16 खारिज

**रायबरेली,अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 20 मई को होने वाले जिले में मतदान को लेकर 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 3 मई तक चली थी। प्रक्रिया के तहत 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच हुई। आधे-अधूरे व गड़बड़ी वाले 16 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। राहुल समेत कुल 8 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए हैं। 6 मई को नाम वापसी के बाद ही प्रत्याशियों की तस्वीर साफ होगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ चौधरी के अनुसार राहुल गांधी( कांग्रेस), दिनेश प्रताप सिंह, (भाजपा), ठाकुर प्रसाद (बसपा), सुदर्शन राम (भारतीय पंचशील पार्टी), रोहिताश (सारस्वत मानवतावादी पार्टी), मो मोबीन 9अपना दल कमेरवादी), दिलीप सिंह (अखिल भारतीय अपना दल) और होरीलाल (निर्दल) के नामांकन पत्र सही मिले।

### गाजियाबाद के पूर्व एमएलसी के मामले में जवाब तलब

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मारपीट, आगजनी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल पूर्व एमएलसी कृष्ण कुमार शर्मा के मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब करते हुए मामले को जुलाई के दूसरे सप्ताह के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। याचिका में संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही के साथ समन आदेश और आरोप पत्र खारिज करने की मांग की गई है, जिस पर कोर्ट ने अपने अगले आदेश तक याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने पूर्व एमएलसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

# आईआईए के दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए नीरज सिंघल

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- आईआईए के चुनाव में कई राज्यों के उद्यमी हुए शामिल



दोबारा आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने पर नीरज सिंघल को बधाई देते सदस्य।

**अमृत विचारः** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन( आईआईए) के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल वर्ष 2024-25 में भी इसी पद पर बने रहेंगे। वह, चुनाव अधिकारी नवीन खन्ना के नेतृत्व में अप्रैल प्रथम सप्ताह से चल रही चुनाव प्रक्रिया में निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं।

आईआईए भवन लखनऊ में शनिवार को चुनाव अधिकारी के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुई। आईआईए के 21 चयनित केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों ने वर्ष 2024-25 के लिए नीरज सिंघल को आईआईए का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना। उनका यह दूसरा कार्यकाल है और आगामी 30 जून 2025 तक रहेगा । 20 सालों से संगठन में विभिन्न पदों पर कार्यरत, नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि आईआईए मिशन ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवड्र्स इंडस्ट्री 4.0 एंड 48 पर अपना कार्य जारी रखेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक उत्पाद ले जाने के लिए बिल्ड भारत एक्सपो का आयोजन और आईआईए एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन सेंटर को मजबूत बनाया जायेगा। बैठक् में कई राज्यों से लगभग 100 से अधिक आईआईए पदाधिकारियों व उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया।

# गैंगस्टर मामले में मुख्तार का नाम हटा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी गैंगस्टर मामले में शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश,एमपी/एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता मथुरा प्रसाद वर्मा ने बताया कि मुख्तार अंसारी से जुड़े गैंगस्टर मामले में कोर्ट ने मुख्तार की मृत्यु होने के उपरांत उसका पत्रावली से नाम हटा दिया है। सुनवाई के दौरान इसी मामले से जुड़े अन्य अभियुक्त जिनमें डॉ. अलका राय, राजनाथ यादव, शेषनाथ यादव, आनंद यादव और मोहम्मद मुजाहिद कोर्ट में उपस्थित थे। शेष अन्य अभियुक्तों की गैर हाजिरी माफी उनके अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को दी गई जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बताते चलें कि मुख्तार अंसारी विधायक होने के कारण इस गैंगस्टर मामले की सुनवाई विशेष एमपी एमएलए कोर्ट में अभी तक हो रही थी।

# मामूली अपराधों के आधार पर किसी को गुंडा नहीं ठहराया जा सकता

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- आदतन अपराधी ही गुण्डा माना जा सकता है : हाईकोर्ट



**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केवल एक अपराध के आधार पर किसी व्यक्ति के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम,1970 के तहत नोटिस जारी कर कार्यवाही करने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इस न्यायालय के पूर्व आदेशों के बावजूद राज्य सरकार ने उक्त अधिनियम की प्रयोज्यता के संबंध में जिला मजिस्ट्रेटों को कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किया है, जिसके कारण वे और उनके अधीनस्थ लगातार इस अधिनियम के तहत अवैध नोटिस जारी कर रहे हैं।

कोर्ट का मानना है कि इस तरह की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। इसे कहीं से भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है। कोर्ट ने विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को केवल एक या दो कृत्यों के आधार पर गुंडा नहीं ठहराया जा सकता है। इसके लिए ठोस कारण होने चाहिए।

उसे केवल तभी गुंडा माना जा सकता है, जब वह आदतन अपराधी हो।उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक), हापुड़ द्वारा अधिनियम,1970 की धारा 3/4 के तहत पारित कारण बताओ नोटिस के खिलाफ दाखिल रवि की याचिका पर सुनवाई के दौरान की, साथ ही कोर्ट ने राज्य को 2 महीने के भीतर 20 हजार रुपए जुर्माना याची को देने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने विवादित नोटिस रद्द करते हुए सचिव, गृह विभाग, यूपी सरकार, लखनऊ को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि राज्य की शक्तियों का प्रयोग करने वाले लोक सेवक कानून की सीमा में रहकर विशेष अधिनियमों का प्रयोग करें अन्यथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही हो सकती है।

बता दें कि याची को आईपीसी, गोवध निवारण अधिनियम और महामारी रोग अधिनियम,1987 की विभिन्न धाराओं के तहत मामले में फंसाया गया था।

# सिखों ने पीएम से मांगा अल्पसंख्यकों में अलग हिस्सा

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य की मौजूदगी में गुरुद्वारा समिति ने माइक्रो माइनॉरिटी की मांग की
- पीएम नरेंद्र मोदी ने रुमाला साहेब चढ़ाया, समिति ने सिरोपा और कृपाण की भेंट

**अमृत विचारः** गुमटी गुरुद्वारा में माथा टेकने शनिवार को पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी से सिखों ने माइक्रो माइनॉरिटी की मांग रखी। उप्र. अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह की मौजूदगी में गुरुद्वारा समिति के प्रधान हरजीत सिंह कालरा ने पीएम मोदी से कहा कि उन्हें अल्पसंख्यकों में अलग हिस्सा दिया जाए ताकि सिख समुदाय का सही मायने में विकास हो सके और नये रास्ते खुलें।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुद्वारा साहिब श्री कीर्तनगढ़ पर रुमाला सहिब चढ़ाया। यह पीएम मोदी अपने साथ ही लेकर आये थे। समिति के कमलजीत सिंह बग्गा ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने पहले गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और उसके बाद परिसर में ही बैठ गये। इस दौरान पीएम के साथ गुरुद्वारा समिति के कुल 19 लोग परिसर में मौजूद थे। प्रधान हरजीत सिंह कालरा और गुरुद्वारा समिति ने पीएम मोदी और योगी का करतारपुर कॉरिडोर, 1984 के सिख दंगे में एसआईटी गठित करने, लाल किले और मुख्यमंत्री आवास में कीर्तन शुरू करने और वीर बाल दिवस घोषित करने पर उनका शुक्रिया किया।

समिति ने इसके बाद पीएम मोदी और सीएम योगी को सिरोपा और कृपाण भेंट की। पीएम मोदी इसी के साथ सबसे मिलते हुए बाबा मोहन सिंह जी के कमरे में गए जहां गुरुद्वारे की तरफ से मिश्री का प्रसाद दिया गया। इसके बाद वह रोड शो के लिए निकल गए।

# विश्वविद्यालय ने लॉक किया फीस का डाटा, अब विभाग की बारी

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग की ओर से मौका मिलने के बाद विवि और एफिलियेटिंग एजेंसी ने मास्टर डाटा लॉक कर दिया है। अब जिला समाज कल्याण अधिकारियों को सात मई तक डाटा मिलान कर अग्रसारित करना होगा। बता दें कि अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की कक्षा दस से ऊपर की कक्षाओं और पाठ्यक्रमों की छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षण संस्थानों फीस का डाटा लॉक नहीं कर पाए थे। डाटा लॉक न होने के कारण प्रदेश के 13 हजार 500 छात्र-छात्राओं की फीस फंस गई थी। विभाग ने डाटा लॉक करने के लिए दोबारा मौका देते हुए 30 अप्रैल से 3 मई तक के लिए पोर्टल खोला था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि बताया कि विवि और एफिलियेटिंग एजेंसी ने डाटा लॉक कर दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी 7 मई तक डाटा सत्यापित कर अग्रसारित करेंगे। डाटा सही पाए जाने पर फीस की राशि खाते में हस्तांतरित की जाएगी।

# हज यात्रियों का टीकाकरण शुरू, पहली उड़ान 9 को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हज 2024 के तहत राजधानी के हज हाउस में शनिवार को हज यात्रियों के वैक्सीनेशन का काम शुरू कर दिया गया। 166 हज यात्रियों ने हज हाउस पहुंचकर वैक्सीनेशन कराया।

राज्य हज समिति ने हज यात्रियों को भेजे सन्देश में स्पष्ट कहा है कि हज पर जा रहे हज यात्री समय रहते अपनी मेडिकल जांच और टीकाकरण का काम पूरा कर लें क्योंकि इसके आभाव में वह लखनऊ से मक्का-मदीना की उड़ान नहीं भर पाएंगे। जानकारी मिली है कि हज यात्री अपने साथ 47 किलो सामान ले जा सकते हैं। इसमें दो बैग में 20-20 किलो सामान रखा जायेगा और एक बैग में सात किलो सामान होगा जिसे हज यात्री अपने साथ रख सकेगा।

# प्रदेश में होंगी कांग्रेस और सपा की संयुक्त रैलियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दोनों संगठनों के नेता कार्यक्रम को दे रहे अंतिम रूप

**अमृत विचार:**प्रदेश के राजनीतिक मैदान में दो लड़कों यानि राहुल और अखिलेश की जोड़ी जल्द रोड शो, जनसभा करतीं नजर आएंगी। राज्य में सपा और कांग्रेस की साझा रैलियां करने के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। इनके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को इसके लिए तारीखें और स्थान तय करने को लेकर दोनों दलों के नेताओं के बीच बातचीत भी हुई है। शुरुआत में कन्नौज, कानपुर, बाराबंकी और लखनऊ में ऐसी रैलियां हो सकतीं हैं। कुछ सीटों पर बड़े नेताओं का प्रवास भी संभव है।

दरअसल, प्रत्याशियों की तरफ से आई मांग के मुताबिक रैलियों की संख्या, स्थानों और तारीखों का प्रस्ताव कांग्रेस ने सपा को भेजा है। सपा नेतृत्व तारीखों का अपने कार्यक्रम के मुताबिक आकलन कर रहा है और शीघ्र निर्णय सार्वजनिक किया जाएगा। इसके बाद अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी आदि की संयुक्त रैलियां एक साथ हो सकती हैं। इनके साथ आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मंच पर नजर आ सकतीं हैं। वहीं, प्रचार में शामिल होने वाले नेताओं में राज बब्बर, मल्लिकार्जुन खरगे और दीपेंद्र हुड्डा के नाम भी हैं। जबकि, सपा की तरफ से अखिलेश के अलावा, प्रो. राम गोपाल, शिवपाल यादव और डिंपल यादव के नाम हैं।

## वर्ग पहेली-60

**बाएं से दाएं**

1.1. शब्द, आवाज़, ध्वनि 2. किसी संत या महात्मा के उपदेश, किसी संत कवि की वाणी या भजन

4.1. होलिका दहन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला हिंदुओं का एक त्योहार जिसमें लोग एक-दूसरे को रंग

6.1. शत्रु आदि द्वारा उत्पन्न किसी प्रकार के संकट से प्राण बचाने की क्रिया या भाव 2. उक्त आशय से किसी की शरण में जाने की क्रिया या भाव 3. शरण लेने का स्थान, शरण्य, आड़, आश्रय 4. रक्षा, बचाव। (मु.) -मांगना : शरण लेना, किसी से संरक्षण मांगना।

8.1. आतश, अग्नि, आग 2. अत्यधिक गरमी, ताप 3. विस्फोटक 4. गुस्सा, क्रोध।

10.1. दो व्यक्तियों का आपसी झगड़ा 2. शत्रुता, दुश्मनी।

**ऊपर से नीचे**

2.1. कुश्ती लड़ने और कसरत करने का स्थान; व्यायामशाला 2. किसी धार्मिक मत या संप्रदाय विशेष के साधुओं की मंडली


3. चंडी के पति अर्थात शिव, चंडीश।

5.1. वाह, ख़ूब, अच्छा

7. नाश करना, नष्ट करना।

8.1. शुरू, शुरुआत, आरंभ 2. पहल 3. लक्षण, आसार।

9. संभोग, रति-क्रिया, सहवास, स्त्री-पुरुष का समागम।





### वर्ग पहेली -59 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बं | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 अँ | ■ |
| द | ■ | 3 मा | लि | य | त | ■ |
| गी | ■ | हो | ■ | ■ | ड़ी | ■ |
| ■ | 4 दि | ल | रु | बा | ■ | 5 अं |
| ■ | ठि | ■ | ■ | ■ | ■ | शु |
| ■ | या | ■ | ■ | 6 धौं | क | ना |
| 7 शो | र | से | नी | ■ | ■ | भि |

## सुडोकू -139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 1 | 3 | |
| 6 | | 3 | 7 | | | | | |
| 1 | | | | 8 | | | | 7 |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 6 | | | | | |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| 9 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | 8 | | 2 | 9 | | |
| 2 | 4 | | | 6 | | | | |

### सुडोकू -138 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मई रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 17 .42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19 .57 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज नए अनुबंधों को लेकर सावधान रहें। अपना समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद न करें। कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। आपको कोई भी नया काम शुरू नहीं करना चाहिए। आपको आत्मसम्मान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** — आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप समस्याओं का समाधान करने में जुटे रहेंगे। इसमें आपको अच्छी खासी सफलता भी मिलेगी। व्यापार में आपके नये सहयोगी बन सकते हैं।

**मिथुन** — आज थोक कारोबारियों के लिए दिन शानदार है। उच्च अधिकारी आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आपके व्यक्तित्व में काफी सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं।

**कर्क** — आज आपके ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अपने संबंध खराब न करें। नया काम करने में आपको थोड़ी असुविधा हो सकती है। आपकी योग्यता पर लोग संदेह कर सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं।

**सिंह** — आज सोने-चांदी के व्यापारियों को थोड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी के साथ विवाद को बढ़ावा न दें। सूनसान जगहों पर अकेले जाने से आपको बचना चाहिए। नकारात्मक लोगों की संगत के कारण आप काफी निराशा का अनुभव करेंगे।

**कन्या** — आज व्यापारी वर्ग को पुरानी क्रेडिट के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। दांपत्य जीवन में आपसी सहयोग में वृद्धि होगी। दान-पुण्य आदि में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। आप प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करेंगे। इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**तुला** — आज सोच-समझकर आपको शब्दों का चयन करना चाहिए। पड़ोसियों के साथ कहासुनी हो सकती है। ईर्ष्यालु लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। आप परिवार के साथ समय व्यतीत करना पसंद करेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी। आय में निश्चितता बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों की उन्नति से मन उल्लासित रहेगा। प्रेम प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — आज अनुभवी व्यक्तियों के साथ समय बिता सकते हैं। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उन्नति होगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाकर रखें। अनावश्यक यात्राओं के कारण थकान और सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

**मकर** — आज आपके ज्यादातर काम फोन के माध्यम से हो सकते हैं। आपके संवादकौशल का विशेष लाभ आपको मिलेगा। व्यापार में आप अभिनव प्रयोग कर सकते हैं। जॉब में विशेष अनुकूलता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ** — आज कारोबार के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। समाज सेवी संस्थाओं में आप जुड़ सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच-समझकर वक्तव्य देना चाहिए। तनाव लेने से आपको बचना चाहिए।

**मीन** — आज आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में आपको उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। घर और व्यवसाय में आप सामंजस्य स्थापित कर पाएंगे। दांपत्य संबंधों की खटपट दूर होगी। अपना ध्यान सिर्फ अपने काम पर रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्रेम दीवाने — दोपहर : 12 .00
परदेसी बाबू — रात : 08 .55

&pictures
सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 10 .53
द कश्मीर फाइल्स — रात : 08 .00

SONY PIX
होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 10 .48
द वॉटर हार्स — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — सुबह : 11 .25
रेस — रात : 07 .45

colors CINEPLEX
हेलो ब्रदर — सुबह : 07 .52
टाइगर नागेश्वर राव — शाम : 06 .29

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात : 07 .45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार,सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।



## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपरजायंट्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 424 |

# एलएसजी को घर में केकेआर देगी कड़ी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा।

मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गए है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है।



एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच मे टीम ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) ने 83 रन की अच्छी साझेदारी करके टीम को बचाया। गेंदबाजों ने लगातार विकेट चटकाते हुए मुंबई को 18.5 ओवर में आउट कर 24 रन की यादगार जीत दर्ज की।

## सीएसके के खिलाफ पंजाब की निगाह लगातार दूसरी जीत पर

**धर्मशाला।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी जिससे टीम मुश्किल में है। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है और पांच बार की चैंपियन उम्मीद करेगी कि स्थान बदलने से उसका भाग्य भी बदल जायेगा क्योंकि नॉकआउट चरण में अपना स्थान पक्का करने क लिए महज चार मैच बचे हैं। सीएसके हरप्रीत बरार और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ मध्य के ओवरों में तेजी नहीं दिखा सकी जिससे उसने सात विकेट पर 162 रन का स्कोर बनाया था। उनकी बल्लेबाजी भी कप्तान रूतुराज गायकवड़ और शिवम दुबे पर निर्भर होती जा रही है तथा जैसे ही इनमें से एक विफल होता है, वैसे ही टीम के अनिरंतर बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। गायकवाड़ ने सत्र का पांचवां 50 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया जबकि अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे।



# मुंबई ने दूसरी बार जीता आईएसएल का खिताब

**कोलकाता।** बिपिन सिंह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करके मुंबई सिटी एफसी को मोहन बागान पर 3-1 से शानदार जीत दिलाकर दूसरी बार इंडियन सुपर लीग फुटबॉल खिताब उसकी झोली में डाला। साल्ट लेक स्टेडियम पर 62007 दर्शकों के सामने मेजबान टीम ने जैसन कमिंग्स (44वां मिनट) के गोल के दम पर बढ़त बना ली। मुंबई के लिए जार्ज पेरेरा डियाज (53वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। बिपिन ने 81वें मिनट में मैदान पर उतारे जाने के बाद 90वें मिनट में गोल करके मुंबई को बढ़त दिला दी। अतिरिक्त समय में याकूब वोटुस ने एक और गोल करके बागान की हार पर मुहर लगा दी। इसके साथ ही आईएसएल कप बरकरार रखने और लीग विनर्स शील्ड तथा खिताब एक साथ जीतने का बागान का सपना टूट गया। मुंबई सिटी ने 2020-21 में आईएसएल खिताब जीता था।

## खेल डायरी

### ब्रिटेन दौरे पर विभिन्न टीम से भिड़ेगी तमिलनाडु की युवा टीम

**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा खिलाड़ियों की टीम ब्रिटेन दौरे के दौरान विभिन्न टीमों के खिलाफ सीमित ओवरों के मैच के अलावा कई दिन चलने वाले मुकाबले भी खेलेगी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने शनिवार को टीम के श्रृंखला के लिए रवाना होने की घोषणा की। टीएनसीए ने कहा कि यह दौरा आधिकारिक रूप से सोमवार से शुरू होगा। टीम के कोच पूर्व भारतीय गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी हैं जबकि एक अन्य पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोबिन सिंह सलाहकार और तनवीर जब्बार बल्लेबाजी कोच हैं। राज्य के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन और प्रदोष रंजन पॉल टीम के मशहूर चेहरे हैं। इस दौरे पर नाटिंघम, मैनचेस्टर और लंदन में सात वनडे और चार कई दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

### यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे।

### हरिद्वार की मनीषा ने बनाई भारतीय हॉकी टीम में जगह

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार से वंदना कटारिया के बाद श्यामपुर की मनीषा चौहान ने भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाई है। टीम में घोषणा के बाद मनीषा चौहान के परिवार को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मनीषा चौहान के पिता सेना से रिटायर हैं और मनीषा चौहान ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया था जिसके बाद मनीषा चौहान को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई। जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम एफ आई एच प्रो लीग खेलने बेल्जियम और इंग्लैंड जाएगी। मनीषा का जन्म सन 1999 में हरिद्वार के श्यामपुर में हुआ।

### ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए ज्योति और शैली करेंगी मशक्कत

**नई दिल्ली।** भारतीय बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी और लॉन्ग जंपर शैली सिंह पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए यूरोप में कई प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ज्योति मई से जून के बीच पूरे यूरोप में छह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी, जबकि लॉन्ग जंप खिलाड़ी शैली चार यूरोपीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। उनके प्रस्तावों को भारतीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने मंजूरी दे दी।

# डुप्लेसी-विराट के तूफान से गुजरात चारों खाने चित

## फाफ ने 64 और कोहली ने खेली 42 रनों की तूफानी पारी, 4 विकेट से जीती बेंगलुरु



बेंगलुरु, एजेंसी

घातक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण के बाद विराट कोहली (42) और कप्तान फ़ाफ़ डुप्लेसी (64) के बीच 92 रनों की तूफानी साझीदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को चार विकेट से धो दिया।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस ने पहले खेलते हुये 19.3 ओवर में 144 रन बनाए जिसके जवाब में आरसीबी ने विजय लक्ष्य 13.4 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। मोहम्मद सिराज, यश दयाल और विजय कुमार वैशाख ने घातक गेंदबाजी से गुजरात को सस्ते में समेट कर अपनी टीम की जीत की उम्मीद पहले ही जगा दी थी जबकि विराट और डुप्लेसी ने रनों की बरसात कर इस उम्मीद को हकीकत में तूफानी अंदाज से बदल कर रख दिया।

दोनो बल्लेबाजों ने पहले पॉवर प्ले में बेहद आक्रामक अंदाज से रन बटोरे और देखते ही देखते स्कोरबोर्ड पर 5.5 ओवर में 92 रन चमकने लगे थे और मैदान पर बैठे बेंगलुरु के समर्थकों को लगने लगा था कि जीत दस ओवरों के भीतर ही मिल जाएगी मगर नूर मोहम्मद के हाथों डुप्लेसी का विकेट गिरने के बाद दूसरे छोर पर विकेटों का पतझड़ शुरु हो गया और अगले पांच विकेट महज 25 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गए। दिनेश कार्तिक (21 नाबाद) और स्वप्निल सिंह (15 नाबाद) ने गुजरात के गेंदबाजों को कोई भाव नहीं दिया और बेंगलुरु को एक आसान जीत दिला दी।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने छठे ओवर तक 19 के स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाजों को गवां दिया था। इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए (61) जोड़े। शाहरुख ने सर्वाधिक (37), राहुल तेवतिया ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (35) तथा डेविड मिलर ने और दो छक्कों की मदद से (30) रनों की पारी खेली। इसके बाद राशिद खान (18), विजय शंकर (10) मानव सुथर (1) और मोहित शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। बेंगलुरु के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम को 19.3 ओवर में 147 रन पर समेट दिया।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |

### गुजरात 147/10
19.3 ओवर, अतिरिक्त: 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिधिमान साहा का कार्तिक बो सिराज | 1 | 7 | 0/0 |
| शुभमन गिल का विशाक बो सिराज | 2 | 7 | 0/0 |
| साइ सुदर्शन का कोहली बो ग्रीन | 6 | 14 | 0/0 |
| एम शाहरूख खान रन आउट | 37 | 24 | 5/1 |
| डेविड मिलर का मैक्सवेल बो शर्मा | 30 | 20 | 3/2 |
| राहुल तेवतिया का विशाक बो दयाल | 35 | 21 | 5/1 |
| राशिद खान बो दयाल | 18 | 14 | 2/1 |
| विजय शंकर का सिराज बो विशाक | 10 | 7 | 2/0 |
| मानव सुतार का स्वप्निल बो विशाक | 1 | 2 | 0/0 |
| मोहित शर्मा रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| नूर अहमद रन आउट | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी:** स्वप्निल 1-0-1-0, सिराज 4-0-29-2, दयाल 4-0-21-2, ग्रीन 4-0-28-1, विशाक 3.3-0-23-2, शर्मा 3-0-42-1

### बेंगलुरु 152/6
13.4 ओवर, अतिरिक्त: 2

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली कैच साहा बोल्ड नूर | 42 | 27 | 2/4 |
| डुप्लेसी कैच शाहरुख बोल्ड लिटिल | 64 | 23 | 10/3 |
| विल जैक्स कैच शाहरुख बोल्ड नूर | 1 | 3 | 0/0 |
| रजत पाटीदार कैच मिलर बोल्ड लिटिल | 2 | 3 | 0/0 |
| ग्लेन मैक्सवेल कैच मिलर बोल्ड लिटिल | 4 | 3 | 1/0 |
| कैमरन ग्रीन कैच शाहरुख बोल्ड लिटिल | 1 | 2 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 21 | 12 | 3/0 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 15 | 9 | 2/1 |

**गेंदबाजी:** मोहित शर्मा 2-0-32-0, जॉश लिटिल 4-0-45-4, मानव सुथर 2-0-26-0, नूर अहमद 4-0-23-2, राशिद खान 1.4-0-25-0

# इंग्लैंड की महिला टीम चयन के लिए इस्तेमाल कर रही कृत्रिम मेधा : कोच

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड महिला टीम के मुख्य कोच जॉन लुईस ने खुलासा किया कि वे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक मुकाबलों का संबंध है तो उन्हें इस तकनीक ने महत्वपूर्ण फीडबैक मुहैया कराया है और उन्हें एशेज श्रृंखला जीतने में भी मदद की।

लुईस ने कहा कि उन्हें इस तकनीक के बारे में तब पता चला था जब वह मार्च 2023 में भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती चरण में यूपी वारियर्स की कोचिंग कर रहे थे। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार इंग्लैंड रग्बी यूनियन के कोच स्टीव बोर्थविक ने भी कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया था। इंग्लैंड के मुख्य कोच लुईस ने कहा कि एआई प्रणाली से उन्हें पिछले साल महिलाओं की एशेज में दो फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों में से एक का चयन करने का फैसला करने में मदद मिली। हमने इस तकनीक का इस्तेमाल पिछले साल एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था जो काफी सफल रहा। पिछले साल एक खिलाड़ी का चयन करना था, हमने ऑस्ट्रेलियाई टीम की मजबूती देखी और फिर उसी के अनुसार अपनी टीम को मजबूती दी, अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुनी। यह कारगर रहा, हमारे लिए फायदेमंद रहा।

# एथलीटों को प्रतिबंधित दवाओं पर जागरूक कर रहे हैं पूर्व मुक्केबाज अखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज और झज्जर पुलिस में सहायक आयुक्त अखिल कुमार ने झज्जर के जवाहरलाल बाग स्टेडियम में बातचीत में उभरते हुए खिलाड़ियों को सलाह दी कि नशीली दवाओं के खतरे से बचें।

बीजिंग ओलंपिक 2008 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले 43 वर्षीय अखिल ने 2006 में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक था। उन्होंने 100 से ज्यादा खिलाड़ियों से बातचीत की जिसमें मुक्केबाज भी शामिल थे। अखिल ने कहा, बतौर खिलाड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के पैनल के सदस्य होने के नाते मैं इसके खतरे को समझता हूं। मैंने उन्हें सलाह दी कि इससे कैसे दूर रहें। नियमित रूप से होने वाले मेडिकल चेक-अप के दौरान भी उन्हें डॉक्टर को बताना चाहिए कि वे एथलीट हैं ताकि वे उन्हें प्रतिबंधित दवाई नहीं लिखें।

# आई-लीग के चार खिलाड़ी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में

नई दिल्ली, एजेंसी



● फीफा विश्व कप और एएफसी एशियाई कप के लिए संभावित सूची में शामिल

कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण के मैचों के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक द्वारा शनिवार को घोषित 26 सदस्यीय संभावित सूची में आई-लीग के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

मिजोरम के 23 वर्षीय फॉरवर्ड डेविड लालहलानसंगा ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की आई-लीग जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम इससे शीर्ष स्तर की आईएसएल में जगह बनाने में सफल रही। रीयल कश्मीर के डिफेंडर हम्माद और इंटर काशी के मिडफील्डर एडमंड लालरिंडिका के साथ आइजोल के फॉरवर्ड लालरिंजुआला लालबियाकनिया को भी जगह मिली है। एआईएफएफ ने कहा कि मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी की टीमें आईएसएल फाइनल में भिड़ेगी ऐसे में इन दोनों टीमों से राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने वाले संभावितों के नाम की घोषणा दूसरी सूची में होगी। भारत 10 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा। टीम ग्रुप ए के आखिरी दो मैचों में 6 जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद 11 को दोहा में कतर का सामना करेगी।

## एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# भारतीय मुक्केबाजों ने पक्के किए रिकॉर्ड 43 पदक

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी



आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक ने शनिवार को यहां अंडर-22 पुरुष फाइनल में प्रवेश किया जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों में अभूतपूर्व 43 पदक पक्के किये। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलासोव सयात पर 5-0 से जीत हासिल की।

मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने रिव्यू के बाद फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन पर 5-2 से जीत दर्ज की। निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जानयाम्बु गानबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव को 5-2 के समान अंतर से मात दी। लेकिन एम जादूमणि सिंह (51 किग्रा), अजय (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य प्रीति (54 किग्रा) सहित नौ महिला मुक्केबाज सेमीफाइनल खेलेंगी। अंडर-22 फाइनल मंगलवार को खेले जाएंगे।

# टी-20 विश्व कप में इंपैक्ट प्लेयर नहीं होने से रणनीतिक रूप सोचना पड़ेगा : स्टार्क



**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले महीने अमेरिका में टी-20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा।

इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की आजादी होती है। इसे पिछले साल लागू किया गया था। जिसके बाद टीमों आसानी से 200 रन के आस-पास स्कोर कर रही हैं। इस गेंदबाज ने कहा, इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है। इससे टीम के पास आठवें या नौवें क्रम तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी मौजूद रहते है। स्टार्क ने कहा कि टी-20 विश्व कप में ये नियम नहीं होगा ऐसे में इसका असर स्कोर पर दिखेगा।


## बॉलीवुड हलचल

# वेट्टैयन में नजर आयेगी अमिताभ रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी फिल्म वेट्टैयन में नजर आएगी। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म वेट्टैयन लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई जा रह है। फिल्म वेट्टैयन के मेकर्स लाइका प्रोडक्शनस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पहली ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत साथ में पोज करते दिखाई दे रहे हैं, तो दूसरी फोटो में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक-दूसरे से गले मिलते दिख रहे हैं। तीसरी फोटो में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत बातें करते दिखाई दे रहे हैं, साथ ही प्रोडक्शन हाउस ने एक कैप्शन भी लिखा है, द टाइट्नस ऑफ इंडियन सिनेमा सुपरस्टार रजनीकांत और शंहशाह अमिताभ बच्चन मुंबई में वेट्टैयन के सेट पर। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था। इससे पहले दोनों कलाकार फिल्म अंधा कानून (1983) और गिरफ्तार (1985) में स्क्रीन शेयर कर चुके हैं।



# फरवरी में शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 की शूटिंग फरवरी 2025 में शुरू हो सकती है। फरहान अख्तर अपनी सुपरहिट फिल्म डॉन का तीसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म डॉन की फ्रेंचाइजी है। पहली डॉन में शाहरुख के साथ प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं। इसके बाद वर्ष 2011 में प्रदर्शित डॉन के सीक्वल में भी शाहरूख खान और प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी नजर आई। अब डॉन 3 आ रही है, जिसमें रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका है। कहा जा रहा है कि डॉन 3 की शूटिंग अगले साल फरवरी महीने में शुरू होगी। रणवीर सिंह इस फिल्म की शूटिंग से पहले अपनी अपकमिंग फिल्म राक्षस की शूटिंग पूरी करेंगे। फरहान अख्तर डॉन 3 की लोकेशन के सिलसिले में लंदन में हैं।

## जुलाई-अगस्त में अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे शाहरुख

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान जुलाई-अगस्त में अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे। शाहरुख खान ने पिछले साल पठान और जवान और डंकी जैसी कामयाब फिल्मों में काम किया था। शाहरूख खान ने बताया कि वह जुलाई या अगस्त से अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। शाहरुख खान ने कहा मुझे महसूस हुआ कि मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। तीन फिल्में पठान, जवान और डंकी कर चुका हूं, इसमें काफी मेहनत लगती है। ऐसे में मैंने सोचा कि अब मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। मैंने अपनी आइपीएल टीम से भी कहा था कि मैं सभी मैचों में आऊंगा। मेरी शूटिंग अब अगस्त में है या जुलाई में है ऐसे में मैं इन दिनों एकदम फ्री हूं और हर मैच के दौरान मौजूद रह सकता हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# डिजिटल अपराधों की जद में बच्चे: सीजेआई

- चंद्रचूड़ बोले- प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें

काठमांडू, एजेंसी



शनिवार को नेपाल में किशोर न्याय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में चर्चा करते सीजेआई चंद्रचूड़।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तीन दिवसीय नेपाल की यात्रा पर हैं। नेपाली मुख्य न्यायाधीश बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने उन्हें आमंत्रित किया है। नेपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास हो रहा है। इससे नाबालिगों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल अपराधों में भी तेजी आ रही है। इससे निपटने के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना होगा।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, किशोर न्याय पर चर्चा करते वक्त हमें कानूनी विवादों में फंसे बच्चों की कमजोरियों और जरूरतों को समझना होगा। किशोर न्याय की प्रकृति और समाज के आयामों के संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा, 'प्रौद्योगिकी का तेजी से विकास हो रहा है। किशोर हैकिंग, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल उत्पीड़न सहित अन्य साइबर अपराधों में शामिल हो रहे हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा और आसान प्रवेश प्रकृति के कारण युवा अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत और नेपाल के किशोर न्याय प्रणालियों का विश्लेषण करते हुए कहा न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, 'रोकथाम, हस्तक्षेप और पुनर्वास की रणनीतियों से हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जो अधिक समावेशी हो। इसमें हम प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा, ' निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को आकार देने में किशोर न्याय महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है।

## पाकिस्तानी हिंदुओं ने हरिद्वार के शदाणी दरबार में टेका मत्था

**हरिद्वार।** आस्था और धर्म किसी सरहदों को नहीं बांटता और इसका उदाहरण है हरिद्वार में आए पाकिस्तानी हिंदुओं का जत्था जिनके लिए हरिद्वार आज भी विशेष महत्व रखता है।

इस लिए हर वर्ष पाकिस्तानी हिन्दुओ के कई जत्थों ने पहुंचकर शदाणी दरबार मे अपनी अरदास पूरी कर मत्था टेकते हैं। इस बार भी 223 से ज्यादा पाकिस्तानी हिन्दू पहुंचे हैं। हरिद्वार पहुंचते ही इन लोगो की खुशी देखते ही बनती है। धर्म नगरी हरिद्वार पहुंचने से पहले अयोध्या पहुंचकर भगवान श्रीराम के दर्शन किए और वहां पर दोनों देशों में अमन चैन बना रहे इसकी प्रार्थना की वहीं धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचने पर हरिद्वार के स्थानीय लोगों ने इनको माला पहनकर सभी का स्वागत भी किया।

# 35 हजार करोड़ का मसाला निर्यात गुणवत्ता मापने के लिए सिर्फ 9 लैब

*अमेरिका, हांगकांग और सिंगापुर समेत कम से कम पांच देशों ने भारतीय मसालों की जांच कराने की घोषणा की है। शिकायत है कि मसालों में जहरीले केमिकल एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा स्वीकृत सीमा से ज्यादा है। एथिलीन ऑक्साइड को मसालों में फूड स्टेबलाइजर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।*

### गुणवत्ता की चिंता जरूरी

भारत ने पिछले साल लगभग 35 हजार करोड़ रु. के मसालों का निर्यात किया। इसकी देश के कृषि निर्यात में लगभग 10% हिस्सेदारी है। कारोबार बनाए रखने के लिए गुणवत्ता बेहद जरूरी है। लेकिन, मसालों की गुणवत्ता मापने के लिए देशभर में सिर्फ 9 लैब है।

**2022-23 में 32 हजार करोड़ के मसाले हुए निर्यात :** वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने करीब 32,000 करोड़ रुपए के मसालों का एक्सपोर्ट किया। मिर्च, जीरा, हल्दी, करी पाउडर और इलायची एक्सपोर्ट किए जाने वाले प्रमुख मसाले हैं।



### कीटनाशक है एथिलीन ऑक्साइड, इससे कैंसर का खतरा

स्पाइस बोर्ड एथिलीन ऑक्साइड को 10 .7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगहीन गैस के रूप में परिभाषित करता है। यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है। यानी यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि यह मनुष्यों में कैंसर का कारण बन सकता है।

### शुरू किया परीक्षण

स्पाइस बोर्ड ऑफ इंडिया ने निर्यात किए जाने वाले उत्पादों का अनिवार्य परीक्षण शुरू कर दिया है। उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड के सही इस्तेमाल के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। एथिलीन ऑक्साइड के अलावा वैकल्पिक तरीके खोजने के लिए भी मानदंड निर्धारित किए गए।

### वापस करने का मुख्य कारण साल्मोनेला

अमेरिका के एफडीए की रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 30 उत्पाद साल्मोनेला, एक जहरीले व हानिकारक पदार्थ के कारण अस्वीकार किए गए। कम से कम 11 उत्पादों को गलत ब्रांडिंग, छेड़छाड़, आर्टिफिशियल कलर या गलत लेबलिंग के कारण अस्वीकार किया गया।

### भारत से कौन खरीदता है सबसे ज्यादा मसाले

(आंकड़े करोड़ रुपये में)

| | |
|---|---|
| चीन | 6,391.64 |
| अमेरिका | 4,467 .39 |
| बांग्लादेश | 2,076 .64 |
| यूएई | 1,945 .98 |
| थाईलैंड | 1,498 .08 |
| मलेशिया | 1,205 .60 |
| इंडोनेशिया | 1,199 .12 |
| ब्रिटेन | 932 .65 |
| श्रीलंका | 868 .50 |
| सऊदी अरब | 747 .89 |

## एक नजर

### अमेरिका: फिलिस्तीन समर्थित प्रदर्शन में दिखे कश्मीरी झंडे

**वाशिंगटन।** फिलिस्तीन के समर्थन में इन दिनों अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे ही प्रदर्शन के दौरान न्यूजर्सी स्थित रटगर्स विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों ने फिलिस्तीन और कुर्द झंडों के साथ ही कश्मीर के अलगाववादी झंडे भी लहराए। इस पर भारतीय अमेरिकी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की है। भारतीय अमेरिकी समूहों ने रटगर्स विश्वविद्यालय के चांसलर द्वारा कश्मीरी झंडे लहराने की अनुमति देने की आलोचना की और कहा कि इससे गलत संदेश जाएगा। विवि में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे समूह ने बताया कि रटगर्स विवि प्रशासन ने उनकी 10 में से आठ मांगें मान ली हैं।

### करीना कपूर खान को यूनिसेफ का राष्ट्रीय दूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** यूनिसेफ (भारत) ने शनिवार को बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान को अपना नया राष्ट्रीय दूत नियुक्ति किया है। वह वर्ष 2014 से संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की भारत इकाई से जुड़ीं हुई थीं। करीना प्रत्येक बच्चे के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और लैंगिक समानता के अधिकार को आगे बढ़ाने में गैर-लाभकारी संगठन का समर्थन करेंगी। करीना ने कहा, इस दुनिया की भावी पीढ़ी के अधिकारों जितनी महत्वपूर्ण कोई अन्य चीज नहीं है। अब भारत के राष्ट्रीय दूत के रूप में यूनिसेफ के साथ अपना जुड़ाव जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है।

### मध्य प्रदेश के दतिया में बस पलटने से 28 पुलिसकर्मी घायल

**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में शनिवार को पुलिसकर्मियों को ले जा रही एक बस के पलट गई, जिसमें सवार 28 पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस की 29वीं बटालियन के जवान भांडेर में मुख्यमंत्री मोहन यादव की चुनावी रैली से लौट रहे थे, रास्ते एक टैक्सी को बचान के चक्कर में बस पलट गई। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि घायल जवानों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### म्यांमार में स्कूल परिसर पर हमला, 2 की मौत, 15 घायल

**यांगून।** पश्चिमी म्यांमार के रखाइन राज्य में शनिवार को हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। परिषद की सूचना टीम के अनुसार, अराकान सेना (एए) ने बुथिदौंग टाउनशिप के हाई स्कूल परिसर में भीषण हमला किया। रिपोर्ट के अनुसार, हताहतों में आंतरिक रूप से विस्थापित लोग शामिल हैं, जिन्होंने स्कूल परिसर में शरण ली थी, स्थानीय निवासी भी शामिल हैं। घायलों में एक से पांच साल की उम्र के चार बच्चे शामिल हैं। बचाव संगठनों ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी सैन्य अस्पताल भर्ती कराया है। रिपोर्ट के अनुसार, हताहतों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।

# भारत की पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा : कंबोज

## यूएन में स्थायी प्रतिनिधि बोलीं-31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख महिलाएं

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज, राजस्थान की नीरू यादव, आंध्र प्रदेश से कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा की सुप्रिया दास दत्ता मौजूद रहीं।

संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा है। कंबोज ने कहा कि भारत में ग्रामीण इलाकों में प्रशासन के लिए बनी पंचायती राज व्यवस्था पर भारत गर्व कर सकता है और इससे जमीनी स्तर पर सत्ता का विकेंद्रीकरण हुआ है। साथ ही उन्होंने भारत में लैंगिक समानता की दिशा में किए जा रहे कामों बारे में बताया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन, जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र में बोलते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। कंबोज ने कहा कि पंचायती राज सीधे लोकतंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें एक ग्राम सभा की पंचायत में सभी निवासियों की भागीदारी होती है। इससे सत्ता का विकेंद्रीकरण होता है।

कार्यक्रम में राजस्थान से पंचायत महिला नेता नीरू यादव, आंध्र प्रदेश से कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा से सुप्रिया दास दत्ता ने महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और जलवायु परिवर्तन की दिशा में अपने प्रयासों पर प्रकाश डाला और अपने अनुभव साझा किए। कंबोज ने कहा, दुनिया में पाए जाने वाले पारंपरिक नगरपालिका प्रशासन मॉडल से अलग है और पंचायती राज व्यवस्था से समावेशी निर्णय लेने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है। भारत की लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता को बताते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि 1992 में संविधान संशोधन के साथ एक अहम मील का पत्थर हासिल किया गया, जिसके तहत स्थानीय शासन में कम से कम एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं। जमीनी स्तर पर फैसले लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम था। कंबोज ने बताया कि आज भारत में निर्वाचित कुल 31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख से अधिक महिलाएं हैं। यह व्यापक सामाजिक बदलाव को दर्शाता है। कंबोज ने स्वीकार किया कि नेतृत्व में महिलाओं के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं, मजबूत क्षमता निर्माण और सहयोग देने की जरूरत है।

# चुनाव देखने भारत आए 23 देशों के पर्यवेक्षक

नई दिल्ली, एजेंसी

### इन देशों से आए प्रतिनिधि

चुनाव आयोग ने बताया कि भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया जैसे 23 देशों के विभिन्न ईएमबी और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं।

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि दुनियाभर के 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से जुड़े 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं।

यह लोग चुनाव प्रणाली की बारीकियों को जानेंगे। आयोग का कहना है कि ये प्रतिनिधि एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें अन्य देशों से आए लोगों को भारत की चुनाव प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जाता है। आयोग ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जारी रख रहा है। ईसीआई ने कहा कि यह कार्यक्रम 4 मई से शुरू हो रहा है, जिसका उद्देश्य विदेशी ईएमबी को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 मई को प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

# अच्छे-बुरे आतंकवाद में नहीं हो सकता अंतर

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीबीआई निदेशक बोले वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंथ बड़ी चुनौती

भारत ने कहा है कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। साथ ही इस बात पर जोर दिया है कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद में अंतर नहीं किया जा सकता है।

फ्रांस के ल्योन में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो के प्रमुखों के हाल ही में संपन्न 19वें इंटरपोल सम्मेलन में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने सम्मेलन में संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच साठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों का जिक्र किया। सूद ने कहा, ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता। सीबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, इंटरपोल सम्मेलन में 136 देशों के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो ने भाग लिया। प्रत्येक देश में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है।

## शांति की मांग



नई दिल्ली : कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हुई जातीय हिंसा को लेकर मणिपुर की यूएनएयू आदिवासी महिलाओं व लोगों ने नई दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि, भारत के पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाल की जाए। • एजेंसी

# कनाडा की राजनीति को प्रभावित कर रहा भारत

- कनाडा की सरकारी जांच रिपोर्ट को भारत ने आधारहीन बताकर किया खारिज

ओटावा, एजेंसी

कनाडा में मौजूद विदेशी एजेंट सहित भारतीय अधिकारी ऐसी कई गतिविधियों में शामिल हैं जिनका मकसद देश में खालिस्तानी अलगावादियों को लेकर चिंताओं पर नई दिल्ली के हितों की पूर्ति के लिए कनाडाई समुदाय और राजनीतिक नेताओं को प्रभावित करना है।

यह निष्कर्ष कनाडा की एक सरकारी जांच में सामने आया है। भारत ने इस रिपोर्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे आधारहीन बताकर खारिज कर दिया है। कमिश्नर मैरी-जोसी हग के नेतृत्व में हुई जांच की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिनसे पता चलता है कि 2019 और 2021 में हुए संघीय चुनावों को प्रभावित करने की भारत ने कोशिश की, लेकिन चुनाव परिणाम बताते हैं कि मतदाताओं पर उन कोशिशों का विशेष असर नहीं हुआ। भारत ने हस्तक्षेप को लेकर आरोप का खंडन किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि कनाडा इस तरह के आधारहीन आरोप लगाकर भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप वाली अपनी हरकतों पर पर्दा डालना चाहता है। किसी अन्य देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी तरह का हस्तक्षेप न करने की भारत की नीति सुस्पष्ट है। शुक्रवार को सार्वजनिक हुई जांच रिपोर्ट में भारत के बारे में कहा गया है कि भारतीय अधिकारी, खासतौर पर प्रवासी भारतीय ऐसी गतिविधियों में लगातार संलग्न रहते हैं जिनसे कनाडा के मूल निवासी और राजनीतिक लोग उनसे प्रभावित हों।

### कनाडा में घटनाओं की वजह आंतरिक राजनीतिः जयशंकर

**भुवनेश्वर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी



हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर कनाडा में जो कुछ भी हो रहा है वह ज्यादातर वहां की आंतरिक राजनीति के कारण है और इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है। जयशंकर ने बोले- वैश्विक स्तर पर भारत की छवि पहले की तुलना में बेहतर है और कनाडा एक अपवाद है। उन्होंने कहा कि खालिस्तान समर्थकों का एक वर्ग कनाडा के लोकतंत्र का इस्तेमाल कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा हमने उनसे कई बार कहा कि ऐसे लोगों को वीजा न नहीं दें जिससे दोनों देशों के संबंधों में तनाव आए, लेकिन कनाडा ने कुछ नहीं किया।

## पाकिस्तानी मूल के सादिक तीसरी बार बने लंदन के महापौर

**लंदन।** पाकिस्तानी मूल के लेबर पार्टी के उम्मीदवार सादिक खान तीसरी बार लंदन के महापौर पद के लिए चुन लिए गए हैं। चुनावों के अंतिम परिणाम शनिवार को जारी किए गए। 53 साल के सादिक खान अपने निकटतम कंजर्वेटिव पार्टी के प्रतिद्वंद्वी सुसान हॉल से लगातार बढ़त बनाए हुए थे।

स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी ने दर्जनों अंग्रेजी परिषदों में जीत हासिल की है। इससे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को झटका लगा है। सादिक ने नतीजों के बाद दिए एक भाषण में कहा, कुछ महीने मुश्किल भरे रहे हैं। हमें लगातार नकारात्मक चुनावी अभियान का सामना करना पड़ा। उन्होंने कंजर्वेटिव उम्मीदवार सुसान को हराकर 43.8 फीसदी वोट हासिल किए।

# सत्ता से बातचीत के लिए तैयार लेकिन सौदे के लिए नहीं : इमरान

- पूर्व पीएम की जनादेश चुराने वाले लोगों को दो टूक

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं। इस बीच, उन्होंने कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन उनका जनादेश चुराने वाले लोगों के साथ वे सौदा नहीं करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अदियाला जेल में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बातचीत केवल विरोधियों के साथ ही की जाती है। इसलिए बात उनके साथ ही होनी चाहिए, जो पीटीआई के सबसे बड़े विरोधी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने कहा कि वे 18 महीने से कह रहे हैं कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। खान ने साफ किया कि उनकी पार्टी तीन पक्षों को छोड़कर सभी के साथ बातचीत करेगी। पूर्व पीएम नवाज शरीफ का नाम लिए बिना उन्होंने कहा,'सौदा वे करते हैं, जो देश छोड़ना चाहते हैं या जेल से बचना चाहते हैं।' खान ने कहा कि मैंने तीन लोगों को बातचीत के लिए नामित किया है। नामित लोगों में खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब और सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज हैं। बता दें, खान तोशाखाना मामले में अदियाला जेल में बंद हैं।

## ताइवान की सीमा में घुसे चीनी सैन्य विमान, बढ़ाई सुरक्षा

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने शनिवार को कहा कि नौ चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देश के चारों ओर घूमते हुए पाया गया।


ताइवान के एमएनडी बयान के अनुसार, चीनी कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने स्थिति की निगरानी की और लड़ाकू गश्ती विमान, नौसैनिक जहाजों और तटीय मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया।

एक्स पर किए गए पोस्ट में ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, ताइवान के आसपास सक्रिय 9-पीएलए विमान और 5 जहाजों का पता चला। ताइवान की सेना ने स्थिति की निगरानी की है और आवश्यकता के अनुसार प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले गुरुवार और शुक्रवार को देश के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देखा गया था।

**अविष्कार** आईसीआरएनेट द्वारा आयोजित कार्यशाला में हुआ खुलासा, नवीन तकनीक से बरसों की खोज महीनों में होगी पूरी

# अब होगी खगोल विज्ञान के नए युग की शुरुआत

नैनीताल कार्यालय



नई तकनीक के जरिये क्वेज़ार की तस्वीर।

**अमृत विचार :** खोज की दुनिया में अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए खगोल विज्ञान नए युग की शुरुआत करने जा रहा है। नवीन तकनीक से खगोलविद सालों की खोज महीनों में पूरी कर सकेंगे।

अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) द्वारा आयोजित खगोल वैज्ञानिको की कार्यशाला में यह तथ्य उभरकर सामने आया। ब्रह्मांड को समझ पाना कतई आसान नही है। आधुनिक खगोल विज्ञान की शुरुआत करीब 4 सौ साल पहले हुई। तब से अभी तक दर्जनों प्रकार की दूरबीनें ईजाद की जा चुकी हैं, जो जमीन से लेकर आसमान तक लाखों किमी दूर स्थापित की गई हैं। इन दूरबीनों से वैज्ञानिक सुदूर अंतरिक्ष में देख पाने की क्षमता हासिल कर चुके हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि डेटा प्रोसेसिंग के उपकरणों को ईजाद करने में पिछले कुछ वर्षों में बड़ी कामयाबी हासिल की है। खोज की दिशा में डेटा प्रोसेसिंग महत्वपूर्ण कार्य है। नवीन तकनीक में मशीन लर्निंग अत्याधुनिक तकनीक है। इसके जरिए जमीन-आधारित और अंतरिक्ष-आधारित दूरबीनों के निर्माण और नियंत्रण से लेकर संपूर्ण खगोलीय अनुसंधान प्रक्रिया की एकीकृत किया गया है। जिसमें प्रकाशिकी प्रणालियों के प्रदर्शन को अनुकूलित करना, उपग्रहों की विशिष्ट क्रियाओं (ट्रिगर) की शुरुआत में सुधार करना, डेटा विश्लेषण, शोर में कमी, डेटा प्रतिरूपण, वर्गीकरण, सिमुलेशन, सैद्धांतिक मॉडल की स्थापना और सत्यापन शामिल है।

नई तकनीक गुरुत्वाकर्षण का परीक्षण, न्यूट्रॉन की स्थिति व तारों की सटीक जानकारी हासिल की जा सकती है। इसी क्रम मे जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर (जीपीटी) मॉडल का प्रयोग बेहद उपयोगी साबित हुआ है, जो बाहरी ग्रहों की खोज व उनकी विस्तृत जानकारी देता है। इस कॉन्फ्रेंस में दुनियाभर के अनेक वैज्ञानिक संगठन शामिल हुए। जिसमें ये बात निकलकर सामने आई कि नई तकनीकों से खोज की दिशा बेहद आसान होगी और एक नए युग की शुरुआत होगी।

### दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक हुए शामिल

कॉन्फ्रेंस में अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) के अलावा इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स (आईसीआरए), नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ), विज्ञान विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय संघ, चीनी विज्ञान अकादमी उच्च ऊर्जा भौतिकी संस्थान (सीएएस-आईएचईपी), पडोवा विश्वविद्यालय, इस्फ़हान प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और फेरेरा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक शामिल हुए। इस मौके पर नई तकनीक पर आधारित शोधपत्र क्या एआई हमारे ब्रह्मांड को समझ सकता है? एस्ट्रोफिजिकल डेटा द्वारा फाइन-ट्यूनिंग जीपीटी का परीक्षण प्रस्तुत किया गया।